सूर्योदय : 6:15
सूर्यास्त : 5:23
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 21.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-139 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 10 नवम्बर 2024
07 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# पिछड़े वर्ग का आरक्षण काटकर मुसलमानों को देना चाहती है कांग्रेस : अमित शाह

- **झारखंड के गरीबों का पैसा खा गए कांग्रेसी**
- **कांग्रेस ओबीसी विरोधी पार्टी है : गृहमंत्री**



**रांची।** झारखंड के छतरपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछड़ा वर्ग, दलित और आदिवासी का आरक्षण काटकर मुसलमानों को देना चाहती है। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि देश में जब तक भाजपा है, तब तक अल्पसंख्यकों को आरक्षण नहीं मिलेगा।

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण और संविधान की बात करती है। मगर संविधान में कहीं पर भी धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं है। महाराष्ट्र में उलेमाओं के समूहों ने कांग्रेस को ज्ञापन दिया कि 10 फीसदी आरक्षण दिया जाए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम मदद करेंगे। अगर मुसलमानों को 10 फीसदी आरक्षण मिला तो कम किसका होगा? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ओबीसी विरोधी पार्टी है। जब-जब कांग्रेस शासन में आई पिछड़ों के साथ अन्याय किया। 1950 में काका कालेलकर कमीशन बना, जिसकी रिपोर्ट कांग्रेस सरकारों ने रद्द कर दी। पिछड़ों को आरक्षण देने के लिए मंडल कमीशन बना। इंदिरा और राजीव गांधी ने मंडल कमीशन का विरोध किया और केंद्रीय संस्थानों में पिछड़ों को आरक्षण देने में कांग्रेस ने सालों लगा दिए। कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की सरकार सबसे भ्रष्ट है। कांग्रेस के सांसद के घर से 300 करोड़ से ज्यादा रुपये पकड़े गए। जिसे गिनने के लिए आई मशीनें तक थक गईं। यह रुपया आपका है। झारखंड के युवाओं व गरीबों का है, जिसे कांग्रेसी खा गए। 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी तो केंद्र की सभी नौकरियों व परीक्षाओं में पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। पिछड़ा वर्ग कमीशन को सांवधानिक दर्जा देने का काम किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी हाथ में संविधान पकड़कर लहराते हैं, दो दिन पहले उनकी पोल खुल गई।

## मुख्यमंत्री योगी ने 'गोमती पुस्तक महोत्सव' के तृतीय संस्करण का किया उद्घाटन

# टेक्नोलॉजी के दास न बनें: योगी

- **मुख्यमंत्री ने बच्चों से एक-एक पुस्तक खरीदने का किया अनुरोध**
- **नेशनल बुक ट्रस्ट के पहल की सराहना की**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोमती रिवर फ्रंट पार्क में आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव का उद्घाटन किया। यह महोत्सव नेशनल बुक ट्रस्ट और लखनऊ विकास प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जा रहा है, जो 9 से 17 नवंबर तक चलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर बच्चों से पाठ्यक्रम के साथ-साथ रचनात्मक और ज्ञानवर्धक पुस्तकों को पढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि सिर्फ पाठ्यक्रम की किताबों तक सीमित न रहें, बल्कि अच्छी किताबें पढ़ें और उनसे अच्छी बातें सीखें। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों से मेले में एक-एक पुस्तक खरीदने का अनुरोध किया, ताकि उनमें पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित हो सके। मुख्यमंत्री ने डिजिटल युग के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के युवा अपने 24 घंटों में से लगभग 6 घंटे स्मार्टफोन या अन्य डिजिटल डिवाइस पर व्यतीत कर रहे हैं। अगर इस समय का उपयोग किसी सार्थक कार्य में किया जाए, तो यह समाज और युवा दोनों के लिए लाभकारी हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमें तकनीक का उपयोग करना चाहिए, न कि उसके गुलाम बनना चाहिए। मुख्यमंत्री ने भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि भारत की श्रुति परंपरा का महत्व बहुत गहरा है। नैमिषारण्य जैसे पवित्र स्थानों पर ऋषियों ने ज्ञान को लिपिबद्ध किया, जिससे यह एक तीर्थस्थल बन गया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सुनना, मनन करना और उसे आचरण में उतारना एक परंपरा रही है।

# दलित-आदिवासी एकता के कारण समर्थन आधार खो रही कांग्रेस : मोदी

**नांदेड़ में गरजे पीएम**

- **पूरे महाराष्ट्र में भाजपा और महायुति के समर्थन में लहर**
- **विकसित महाराष्ट्र के लिए महायुति सरकार चाहिए : प्रधानमंत्री**



**नांदेड़।** महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री ने शनिवार को नांदेड़ में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा, आज पूरे महाराष्ट्र में महायुति और भाजपा के पक्ष में लहर है। आज देश विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है और देश की जनता जानती है कि भाजपा और उसके सहयोगी दल इसके लिए गंभीरता से काम कर रहे हैं। यही वजह है कि जनता बार-बार भाजपा और राजग (एनडीए) सरकार को चुन रही है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, आज मैं डबल ड्यूटी कर रहा है। सबसे पहले मैं मोदी के लिए मदद मांग रहा हूं और दूसरा महाराष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए। हरियाणा चुनाव में भाजपा को इतिहास में सबसे ज्यादा वोट मिले। अब महाराष्ट्र की जनता भी इतिहास दोहराने जा रही है। उन्होंने कहा, पिछले दो दिनों में मैं महाराष्ट्र में जहां भी गया, सभी के मन में यही बात थी कि लोकसभा में जो कमी थी, इस बार विधानसभा में उसे मजबूती से पूरा करना है। लोग कह रहे हैं कि विकसित महाराष्ट्र के लिए महायुति सरकार चाहिए। महाराष्ट्र ने लंबे समय तक कांग्रेस और उसके पापों का प्रकोप झेला है। मोदी ने आगे कहा, दलितों और आदिवासियों की एकता के कारण कांग्रेस पिछले कुछ वर्षों से अपना समर्थन आधार खोती जा रही है। कांग्रेस के लोग भारत का संविधान शीर्षक वाली एक लाल किताब दिखा रहे हैं, जिसके अंदर खाली पन्ने हैं। यह बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति कांग्रेस की उपेक्षा और नफरत का प्रमाण है। कश्मीर में अनुच्छेद 370 को बहाल करने की विपक्षी पार्टी की मांग का जिक्र करते हुए मोदी ने पूछा, कांग्रेस के लोगों को अनुच्छेद 370 से इतना प्यार क्यों है? कांग्रेस के इस मूर्खतापूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण सियासी खेल से पूरा देश सदमे में है। आज महाराष्ट्र में भाजपा और महायुति के समर्थन में लहर है। आज हर किसी की जुबान पर एक ही नारा है- भाजपा-महायुति आहे, तार गति आहे। महाराष्ट्राची प्रगति आहे (केवल भाजपा-महायुति ही महाराष्ट्र की तेज प्रगति सुनिश्चित करेगी)।

# क्वेटा रेलवे स्टेशन पर सुसाइड अटैक, 25 लोगों की मौत

- **बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली जिम्मेदारी**
- **ट्रेन का इंतजार कर रहे थे लोग**
- **अचानक हुआ जोरदार धमाका और मची भगदड़**



**क्वेटा।** पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार को हुए आत्मघाती विस्फोट में मतृकों की संख्या 25 तक पहुंच गई है और अन्य 46 घायल हो गए। क्वेटा के मुख्य रेलवे स्टेशन पर हुई विस्फोट की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसका फुटेज इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि प्लेटफॉर्म पर सैकड़ों लोग ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं, तभी जोरदार विस्फोट होता है और भगदड़ मच जाती है। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकवादी समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद के अनुसार बचाव एवं कानून प्रवर्तन टीम ने तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया तथा घायलों को क्वेटा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में आपात स्थिति घोषित कर दी गई है और घायलों के उपचार के लिए अतिरिक्त चिकित्साकर्मियों को बुलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 46 घायलों को अस्पताल भेजा जा चुका है।

## सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक ढेर



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर स्थित राजपुरा के ऊपरी इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। सेना ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। फिलहाल दोनों ओर से फायरिंग हो रही है। अभी आतंकी की संख्या को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। मुठभेड़ में सेना को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। अभी इसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। फिलहाल ऑपरेशन जारी है। इससे पहले सोपोर के सागीपोरा इलाके में शुक्रवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए थे।

# दिल्ली में 10 हजार बस मार्शलों को जल्द किया जाएगा रेगुलर : आतिशी

- **बस मार्शलों और वॉलंटियर्स की फिर से तैनाती**
- **डीएम ऑफिस में होगा रेजिस्ट्रेशन**




**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शनिवार को प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में बस मार्शलों की तैनाती पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बस मार्शलों की तैनात से लेकर रेगुलेर करने को लेकर बड़ा बयान दिया है।

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि मैं बस मार्शलों को आश्वस्त करती हूं कि आने वाले कुछ दिनों में ही बस मार्शलों की स्थायी नियुक्ति का प्रस्ताव एलजी के पास भेजेंगे। जब तक इन्हें स्थायी नियुक्ति नहीं मिल जाती तब तक फरवरी के महीने तक बस मार्शलों को प्रदूषण के खिलाफ मुहीम में जोड़ा जा रहा है। सोमवार से बस मार्शलों का कॉल आउट नोटिस जारी किया जायेगा। मुख्यमंत्री आतिशी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में 10 हजार बस मार्शलों और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को तैनात किया जाएगा।

दिल्ली सरकार ने इनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है और सोमवार से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। आगे कहा कि मंगलवार से ये अपना रेजिस्ट्रेशन डीएम ऑफिस में कर सकते हैं। 2018 में केजरीवाल की सरकार ने डीटीसी बसों में मार्शलों की नियुक्ति की ताकि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ ना हो और बच्चे और बुजुर्ग भी सुरक्षित सफर कर सकें। लेकिन भाजपा ने अप्रैल 2023 में षड्यंत्र करके 10 हजार बस मार्शलों की तनख्वाह रोक ली और फिर अक्टूबर 2023 में उन्हें नौकरी से निकाल दिया।

## बेहद खास होगी देव दीपावली, गर्भगृह से गंगाद्वार तक जलेंगे सवा लाख दीप



**वाराणसी।** काशी के लक्खा मेले में शुमार हो चुकी देव दीपावली इस बार बेहद खास होगी। बाबा विश्वनाथ के धाम को भव्य तरीके से सजाने की तैयारियां चल रही हैं। बाबा के गर्भगृह से लेकर गंगा द्वार तक लगभग सवा लाख दीप मालिकाएं रोशन होंगी। मंदिर और श्रद्धालुओं के सहयोग से देव दीपावली का यह उत्सव भव्य तरीके से मनाया जाएगा। बाबा के धाम को रंग-बिरंगे फूलों के साथ ही रंग-बिरंगी झालरों से भी सजाया जाएगा। इसके साथ ही लेजर शो और आतिशबाजी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के एसडीएम शंभू शरण ने बताया कि देव दीपावली पर धाम की भव्य सजावट होगी। इसके साथ ही धार्मिक आयोजन भी होंगे। 15 नवंबर को देवदीपावली के लिए सनातन परंपरा के अनुसार ही धाम में तैयारियां चल रही हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम को फूलों से सजाने की योजना बनाई गई है। संपूर्ण धाम में विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे फूलों से आकर्षक सजावट की जाएगी। फूलों के अलावा दीपों की सजावट भी की जाएगी। विशेष रूप से दीपोत्सव की तैयारियां की गई हैं। मंदिर क्षेत्र को दीपों से सजाया जाएगा। बाबा के भक्तों से अनुरोध किया गया है कि वह धाम में आएं और देवों की दीपावली में अपनी सहभागिता निभाएं। संपूर्ण धाम को दीपों की आभा से रोशन किया जाएगा। इस वर्ष देव दीपावली के अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ धाम स्थित ललिता घाट पर सायंकाल एक विशेष आतिशबाजी और लेजर शो का आयोजन होगा।

**चुनाव प्रचार** | **टाटा नगर में मोदी सरकार पर बरसे राहुल गांधी**

# हम नफरत को मोहब्बत से हराकर दिखाएंगे

- **जातिगत जनगणना नहीं रोक सकती सरकार**
- **झारखंड की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देगी कांग्रेस सरकार**



> राहुल गांधी ने घोषणा पत्र के वादे भी दोहराए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को हर महीने 7 किलो राशन मिलेगा। गैस सिलेंडर की कीमत 450 रुपये होगी। बकौल राहुल गांधी, झारखंड में जो भी बीमार पड़ेगा, उसके लिए हम नई स्वास्थ्य बीमा योजना ला रहे हैं... अगर आपको कोई ऑपरेशन करवाना है... तो सबसे गरीब व्यक्ति भी अस्पताल जा सकेगा। हमारी सरकार बनने पर झारखंड सरकार पात्र लोगों को 15 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज भी कराएगी।

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर में कांग्रेस की चुनावी रैली को संबोधित करने पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से तीखे सवाल पूछे। उन्होंने जनसभा में मौजूद लोगों से पूछा, पीएम मोदी ने आपके बच्चों का कितना कर्ज माफ किया? कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने खुद इसका जवाब भी दिया।

उन्होंने कहा, सरकार ने एक भी रुपया माफ नहीं किया। उन्होंने अरबपति कारोबारियों- अडानी और अंबानी का नाम लेकर कहा कि सरकार ने इन जैसे 25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया। जमशेदपुर की जनसभा में राहुल ने भाजपा पर नफरत फैलाने के आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा, नफरत को नफरत से नहीं मिटाया जा सकता है। नफरत को सिर्फ मोहब्बत से मिटाया जा सकता है। हम नफरत को मोहब्बत से हराकर दिखाएंगे। उन्होंने मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया और कहा कांग्रेस नीत विपक्षी गठबंधन-इंडिया ने तय किया है कि जितना पैसा इन लोगों ने अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम आपके बैंक खाते में डालेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद, इंडिया ब्लॉक की सरकार झारखंड की महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने 2500 रुपये डालेगी। उन्होंने अपने लोकप्रिय अंदाज में कहा, 1 जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर को आपके बैंक खाते में 2500 रुपये आएंगे खटा-खट, खटा-खट। राहुल गांधी ने झारखंड की चुनावी रैली में भी जातिगत जनगणना की बात दोहराई। उन्होंने कहा, मैंने मोदी जी से साफ कह दिया है- आप जातिगत जनगणना को रोक नहीं सकते हैं। हम इसी संसद में जातिगत जनगणना को पास करके दिखाएंगे और आरक्षण में 50 प्रतिशत की दीवार को तोड़ देंगे। राहुल ने झारखंड में आदिवासियों को 28 प्रतिशत, दलितों को 12 प्रतिशत और पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा भी दोहराया। राहुल गांधी ने कहा, हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की, जिसका मकसद हिंदुस्तान को जोड़ना था। जबकि नरेंद्र मोदी, आरएसएस-भाजपा के लोग हिंदुस्तान को बांटते हैं। एक धर्म को दूसरे धर्म से, एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाते हैं।


खुशखबरी खुशखबरी खुशखबरी

सेवोत्तम प्रमाणित — हमारा प्रयास, आपका आवास

## उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद

लाया है कोटद्वार रोड भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना संख्या-1 नजीबाबाद, जनपद-बिजनौर में

**आवासीय भूखण्डों को प्राप्त करने का सुनहरा अवसर**

ऑनलाइन पंजीकरण
दिनांक 03 अक्टूबर 2024 से 30 नवंबर 2024 तक

रेरा पंजीकरण संख्या : UPRERAPRJ958086 | रेरा वेबसाइट- up-rera.in


भूखण्डों का विवरण

| क्र. सं. | योजना का नाम | भूखण्डों का क्षेत्रफल (वर्ग मी.) | भूखण्डों की संख्या | मानक भूखण्ड का मूल्य (₹ लाख में) | पार्क फेसिंग भूखण्ड का मूल्य (₹ लाख में) | कार्नर भूखण्ड का मूल्य (₹ लाख में) | पंजीकरण धनराशि (₹ लाख में) सामान्य श्रेणी | पंजीकरण धनराशि (₹ लाख में) आरक्षण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोटद्वार रोड भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना सं०-1, नजीबाबाद, जनपद बिजनौर | 72.00 | 11 | 14.52 | 15.24 | 15.97 | 0.73 | 0.36 |
| 2 | | 127.50 | 07 | 25.70 | 26.99 | 28.77 | 1.29 | 0.65 |
| 3 | | 162.00 | 29 | 32.66 | 34.29 | 35.93 | 1.63 | 0.82 |
| 4 | | 256.50 | 16 | 51.71 | 54.3 | 56.88 | 2.58 | 1.29 |
| | | | 63 | | | | | |

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु सुविधा प्रदाता बैंक

| बैंक का नाम एवं पता | संबंधित अधिकारी | दूरभाष सं. |
|---|---|---|
| H.D.F.C. Bank, Opposite V.Mart, Shree Ganga Ice Factory, Haridwar Road, Najibabad | मुख्य शाखा प्रबन्धक श्री अमिताभ उपाध्याय | 9839360366 |

60 दिन में भूखण्ड के कुल मूल्य का पूर्ण भुगतान करने पर **5% की विशेष छूट**



नियम एवं शर्तें: 1. आवेदक भारत का नागरिक हो। 2. आवेदक की आयु आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि को 18 वर्ष से कम न हो। 3. ऑनलाइन पंजीकरण प्रारम्भ होने पर इच्छुक आवेदक सर्वप्रथम परिषद वेबसाइट www.upavp.in पर जाकर मुखपृष्ठ (Homepage) के लिंक "Online Registration For plots/houses/flats" पर क्लिक करेंगे। 4. शासन/परिषद द्वारा समय-समय पर किये गये परिवर्तन लागू होंगे। 5. किसी भी विवाद की स्थिति में आवास आयुक्त का निर्णय अन्तिम एवं बाध्यकारी होगा। 6. ऑनलाइन आवेदन तथा विस्तृत नियम व शर्तें देखने के लिए परिषद की वेबसाइट www.upavp.in पर Log in करें।

श्री प्रवीन सिंह रावत, सम्पत्ति प्रबन्धक, मुरादाबाद, मो0 8936952071
श्री नीरज कुमार, अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, रूहेलखण्ड-01, मुरादाबाद, मो0 8795810195
श्री केशव राम, सहायक आवास आयुक्त, बरेली जोन, मो0 7705003066
श्री महेन्द्र कुमार, अधीक्षण अभियन्ता, रूहेलखण्ड, वृत्त, मो0 8795810123

भूखण्ड की बुकिंग के लिए QR कोड स्कैन करें अथवा वेबसाइट www.upavp.in पर विजिट करें

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद
104, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ
website : https://www.upavp.in, E-mail.: info@upavp.com

संपत्तियों एवं पंजीकरण से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए डायल करें (टोल फ्री नंबर) 1800-180-5333, 0522-2236803
UPHousingBoard www.upavp.in

# खीरी, बहराइच,सोनभद्र एकलव्य विद्यालयों के थारू जनजाति समाज के 54 विद्यार्थियों का दल खीरी से भुवनेश्वर रवाना

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को जनपद खीरी से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एसपी गणेश प्रसाद साहा ने एडीएम संजय कुमार सिंह, डीआईओएस डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह के संग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी जनपद खीरी, बहराइच, सोनभद्र एकलव्य विद्यालयों के थारू जनजाति समाज के 54 छात्र-छात्राओं के दल (बस) को शुभकामनाएं देकर भुवनेश्वर, उड़ीसा में आयोजित पंचम नेशनल कल्चरल लिट्रेरी फेस्ट एवं कला उत्सव 2024 में प्रतिभाग करने हेतु रवाना किया। इस विद्यार्थियों के दल में खीरी से 41, बहराइच से 12, सोनभद्र का 01 विद्यार्थी शामिल है। उत्तर प्रदेश की प्रतिभागी टीम को कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना करने से लखीमपुर खीरी जिले की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बच्चों का परिचय प्राप्त कर उनकी हौसला अफज़ाई करते हुए उत्तर प्रदेश के नाम गौरवान्वित किए जाने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरणा के साथ शुभकानाएं दी। डीएम-एसपी ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को फल, चॉकलेट, लंच पैकेट सहित उपहार भी भेंट किए। इसके बाद दोनों अफसरों ने बस में सवार छात्र छात्राओं के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजाति विकास परियोजना चंदन चौकी यूके सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार) एवं जनजाति विकास विभाग (उप्र अनुसूचित जनजाति शैक्षिक एवं आर्थिक विकास समिति) के तत्वावधान में पंचम नेशनल कल्चरल, लिट्रेरी फेस्ट एवं कला उत्सव 2024 के द्वितीय चरण में राज्य स्तरीय पंचम कल्चरल, लिट्रेरी फेस्ट एवं कला उत्सव 2024 में विजयी छात्र -छात्राओं को ÷उडीसा के भुवनेश्वर में 12 से 15 नवंबर तक ÷शिक्षा %ओ% अनुसंधान÷ में आयोजित पंचम नेशनल कल्चरल लिट्रेरी फेस्ट एवं कला उत्सव 2024 में प्रतिभाग करेंगे। उप्र में संचालित एकलव्य विद्यालयों में अध्ययनरत जनजाति छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत समूह नृत्य, एकल नृत्य,समूह गान, एकलगान, एकांकी, लोकनृत्य, लोकगायन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे, जिसमें एकलव्य मॉडल पंचम नेशनल कल्चरल, लिट्रेरी फेस्ट एवं कला उत्सव 2024 में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सौनहा खीरी से 25 छात्राएं तथा 16 छात्र, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बोझिया बहराइच से 10 छात्राएं तथा 02 छात्र एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, पिपरखण्ड सोनभद्र से 01 छात्रा का चयन किया गया है।

इस दल में बच्चों की देखरेख एवं सुपरविजन के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सोनहा खीरी से शिक्षक दिव्या, नरेश गुप्ता, शिवानी मिश्रा, अंशुमान सिंह, एकलव्य विद्यालय बहराइच से ज्योति पांडेय, राधेश्याम मिश्रा और एकलव्य विद्यालय सोनभद्र से कल्याणी देवी दल के साथ शामिल है। इस मौके पर मुख्य रूप से पीडी एसएन चौरसिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी रामजनम,विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती संध्या शुक्ला मौजूद रही।



## सीवर व सेप्टिक टैंक सफाई में सुरक्षा उपकरणों का करें प्रयोगः पुरुषोत्तम

**सहारनपुर।** मल्हीपुर रोड स्थित एसटीपी प्लांट पर सफाई मित्र सुरक्षा अभियान अमृत 2.0 के अंतर्गत आईईसी कार्यशाला का आयोजन कर आज सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई मित्रों को प्रशिक्षण दिया गया। उनकी सुरक्षा और लाभ के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से भी अवगत कराया गया।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए महाप्रबंधक जलकल पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि सभी सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई मित्र कार्य करते समय अपनी सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखे और निगम द्वारा उपलब्ध करायी किट का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 'नमस्ते योजना' के अंतर्गत प्रत्येक सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई मित्र का 5-10 लाख रुपये तक का बीमा तथा आयुष्मान कार्ड की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अलावा जो भी सफाई मित्र सीवर सेप्टी टैंक खाली करने वाली मशीन यदि खरीदता है तो उस पर सरकार की ओर से 50 प्रतिशत अनुदान देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि जब भी कही सीवर खाली करें या उसकी सफाई करें तो उसके चारों ओर बेरिकेटिंग लगाकर कार्य करें।

अधिशासी अभियंता जलकल वी बी सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान अनेक तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने कहा लोगों को अवगत कराएं कि तीन साल में एक बार अवश्य टैंक की सफाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सीवर व सेप्टिक टैंक की सफाई मशीनों द्वारा की जाए। और एप्रेन, हैलमेट, गलब्स, मास्क, गोगल्स, जूते आदि पूरी किट का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर है। इसके अलावा नगर स्वास्थय डॉ. आर सी गुप्ता व मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल सिह ने भी सम्बोधित किया। कार्यशाला में सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई मित्रों के अलावा एई ओमप्रकाश, जेई विनित राणा व देवेंद्र सिंह तथा एसबीएम टीम के इंतजार व रेणु कुमार आदि शामिल रहे। संचालन डॉ. वीरेन्द्र आजम ने किया।

## नगर निगम विकास का इतिहास लिख रहा हैः महापौर

**सहारनपुर।** आज वार्ड नंबर 18 के साहिब जी नगर में 18 लाख रुपए की लागत से पार्क के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण एवं हाईमास्ट लाइट का महापौर डॉ. अजय कुमार ने लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व व नगर विकास मंत्री ए के शर्मा के मार्गदर्शन में सहारनपुर नगर निगम शहर में विकास कार्यो का एक इतिहास लिख रहा है। वार्ड 18 में शहर के आईटीसी रोड स्थित साहिब जी नगर में महापौर डॉ. अजय कुमार ने पार्क के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण व हाई मास्ट लाइट का रिबन काटकर लोकार्पण किया। इन सब कार्यो पर करीब 18 लाख रुपये की लागत आयी है। महापौर ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व व नगर विकास मंत्री ए के शर्मा के मार्गदर्शन में नगर निगम सहारनपुर लगातार विकास के नए आयाम स्थापित करते हुए विकास का एक इतिहास लिख रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद इसम सिंह कोरी, पूर्व पार्षद प्रदीप पंवार, मंडल अध्यक्ष जोगिंदर लाला, महानगर उपाध्यक्ष संदीप रावत, समाजसेवी परविंदर सिंह, मुकेश चौधरी राकेश राणा सहित सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आकांक्षा हाट का हुआ शुभारंभ



**लखीमपुर-खीरी।** लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकांक्षा हाट का शुभारंभ कर जनपद लखीमपुर खीरी के आकांक्षा स्टॉल पर एक जनपद एक उत्पाद (ODOP) के तहत थारूजनजाति की कर्मठ महिलाओं के तैयार हस्तशिल्प उत्पाद और गुड उत्पाद का अवलोकन कर जरूरी जानकारी प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा मु0सं0 8022/16 धारा 26,41/42 F ACT C.J.(S.D.)/F.T.C./A.C.J.M. लखीमपुर खीरी तारीख पेशी 09.12.2024 से संबंधित वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## जिलाधिकारी खीरी व पुलिस अधीक्षक खीरी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**लखीमपुर-खीरी।** दिनांक 09.11.2024 को जिलाधिकारी खीरी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक खीरी श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना कोतवाली सदर पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बन्धित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल के थानों पर उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

## सटोरियों ने युवक को पीटा,मौत परिजनों ने हाईवे पर लगाया जाम

### पुलिस ने परिजनों को समझा-बूझाकर खुलवाया जाम

**बदायूं।** थाना कोतवाली सदर के लालपुर चौकी क्षेत्र में सटोरियों द्वारा एक युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी गई दी। शनिवार को युवक की मौत की सूचना मिलते मृतक के परिजनों द्वारा लालपुल चौराहे पर जाम लगा दिया गया जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।

आरोप है लालपुर चौकी क्षेत्र के निवासी दिवाकर द्वारा सट्टे की खाईबाड़ी का विरोध किया गया था। परिजनों का कहना है कि उनका पड़ोसी साहिल साहू सट्टा और स्मैक का काम करता है। उनका कहना है कि दिवाकर वैसे तो कासगंज में रहकर मेहनत मजदूरी करता था लेकिन यहां किसी मामले में तारीख पर आया था। उनका आरोप है कि शुक्रवार दोपहर को दिवाकर घर से सब्जी खरीदने निकला था,उसने घर से निकलते ही पड़ोसी को सट्टे की पर्ची लिखते देखा जिसका विरोध दिवाकर द्वारा किया गया, जिससे बौखला कर पड़ोसी सहिल अपने साथियों सहित दिवाकर पर हमलावर हो गए और उन्होंने उसको बहुत बुरी तरह पीट दिया। दिवाकर के परिजनों द्वारा घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बरेली रेफर कर दिया गया वहां शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई।मौत की सूचना मिलते ही परिजनों द्वारा लालपुर चौराहे पर हाईवे जाम कर दिया गया।परिजनों का आरोप है कि दिवाकर ने पुलिस को पड़ोसी के गलत कार्यों की वीडियो बनाकर दी थी जिससे आरोपी नाराज थे।

## दहेज एक्ट के मामले में पुलिस ने तीन वांछितो को किया गिरफ्तार

**बदायूं।** थाना इस्लामनगर पुलिस द्वारा दहेज एक्ट के मामले में एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना इस्लामनगर पुलिस द्वारा शनिवार को दहेज एक्ट के मामले में वांछित चल रहे रवेन्द्र पुत्र गजराम, मुन्नी देवी पत्नी गजराम,गजराम पुत्र हेम सिंह को गिरफ्तार किया गया है पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार लोगों को इस्लामनगर के सहसवान तिराहा से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारीक अनुसार गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना इस्लामनगर पर तैनात उप निरीक्षक रामवीर सिंह,हेड कांस्टेबल सूरजपाल सिंह, जयदेव मलिक, तथा महिला कांस्टेबल ललिता देवी शामिल रहीं। गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई है।

## जिला न्यायालय में किया जनसुविधाओं से युक्त बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति/प्रशासनिक न्यायाधीश आलोक माथुर ने जिला न्यायालय में पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफइण्डिया लिमिटेड के सौजन्य से स्वीकृत जनसुविधाओं से युक्त एक बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास किया।

दीवानी कचहरी परिसर में बहुउद्देशीय भवन के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति आलोक माथुर ने कहा कि बहुउद्देशीय भवन न्याय विभाग में नागरिक सुविधाओं से युक्त अपनी तरह का पहला भवन होगा, जिसका निर्माण सीएसआर फण्ड से किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी ओर से न्यायालय के इन्फ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक एवं पर्याप्त बनाने के लिए सभी प्रयास किये जायेंगे। जिला न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी ने कहा कि जिला न्यायालय में विगत् दो वर्षो से विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने पर लगातार बल दिया जा रहा है। पिछले वर्ष ही न्यायालय में ड्रेनेज सिस्टम, वादकारियों के लिए टीन शेड, स्वच्छ पेयजल एवं रेनवाटर हार्वेस्टिंग के प्रथम चरण का निर्माण कराया गया है। पूर्व में ही एक वरिष्ठ अधिवक्ता की न्यायालय परिसर में ही दुःखद मृत्यु हो गई थी, यदि न्यायालय परिसर में समुचित चिकित्सा व्यवस्था



मुहैया होती, तो कदाचित उक्त घटना न होती। इसी कारण उनको न्यायालय परिसर में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की महती आवश्यकता महसूस हुई, जिसके पश्चात् पावरग्रिड कॉर्पोरेशन से कई चरण की वार्ता के परिणामस्वरुप इस प्रोजेक्ट को स्वीकृती मिल सकी।

## सरकारी स्कूल की जमीन पर रास्ता देने का ग्राम प्रधानों ने किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के बैनर तले ग्राम प्रधानों ने नकुड़ विकास खंड के गांव दैदपुरा में सरकारी स्कूल की जमीन पर व्यक्ति विशेष को रास्ता दिये जाने एवं ग्राम प्रधान के साथ उपजिलाधिकारी द्वारा अभद्रता किए जाने के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पर नारेबाजी कर धरना दिया तथा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उपजिलाधिकारी नकुड़ व आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। अखिल भारतीय पंचायत परिषद से जुड़े ग्राम प्रधान जिलाध्यक्ष अनुज मदनूकी के नेतृत्व में एकत्र होकर जिला मुख्यालय पहुंचे तथा नारेबाजी कर धरने पर बैठ गए। ग्राम प्रधानों का आरोप था कि गांव दैदपुरा में सरकारी स्कूल की भूमि पर व्यक्ति विशेष को रास्ता



दिया जा रहा है और ग्राम सभा एवं विभाग की अनुमति से टंकी निर्माण का कार्य चल रहा था, जिसको महावीर, अक्षय, ओम सिंह पुत्रगण बाबूराम, अनुज पुत्र महावीर, रजत पुत्र नफे सिंह ने रुकवा दिया और प्राथमिक विद्यालय के बीचो-बीच अपने घर का रास्ता निकालने के लिए विद्यालय की दीवार तक तोड़ डाली। ग्राम प्रधानों का आरोप है कि इस मामले को लेकर जब ग्रामीणों के साथ ग्राम प्रधान उपजिलाधिकारी नकुड से मिले तो उन्होंने भी जन प्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और ग्राम प्रधान को जेल भेजने तक की धमकी दे डाली, जिसको लेकर ग्राम प्रधानों में रोष बना हुआ है। ग्राम प्रधानों ने जिला अधिकारी से मांग की कि उपजिलाधिकारी नकुड का स्थानांतरण कराकर आरोपियों एवं उपजिलाधिकारी नकुड़ के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। धरने पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रूद्रसैन के प्रतिनिधि प्रवीण बान्दुखेड़ी, मनीष, विकास प्रधान, अरुण कुमार, मौहम्मद तारीफ माजरी, अरुण प्रधान, राजकुमार, सुभाष चंद्र, बालिस्टर, रामपाल, संजय प्रधान, विनय कुमार, बबीता प्रधान समेत आदि प्रधान प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## भाजपा में ही है कार्यकर्ता विस्तार, सर्वोपरिः सुरेश राणा




*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** भाजपा कार्यालय पर शनिवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री और चुनाव अधिकारी सुरेश राणा उपस्थित रहे।

भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला चुनाव अधिकारी सुरेश राणा ने कहा भाजपा एकमात्र ऐसी लोकतांत्रिक पार्टी है जो संघात्मक चुनाव को पारदर्शा से संपन्न कराती है। भाजपा में कार्यकर्ता विस्तार ही सर्वोपरि है। और राजनीतिक दल तो केवल परिवारवाद को बढ़ावा देते हैं। पार्टी 15 नवंबर से 23 नवंबर के मध्य बूथ समिति को पारदर्शी, लोकतांत्रिक स्थितियों के अनुरूप तय अवधि में गठन करेगी। बूथ कमेटी 12 सदस्यीय बनेगी, जिसमें अध्यक्ष, सचिव, बीएलए, मन की बात प्रमुख, व्हाट्सएप प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, तीन पुरुष,तीन महिला सदस्य बनेगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा संगठन महापर्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के परिश्रम से सदस्यता अभियान में बदायूँ को प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त किया है इसके लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। अब पार्टी का संगठनात्मक चुनाव शुरू हुआ है इसमें भी जिन पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है वे सभी परिश्रम करके सशक्त और सर्व समावेशी संगठन का निर्माण करेंगे।

## पारम्परिक उद्योगों एवं कलाओं को मिल रही नई पहचानः जसवंत सैनी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास



राज्यमंत्री जसवन्त सैनी ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार का उद्देश्य है कि नवयुवकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान हो। जिसके लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुटीर उद्योगों से ही गांव आत्म निर्भर बनता है।

संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवन्त सैनी आज यहां कम्पनी बाग में उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित 15 दिवसीय सहारनपुर खादी महोत्सव का उद्घाटन करने के पश्चात समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वोकल फोर लोकल के लिए प्रेरित किया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र का आर्थिक विकास हो सकें। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि खादी प्रदर्शनी का भ्रमण कर स्वदेशी उत्पादो की बिक्री में सहयोग प्रदान करें, जिससे देशभर से आये विक्रेताओं को अधिक से अधिक आर्थिक लाभ हो सकें। उन्होने कहा कि पारम्परिक उद्योगों एवं कलाओं को आधुनिक तकनीक एवं योजनाओं से जोडकर नई पहचान स्थापित की जा रही है। बडे उद्योगों के साथ ही छोटे उद्योगों को बढावा देने के लिए सरकार अनुकूल वातावरण प्रदान कर रही है। जिसके चलते आज देश एवं दुनिया के उद्यमी उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहे है।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने नागरिकों से उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आगामी 22 नवम्बर तक आयोजित की जाने वाली प्रदर्शनी में आकर उत्पादों की खरीदारी करने का आह्वान किया, जिससे छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहन मिल सकें। उन्होने कहा कि गाँव में काम करने वाले कुटीर उद्योगों से प्रदूषण से राहत मिलती है तथा पर्यावरण को लाभ होता है। ऐसे स्वदेशी उद्योगो की प्रगति से ग्राम का विकास होने के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक लाभ होता है। जिससे छोटे-छोटे उद्योगों से महिला उद्यमियों को आर्थिक मजबूती मिल रही है जिससे महिलाएं सशक्त होने के साथ ही आत्मनिर्भर भी बन रही है। उन्होने कहा कि इस तरह के आयोजनों से क्षेत्रीय एवं पुरानी कारीगरी को बढावा मिलता है।

परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी एसएल अग्रवाल ने कहा कि प्रदर्शनी के आयोजन का उद्देश्य इकाईयों द्वारा उत्पादित स्वदेशी उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन व बिक्री का कार्य कराया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी अवधि में सांस्कृतिक कार्यक्रम व जिलाधिकारी के निर्देश पर अन्य विभागो के सेमीनार एवं कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। इससे पूर्व राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया तथा भगवान गणेश की मूर्ति पर दीप प्रज्जवलित करने के साथ ही महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात दिगम्बर जैन कन्या इण्टर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## ऋण न अदा करने पर बकायादार किसानों को किया जाएगा नोटिस जारी

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** मीरगंज जिला सरकारी बैंक का कर्ज अदा न करने पर बकाया किसानो को सहकारिता विभाग द्वारा वसूली आभियान चल रहा है। बकायादार न जमा करने वाले किसानों से अब पांच प्रतिशत संग्रह शुल्क के साथ ऋण वसूला जाएगा। इसके लिए विभाग की तरफ से नोटिस भी जारी किया जाएगा। किसानों को खेती में सहूलियत मिल सके, साथ ही खेती की उनकी आर्थिक जरूरतें पूरी हो सके। इसके लिए सहकारिता विभाग की ओर से सहकारी समितियों के माध्यम से जोत व फसल के आधार पर ऋण दिया जाता है।

शाखा प्रबंधक ने बताया कि कई बार ऋण चुकता करने को लेकर बैंक द्वारा नोटिस भेजा जाता है।

सहकारिता विभाग के अपर जिला सहकारी अधिकारी सुधीश गौतम ने बताया किसानों व उनके परिजनों को अन्य प्रयासों से भी ऋण जमा करने का अनुरोध किया गया। कर्मचारियों द्वारा वसूली के किए गए प्रयास भी सफल नहीं हुए। कुछ किसान तो



नियमित ऋण जमा कर रहे हैं लेकिन बहुत से किसान ऋण जमा नहीं कर रहे हैं। विभाग के बार-बार सूचना देने के बाद भी बकाएदार ऋण जमा करने में रुचि नहीं ले रहे।

सहकारिता विभाग के सहायक विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र भास्कर ने बताया कि ऋण की अदायगी नहीं हो रही है। जिसे लेकर बैंक ने कर्ज वसूली को लेकर तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। तहसील ने आरसी जारी कर ऋण अदा करने की नोटिस दिया जाएगा।

शनिवार दोपहर को दियोरिया अब्दुल्लागंज पहुंचे सहकारिता विभाग के अपर जिला सहकारी अधिकारी सुधीश गौतम, सहकारिता विभाग के सहायक विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र भास्कर, शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक मीरगंज प्रणय राय श्रीवास्तव, नंदगांव समिति के सचिव प्रमोद कुमार, अमीन राजाराम ने किसानों से मिलकर ऋण अदा करने को कहा गया।

## अशरफ के साले सद्दाम का करीबी लल्ला गद्दी गिरफ्तार

**बरेली।** बरेली में पार्षद की शिकायत पर बारादरी थाना पुलिस ने माफिया अशरफ व सद्दाम के करीबी लल्ला गद्दी को गिरफ्तार कर लिया। उसका शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया है।

वार्ड 62 चक महमूद के पार्षद अनीस सकलैनी ने बारादरी पुलिस से बस्ती के कुछ लोगों की शिकायत की थी। पुलिस के मुताबिक अनीस ने कहा था कि यह दबंग लोग इस तरह से मिट्टी का भराव डलवा रहे हैं कि नगर निगम के नाले का पानी रुक गया है। इससे हजियापुर क्षेत्र की एक बस्ती से होने वाली जल निकासी अवरुद्ध हो गई है और बस्ती में जलभराव हो रहा है।

यह भी जिक्र किया कि लल्ला गद्दी की शह पर दबंग मिट्टी भराव डलवा रहे हैं। बारादरी थाना प्रभारी अमित पांडेय ने बताया कि प्राथमिक जांच में दोषी मिलने पर आरोपी लल्ला गद्दी का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया है।

## थाना समाधान दिवस, थाना भोजीपुरा पर एसएसपी द्वारा जन समस्याओं को सुना गया



**बरेली।** एसएसपी बरेली श्री अनुराग आर्य द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना भोजीपुरा पर जन समस्याओं को सुना गया और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की निष्पक्षता से जांच करके उनका तुरंत सत प्रतिशत विधिक निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा अभिलेखों को चेक करते हुए अभिलेखों को अधावधिक रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

थाने में साफ सफाई हेतु भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जनसुनवाई के रजिस्टर अवलोकन से ज्ञात हुआ कि प्रभारी निरीक्षक द्वारा शिकायतों का फीडबैक नहीं लिया जा रहा है जिसके संबंध में थाना प्रभारी को चेतावनी जारी की गई।

जन समस्याओं के तुरंत निस्तारण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षाक्त द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिससे आम जनमानस को परेशानियो का सामना ना करना पड़े।

## सीएम योगी खैर जनसभा में एएमयू पर जमकर बोले

# अलीगढ़ संत हरिदास की साधना भूमि है : सीएम योगी

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** यूपी के जिन 9 सीटों पर विधानसभा के उपचुनाव हो रहे हैं उसमें एक सीट अलीगढ़ जिले की खैर विधानसभा की भी है। जहां पर सपा, बीजेपी और बसपा के नेताओं का लगातार जमावड़ा बना हुआ है। सभी नेता अपने अपने पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में मैदान में उतरे हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खैर के तहसील मैदान में बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने एएमयू 370 और कटोगे तो बंटोगे जैसे मुद्दों को उठाकर जनता से वोट मांगे।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे का मुद्दा उठाते हुए कहा कि. सुप्रीम कोर्ट का फैसले आया है, अलीगढ़ विश्वविद्यालय का अस्पसंख्यक दर्जा होना चाहिए या नहीं होना चाहिए. इसके साथ ही सीएम योगी ने एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे के मुद्दे पर हमला बोलते हुए कहा कि, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ओबीसी और शेड्यूल कास्ट को आरक्षण नहीं देता है. लेकिन मुसलमान को 50 प्रतिशत आरक्षण देता है। देश का संविधान तो आरक्षण देने की बात करता है, लेकिन अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय आरक्षण नहीं देता है। सीएम योगी ने कहा कि अलीगढ़ संत हरिदास की साधना भूमि है, इसीलिए यहां से दुनिया में एकता का संदेश जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय केंद्र सरकार के पैसे से चलता है। केंद्र सरकार के लाभ केंद्रीय विश्वविद्यालय को मिलते हैं, इसलिए इस विश्वविद्यालय का अल्पसंख्यक स्वरूप नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने से देश और प्रदेश में विकास हो रहा है।

सीएम योगी ने एएमयू के बहाने कांग्रेस सपा और बसपा पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि, जब विश्वविद्यालय सरकारी पैसे से चलता है तो एएमयू में आरक्षण भी मिलना चाहिए और नौकरी में भी आरक्षण मिलना चाहिए, लेकिन सवाल ये उठता है कि, आरक्षण क्यों नहीं मिलता. कांग्रेस नहीं चाहती है, समाजवादी पार्टी नहीं चाहती है, बहुजन समाज पार्टी नहीं चाहती है, क्योंकि सबको वोट चाहिए।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**अमेठी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षित करने के लिए मतदाता पुनरीक्षण अभियान 29 अक्टूबर 2024 से चलाया जा रहा है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को समस्त तहसीलों के सभी बूथों पर विशेष दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट निशा अनंत ने आज पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के साथ संयुक्त रूप से तहसील गौरीगंज अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय धनी जलालपुर के बूथ संख्या 344 व 345 का स्थलीय निरीक्षण कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बूथ पर मौजूद बीएलओ से अब तक भरे गए फार्म तथा डोर टू डोर सर्वे की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2025 को जो भी युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए इसके साथ ही जो लोग मृतक हो गए हैं या बाहर रह रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाए।

# गीडा के व्यावसायिक योजना में और मजबूत होगा इंफ्रास्ट्रक्चर

अवधनामा संवाददाता

- फेज 1 और फेज 2 में रोड कनेक्टिविटी बेहतरीन करने के लिए खर्च होंगे पौने आठ करोड़ रुपये
- नोएडा की तर्ज पर गीडा को विकसित करने में जुटी है योगी सरकार

**गोरखपुर।** योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद बीते सात साल से निवेश के पसंदीदा गंतव्य में सम्मिलित गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में कारोबारियों को कार्य सुगमता के लिए शानदार बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिल रहा है। इसके लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। इसी कड़ी में गीडा परिक्षेत्र के सेक्टर 22 के फेज 1 और 2 ट्रांसपोर्टनगर में व्यावसायिक योजना के अंतर्गत रोड कनेक्टिविटी पर पौने आठ करोड़ रुपये और खर्च किए जाएंगे। योगी सरकार के सात साल में गीडा परिक्षेत्र में औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को नई ऊंचाई मिली है। जिस गीडा क्षेत्र में 2017 के पहले तक लचर कानून व्यवस्था, ढांचागत सुविधाओं के घोर अभाव और सरकारों के उदासीन रवैये से निवेश दूर की कौड़ी लगती थी। अब उसी गीडा में योगी सरकार में निवेश की बहार है। जहां यूनिट लगाने से उद्यमी कतराते थे वहां अब उद्योगों की श्रृंखला खड़ी हो रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के बाद अब तक गीडा क्षेत्र में करीब 2800 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पूरी तरह धरातल पर उतर चुके हैं। सरकार नोएडा की तर्ज पर गीडा को विकसित करने में जुटी है। उद्यमियों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी, इंडस्ट्री फ्रेंडली नीतियों, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती के साथ समय-समय पर खुद उद्यमियों के बीच मुख्यमंत्री के होने से औद्योगिक माहौल बेहतर होता गया और नोएडा की तरह गीडा भी निवेश के लिए लिए बेहतरीन गंतव्य बन गया। उद्योगों और कारोबार के विविध क्षेत्रों की बढ़ रही श्रृंखला में गीडा प्रशासन लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर भी ध्यान दे रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को और मजबूत करने के लिए नई सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है तो साथ ही पहले से बनी सड़कों के सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण पर भी मुकम्मल ध्यान दिया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र के साथ ही इसमें व्यावसायिक क्षेत्र को भी शामिल किया गया है। हाल ही में गीडा प्रशासन की तरफ से गीडा परिक्षेत्र के सेक्टर 22 फेज 1 ट्रांसपोर्टनगर में सड़कों की मरम्मत और निर्माण के लिए 4 करोड़ 25 लाख रुपये तथा फेज 2 के लिए 3 करोड़ 59 लाख रुपये के कार्यों का टेंडर निकाला गया है।

## ईंट भट्ठों तक पहुंचा रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान

**अमेठी।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सर्वेश सिंह ने बताया कि आज कटारी, निमी और गढ़ा में विभिन्न ईंट भट्ठों पर जाकर 33 ट्रैक्टर पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए। उन्होंने बताया कि जनपद में सड़क सुरक्षा व आगामी ठंड में कोहरे के दृष्टिगत लगातार माल वाहक वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के साथ ही जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं इसके लिए उन्होंने अपील करते हुए कहा कि ईंट भट्ठे व बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान वाले समाज के सक्षम व जागरूक लोग होते हैं, सड़क दुर्घटना में कमी लाने के शासन के पावन उद्देश्य में उन्हें स्वयं आगे बढ़कर अपने ट्रैक्टर व अन्य व्यावसायिक वाहनों में रिफ्लेक्टर लगवाना चाहिए।

## श्री अयोध्या धाम के लिए विधायक की पदयात्रा कल से

**अमेठी।** विधान सभा क्षेत्र गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह राम भक्तों के साथ 11 नवंबर से श्री अयोध्या धाम के लिए पदयात्रा शुरू करेंगे। यह पदयात्रा 108 किलोमीटर लंबी होगी। राकेश प्रताप सिंह तीसरी बार गौरीगंज से सपा की टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते हैं। राकेश प्रताप सिंह की पदयात्रा 11 नवंबर से शुरू होगी और 14 नवंबर को विधायक अपने साथियों के साथ रामलला के दर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि 11 नवंबर को मुसाफिरखाना 12 नवंबर को मिल्कीपुर और 13 नवंबर को अयोध्या स्थित साकेत महाविद्यालय में यात्रा विश्राम करेगी और 14 नवंबर को दर्शन के बाद बस द्वारा गौरीगंज के लिए यात्रा वापस आयेगी। कहा कि 11 नवंबर को सुबह नौ बजे रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज से पदयात्रा शुरू होगी। विधानसभा क्षेत्र के सभी परिवारों और सभी राम भक्तों को इस यात्रा में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण भेजा है। उन्हें भरोसा है कि इस यात्रा में 15000 से अधिक राम भक्त उनके साथ अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे।

# गोपष्टमी पर शंकराचार्य ने रवाना किए सभी प्रदेशों में गौप्रतिनिधि

अवधनामा संवाददाता



**वाराणसी।** सनातन धर्म के वेद, उपनिषद धर्मग्रंथ एवं सनातन धर्मी हिन्दु की पवित्र भावना रामा गो (वेदलक्षणा गाय) को पशु नहीं अपितु माता की प्रतिष्ठा देती है लेकिन भारत के कानून में गो को पशु के रूप में अपमानित तिरस्कृत किया गया है जिसके कारण उसकी हत्या एवं दुर्गति हो रही है।

इसी धार्मिक आस्था हेतु संविधान एवं कानून में गाय को राज्य सूची से हटाकर केन्द्रीय सूची में प्रतिष्ठित कर *गौमाता को राष्ट्रमाता* का सम्मान दिलाने तथा *गौहत्यामुक्त भारत* बनाने के लिए सम्पूर्ण भारत में चारो जगद्गुरु शंकराचार्य आम्नाय पीठों के आशीर्वाद एवं निर्देशन में गो प्रतिष्ठा आंदोलन निरंतर जारी है जिसके लिए ज्योतिषपीठ बद्रिकाश्रम के जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्य अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज संपूर्ण भारत के 36 प्रदेशों की राजधानी में गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने हेतु विगत 22 सितंबर से 27 अक्टूबर तक गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा पूरी कर चुके है। पूज्य शंकराचार्य जी के निर्देशन में एवं गौ गंगा कृपाकांक्षी गोपाल मणि जी के सान्निध्य में गौभक्तों के साथ 26663 किलोमीटर लंबी यात्रा को 22 सितंबर को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि की परिक्रमा से आरंभ कर 36 दिन के अंदर प्रत्येक प्रदेश की राजधानी में गो ध्वज की स्थापना एवं गो धर्मसभा को आयोजित कर 27 अक्टूबर को श्री वृंदावन धाम में विश्राम दिया गया। इसी आंदोलन के अगले अध्याय के आरम्भ हेतु आज गोपाष्टमी के पावन दिवस जगद्गुरु शंकराचार्य जी के नेतृत्व में भारत के 36 प्रदेशों के प्रभारियों की गो गोष्ठी श्री विद्या मठ, केदारघाट, वाराणसी में रखी गई थी जहां गोपाष्टमी के पावन दिवस पूज्य शंकराचार्य जी ने गो पूजन करने के पश्चात धर्म सम्राट् यतिचक्रचूडामणि पूज्य करपात्री जी महाराज जी के नेतृत्व में 1966 में हुए गौरक्षा आंदोलन को स्मरण कर के गोभक्त बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करी।

## मतदाता पुनरीक्षण बूथो का निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह द्वारा विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज में बूथ संख्या 140 से 144 व डीएन कालेज के बूथ संख्या 129 से 135 तक का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कालेज में इन बूथों के जो बच्चे 01/01/2025 को 18 वर्ष के हो रहे है उनका फॉर्म 06 भरवाकर उनको मतदाता बनाया जाये। जिलाधिकारी द्वारा जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज में बच्चों से संवाद कर उनसे उनकी शिक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## विधिक सेवा दिवस पर हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना



**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर के निर्देशानुसार शनिवार को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त तहसीलो में विधिक सेवा दिवस पर रैलियां निकाली गई। विधिक सेवा दिवस मनाये जाने का उद्देश्य आम जनमानस में उनके अधिकारों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं व्यापक प्रचार-प्रसार जागरूक किया जाना है। विधिक सेवा दिवस के अवसर पर श्री विजय कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर के द्वारा प्राथमिक विद्यालय, महुआबाग विशेश्वरगंज से हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। एवं विधिक सेवा दिवस का शुभारम्भ किया गया।

## ब्लॉक परिसर में रबी गोष्ठी

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के प्रगतिशील किसान राजेंद्र सिंह निरंजन रामपुर सनेता ने कहा है कि खेती की बढ़ती लागत और कम होता उत्पादन किसानों के लिए चिंता का विषय है। रासायनिक उर्वरकों से जहां खेत खराब हो रहे हैं वहीं इन खेतों में उगने वाले जिंस जहरीले होकर कैंसर जैसी घातक बीमारियों को भी जन्म दे रहीं हैं। किसानों को अगर अपनी आय दोगुनी करनी है तो उसे परंपरागत खेती की ओर लौटना ही होगा। प्राकृतिक खेती में लागत तो कम है ही, उत्पादन भी बढ़ेगा। यह बात उन्होंने यहां कोंच ब्लॉक परिसर में आयोजित रबी गोष्ठी और कृषि निवेश मेले में बतौर मुख्य अतिथि कही। विकास खंड कोंच में रबी उत्पादन गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक क्षेत्र के किसान भारी संख्या में मौजूद रहे।

## मरीज की संपूर्ण सेवा ही स्वास्थ्य दल का उद्देश्य : डॉ. डीएस अजीथा

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के एमबीबीएस प्रथम बैच और गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के पंद्रह दिवसीय दीक्षारंभ समारोह के पांचवें दिन शनिवार को गुरु गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल डॉ. डीएस अजीथा का व्याख्यान हुआ।

'स्वास्थ्य दल और नर्सिंग की भूमिका' विषय पर अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य दल का उद्देश्य एक मरीज को संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। इसमें कई अलग-अलग पेशेवर एक साथ मिलकर काम करते हैं। डॉ. अजीथा ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पेशेवरों की विशेषज्ञता के अनुसार मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। टीम में डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, मनोवैज्ञानिक, लैब टेक्नीशियन और अन्य स्वास्थ्य सेवाकर्मी शामिल होते हैं। इस टीम का काम केवल इलाज करना ही नहीं है बल्कि रोगी के संपूर्ण स्वास्थ्य, उनकी मानसिक और शारीरिक स्थिति और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने का भी प्रयास करना है। विषय वस्तु पर उन्होंने नर्सिंग क्षेत्र के इतिहास, वर्तमान और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि स्वास्थ्य दल के पेशेवरों में शामिल नर्सिंग स्टाफ का सर्वाधिक समय मरीज के साथ बीतता है।

## सोने का चैन बना हत्या का कारण दोस्त ने चैन के लिए दोस्त का किया हत्या



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महंगे शौक को पूरा करने के लिए हुमायूंपुर उत्तरी निवासी मोहम्मद सैफ पुत्र मोहम्मद रईस कातिल बन गया, उसने अपने दोस्त की धारदार हथियार से गला रेट कर हत्या कर दी और उसकी सोने की चैन लूट कर फरार हो गया था। मोहम्मद सैफ के ऊपर लाखों रुपए का कर्ज था कर्ज भरने के लिए उसने चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा नंबर एक, यादव टोला निवासी कपड़ा व्यापारी अनिल गुप्ता की धारदार हथियार से 5 नवंबर को हत्या कर दी और उसकी चैन लूट कर फरार हो गया था। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस लाइन के व्हाइट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर व एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी मोहम्मद सैफ को पकड़ने के लिए पुलिस ने 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज और 200 मोबाइल नंबर को ट्रेस किया करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचा की किसी करीबी ने ही अनिल गुप्ता की हत्या की है और आज सुबह पुलिस मुठभेड़ के दौरान आरोपी मोहम्मद सैफ को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मोहम्मद सैफ एक मोबाइल कंपनी में प्रमोटर के रूप में काम करता था उसे पर लाखों रुपए का कर्ज था उसकी दुकान के ही बगल में मृतक की गारमेंट की दुकान थी अभियुक्त की मृतक से जान पहचान हुई थी अभियुक्त ने मृतक के गले में सोने की चैन देखी थी, कर्जदारों से परेशान होकर अभियुक्त ने मृतक से सोने की चेन छीनकर कर कर्ज चुकाने की योजना बनाई।

# घर में सो रही किशोरी की गला रेतकर हत्या, पिता ने बचाई खुद की जान

अवधनामा ब्यूरो

- नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के नौरंगिया गांव में आधी रात बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के नौरंगिया गांव में बदमाशों ने घर में घुसकर 16 वर्षीय लड़की की गला रेत कर हत्या कर दी। पिता को भी मारने के लिए धारदार हथियार से हमला किया गया। घायल अवस्था में किसी तरह भागकर जान बचाई।



मृतक प्रिया सिंह की फाइल फोटो

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुड़ गई है। पुलिस संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हत्या की वजह को लेकर पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। नौरंगिया के नौका टोला निवासी जयनारायण सिंह पटेल के परिवार के सभी लोग छठ पूजा में रिश्तेदारी गए हुए थे। जयनारायण और उनकी 15 वर्षीय बेटी प्रिय सिंह घर पर थे। शुक्रवार की रात 12 बजे घर में घुसे बदमाशों ने प्रिया की बिस्तर पर ही गला काट कर हत्या कर दी। दुसरे तरफ़ सोए पिता को भी जान मारने के लिए धारदार हथियार से वार किया, जिसमें बचाव करते दौरान दोनों हाथ चोटिल हो गए। प्रिया चार संतानों में सबसे छोटी थी। वह कक्षा दसवीं में पढ़ रही थी। पिता ने गांव के कुछ लोगों पर दुश्मनी के चलते घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। घटना के बाद से पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। फॉरेन्सिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की जा रही है। मृतका के भाई अमित के तहरीर पर गांव के ही तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। संदिग्ध लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थाना अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है, जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि नामजद तीन लोगों पर केस दर्ज किया गया है, इन लोगों से पूछताछ की जा रही है, घटना का जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

## भाजपा जिला कार्यालय पर बूथ कमेटियों के गठन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** दिनांक 9 नवंबर 2024 दिन शनिवार को आवास विकास स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर संगठन पर्व अभियान के अंतर्गत बूथ कमेटियों के गठन के लिए जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश नेतृत्व द्वारा संगठन चुनाव संपन्न करने के लिए जिला स्तर पर महिला आयोग की पूर्व सदस्य वी सिरसागंज की पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुमन चतुर्वेदी को जिला चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया जिला चुनाव अधिकारी सुमन चतुर्वेदी ने जिला कार्यशाला को संबोधित किया जिसमें उन्होंने बूथ स्तर पर चुनाव संपन्न करने के लिए दिशा निर्देश दिए।

जिला संगठन प्रभारी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे ने कहा दो चरणों में संगठन पर्व अभियान के कार्यक्रम संपन्न हुए हैं प्रथम चरण में प्राथमिक सदस्यता अभियान एवं द्वितीय चरण में सक्रिय सदस्यता अभियान को संपूर्ण किया गया है तीसरे चरण में बूथ कमेटियों के चुनाव को संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया जो भी कार्यकर्ता जिसने 50 सदस्य नहीं बनाए हैं वह 15 नवंबर तक 50 सदस्य बनाकर सक्रिय सदस्यता का फॉर्म अपने-अपने मंडल से प्राप्त करके संगठन को जमा कर दें ताकि उनके सदस्यता फार्म का सत्यापन करके उनको सक्रिय सदस्य बनाने का कार्य पूर्ण किया जा सके 15 नवंबर तक सभी मंडलों में सक्रिय सदस्य बनने का कार्य होगा 15 नवंबर के बाद कोई भी कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य नहीं बन सकेगा। यह कार्यशाला बूथ अध्यक्ष वह कमेटी के चुनाव के लिए आयोजित हुई है मंडल के चुनाव अधिकारी शक्ति केंद्र स्तर पर चुनाव अधिकारी नियुक्त करेंगे जो मंडलों में जाकर सभी शक्ति केदो में चुनाव संपन्न करायेंगे। 20 नवंबर से 25 नवंबर तक सभी मंडलों में चुनाव संपन्न होंगे एक अध्यक्ष सहित 11 सदस्यों वाली कमेटी बनेगी जिसमें तीन महिला कार्यकर्ता का समायोजन किया जाएगा।




**लखनऊ नगर निगम**
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
ई-मेल : nnlko@up.nic.in

संख्या : 140/मु.अ./24-25 दिनांक : 08.11.2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु 21.11.2024 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 20.11.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है एवं नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 21.11.2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को 21.11.2024 को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू. में) | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% GST | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जोन-2 के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर आर.सी.सी. पोल, वारबेड वायर व नेम बोर्ड लगाने का कार्य। | 846012.00 | 84601.00 | 2 माह | 846.00 | 152.00 | 998.00 |
| 2. | मालवीय नगर वार्ड के अन्तर्गत सरस्वती पार्क से दलवीर सिंह के मकान तथा पार्षद जी के मकान के सामने नाली निर्माण का कार्य। | 458176.00 | 45818.00 | 2 माह | 458.00 | 82.00 | 541.00 |
| 3. | मालवीय नगर वार्ड के अन्तर्गत पाण्डेय तालाब में मजीद के मकान से अरविन्द दूध डेरी के सामने इण्टरलाकिंग तथा गोविन्द प्रसाद के सामने नाला मरम्मत का कार्य। | 752937.00 | 75294.00 | 2 माह | 753.00 | 136.00 | 888.00 |
| 4. | कुवंर ज्योति प्रसाद वार्ड के अन्तर्गत म.सं. ई. 4832 से एफ 5063 तक साइड पटरी का सी.सी. द्वारा सुधार कार्य। | 845132.00 | 84513.00 | 2 माह | 845.00 | 152.00 | 997.00 |
| 5. | कुवंर ज्योति प्रसाद वार्ड के अन्तर्गत म.सं. एफ-811 के सामने आर.सी.सी. पिलर एवं बार्बेट वायर लगाने व आस-पास पैच नाली मरम्मत का कार्य। | 777791.00 | 77779.00 | 2 माह | 778.00 | 140.00 | 918.00 |
| 6. | लेबर कालोनी वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर-6 में म.सं. सी. 4406/5 से सी-4124 तक नाली मरम्मत एवं आस-पास पैच मरम्मत का कार्य। | 562896.00 | 56290.00 | 2 माह | 563.00 | 101.00 | 664.00 |
| 7. | लेबर कालोनी वार्ड के अन्तर्गत म.सं. सी. 2099 के सामने स्थित क्षतिग्रस्त पार्क की मरम्मत एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 335252.00 | 33525.00 | 2 माह | 335.00 | 60.00 | 396.00 |
| 8. | लेबर कालोनी वार्ड के अन्तर्गत म.सं. सी-3957 से सी. 3235 (टी.एफ.) तक साइड पटरी का सुधार कार्य। | 628290.00 | 62829.00 | 2 माह | 628.00 | 113.00 | 741.00 |
| 9. | लेबर कालोनी वार्ड के अन्तर्गत म.सं. सी. 2365 के सामने से मीना बेकरी चौराहा तक आर.सी.सी. नाला निर्माण एवं कवरिंग का कार्य। | 721088.00 | 72109.00 | 2 माह | 721.00 | 130.00 | 851.00 |
| 10 | म.सं. सी. 3233 ट्रान्सफार्मर से एम.के. सुपर तक आर.सी.सी. नाला निर्माण एवं कवरिंग का कार्य। | 702866.00 | 70287.00 | 2 माह | 703.00 | 127.00 | 829.00 |
| 11 | राजेन्द्र नगर वार्ड के अन्तर्गत मौलाबाग से मजार तक व मुस्ताख के मकान तक सी.सी. व नाली का सुधार कार्य। | 239142.00 | 23914.00 | 2 माह | 239.00 | 43.00 | 282.00 |
| 12 | तिलक नगर/कुण्डरी रकाबगंज वार्ड के अन्तर्गत न्यू तिलक नगर में सरकारी राशन की दुकान के बगल गली में सी.सी. व नाली का कार्य। | 283013.00 | 28301.00 | 2 माह | 283.00 | 51.00 | 334.00 |
| 13 | तिलक नगर/कुण्डरी रकाबगंज वार्ड के अन्तर्गत नवीन श्रीवास्तव के बगल नाली में सी.सी. व नाली का कार्य। | 831449.00 | 83145.00 | 2 माह | 831.00 | 150.00 | 981.00 |
| 14 | तिलक नगर/कुण्डरी रकाबगंज वार्ड के अन्तर्गत सन्तोष कुमार गुप्ता के मकान तक नवीन श्रीवास्तव के मकान तक जल निकासी इण्टरलाकिंग का कार्य। | 820958.00 | 82096.00 | 2 माह | 821.00 | 148.00 | 969.00 |
| 15 | ऐशबाग वार्ड के अन्तर्गत प्रकाशपुरम में राम सुदामा गृह से कुलदीप यादव के मकान तक नाली व सी.सी. का कार्य तथा इण्टरलाकिंग रिलेयिंग का कार्य। | 490080.00 | 49008.00 | 2 माह | 490.00 | 88.00 | 578.00 |
| 16 | ऐशबाग वार्ड के अन्तर्गत ऐशबाग रामनगर में रामदास के मकान से अमित तिवारी के मकान तक जल निकासी व नाली तथा सी.सी. का कार्य। | 572664.00 | 57266.00 | 2 माह | 573.00 | 103.00 | 676.00 |
| 17 | ऐशबाग वार्ड के अन्तर्गत एल.आई.जी. कालोनी में पार्क में चारो तरफ चकर टाइल्स लगाने का कार्य। | 776375.00 | 77638.00 | 2 माह | 776.00 | 140.00 | 916.00 |
| 18 | ऐशबाग वार्ड के अन्तर्गत एल.आई.जी. कालोनी में अटल विहारी पार्क की बाउण्ड्रीवाल ऊँची करने तथा मरम्मत व रंगाई-पुताई का कार्य। | 372801.00 | 37280.00 | 2 माह | 373.00 | 67.00 | 440.00 |
| 19 | ऐशबाग वार्ड के अन्तर्गत प्रकाशपुरम पार्क की बाउण्ड्रीवाल तथा मरम्मत तथा रंगाई-पुताई का कार्य। | 781746.00 | 78175.00 | 2 माह | 782.00 | 141.00 | 922.00 |
| 20 | ऐशबाग वार्ड के अन्तर्गत प्रकाशपुरम पार्क में चकर टाइल्स लगाने का कार्य। | 546988.00 | 54699.00 | 2 माह | 547.00 | 98.00 | 645.00 |
| 21 | यहियागंज वार्ड के अन्तर्गत बागशेरगंज में एस.एम. अब्बास हाता में गुलाम हैदर के मकान से इसुफ हुसैन के मकान सी.सी. का कार्य। | 511105.00 | 51111.00 | 2 माह | 511.00 | 92.00 | 603.00 |
| 22 | यहियागंज वार्ड के अन्तर्गत लकड़मण्डी में जय हनुमान स्कूल से कैलाश रस्तोगी के मकान तक नाली व सी.सी. का कार्य। | 449647.00 | 44965.00 | 2 माह | 450.00 | 81.00 | 531.00 |
| 23 | यहियागंज वार्ड के अन्तर्गत कुण्डरी में ललिता मो. स्कूल के सामने से श्री नाथ इण्टर प्राइजेज तक नाली व सी.सी. का कार्य। | 586430.00 | 58643.00 | 2 माह | 586.00 | 106.00 | 692.00 |
| 24 | यहियागंज वार्ड के अन्तर्गत भीम नगर शौचालय के पास नारायण के मकान से अजिम क्लीनिक तक नाली व सी.सी. का कार्य। | 409305.00 | 40931.00 | 2 माह | 409.00 | 74.00 | 483.00 |
| 25 | यहियागंज वार्ड के अन्तर्गत गली नरायण दास में लक्ष्मी निवास से विहारी मंदिर तक तथा राम राज सिंह के मकान से वशती लाल के मकान तक नाली व सी.सी. का कार्य। | 744458.00 | 74446.00 | 2 माह | 744.00 | 134.00 | 878.00 |
| 26 | यहियागंज वार्ड के अन्तर्गत ठठेरी गली में राम स्वरूप म.सं. 242/126 से हाजी कल्लू अवतार तक नाली व सी.सी. तथा महेन्द्र कुमार आवस्थी चौराहा पर ग्रेनाइट का कार्य। | 543150.00 | 54315.00 | 2 माह | 543.00 | 98.00 | 641.00 |
| 27 | यहियागंज वार्ड के अन्तर्गत छांछी कुंआ में धमेन्द्र सिंह के मकान के पास व 212/20 पुरीटोला में शकील के मकान तक नाली व सी.सी. का कार्य। | 432907.00 | 43291.00 | 2 माह | 433.00 | 78.00 | 511.00 |

**शर्ते** :-[1] निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। [2] 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी। [3] शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। [4] आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। [5] कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोशजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। [6] 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। [7] किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। [8] 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**

# डांडिया की धुन पर गरबा नृत्य से गूंज उठा भरतकुंड क्षेत्र



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भरतकुंड महोत्सव के दूसरे दिन उत्तरायण पर्व के तहत शाम को विशाल गरबा महा रास का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हजारों की संख्या में बालिकाएं और महिलाएं गरबा नृत्य करने के लिए एकत्रित हुईं। शक्ति की आराधना हेतु सजे-धजे महिलाएं और बालिकाएं शाम 4 बजे से ही गरबा पांडाल में पहुंचने लगीं। विशाल मैदान में गरबा का खास पांडाल तैयार किया गया था, जहां अयोध्या शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिलाओं और बालिकाओं ने इस नृत्य महोत्सव में भाग लिया। जब ÷सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरों वाली÷ गीत बजा, तो मातृशक्तियों के पैर थिरक उठे और कार्यक्रम में शामिल दर्शक भी उत्साह से झूमते रहे।इस गरबा महोत्सव में खास प्रस्तुति देने के लिए आईं जानी-मानी गायिकाओं की जोड़ी बंकू सिस्टर्स ने अपने गरबा और धार्मिक गीतों से माहौल को और भी रंगीन कर दिया। छत्तीसगढ़ से आई रानी नंदिनी ग्रुप की टीम ने भी शानदार गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम को जनपद का सबसे बड़ा गरबा नृत्य आयोजन कहा जा सकता है, जिसमें केवल प्रशिक्षित महिलाएं और बालिकाएं शामिल हुईं।कार्यक्रम में गरबा प्रभारी अंशिका सिंह, मांडवी मंच की प्रबंधक रीता तिवारी, विद्यालय कार्यक्रम प्रभारी विजय सिंह और गरबा कोऑर्डिनेटर अंबरीश चंद्र पांडे ने सफलता पूर्वक आयोजन को संचालित किया। गरबा कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि मसौधा ब्लॉक प्रमुख अभिषेक सिंह, विशिष्ट अतिथि रंजीत यादव खाकी वाले गुरुजी और एमजेएस अकैडमी के निदेशक अजय सिंह ने किया। मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ तक्षशिला आईएएस अकादमी के निर्देशक संतोष मिश्रा और सदर थाना अध्यक्ष देवेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

# वरिष्ठ पत्रकार स्व राम तीर्थ विकल की मनाई गई चौथी पुण्यतिथि

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सिविल लाइंस स्थित एक सभागार में वरिष्ठ पत्रकार स्व. राम तीर्थ विकल की चौथी पुण्यतिथि का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर जिले के प्रतिष्ठित पत्रकारों और समाजसेवियों ने स्व. विकल को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार कुशल मिश्रा ने कहा कि स्व. विकल ने पत्रकारिता को एक नई दिशा दी और अपनी कलम की ताकत से समाज में एक अलग पहचान बनाई। पत्रकार संजीव आजाद ने बताया कि स्व. विकल ने जिले में गुमनामी की जिंदगी जी रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की खोज कर उन्हें सरकारी पेंशन और अन्य सुविधाएं दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पत्रकार तुफैल अहमद ने कहा कि स्व. विकल ने ÷गुमनामी बाबा÷ की कहानी को अपनी लेखनी के माध्यम से जनता के सामने रखा, जिससे उनका योगदान आज भी लोगों के बीच जिंदा है। समाजसेवी राजेश सिंह मानव ने स्व. विकल को पिता तुल्य बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही उनके कार्य सफल होते थे। सुबोध श्रीवास्तव ने उन्हें ÷सच्चे कलम के सिपाही÷ के रूप में स्मरण किया। पत्रकार राजेन्द्र दूबे ने कहा कि जो युवा पत्रकार उनके साथ काम करते थे, उन्हें पत्रकारिता के सही दृष्टिकोण और मूल्यों की सीख मिली। पत्रकार समीर शाही ने कहा कि स्व. विकल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की खोज के साथ ही पत्रकारों को निर्भीकता से पत्रकारिता करने की प्रेरणा दी। उनके लेख स्थानीय कॉलेजों पर भी केंद्रित रहे, जो अखबारों में प्रकाशित होकर युवाओं को जागरूक करते रहे। इस अवसर पर लव पांडेय ने उन्हें पत्रकारिता के पितामह की संज्ञा दी, जबकि अंकित सेन ने कहा कि श्रद्धेय विकल जी का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पत्रकार राकेश कुमार यादव, राहुल मिश्रा, राजन सिंह, रविकांत, महेश शंकर, जयप्रकाश गुप्ता, सोनू चौधरी, राकेश तिवारी और कई अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे।



हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने अयोध्या के वरिष्ठ पत्रकार रंग कर्मी, नाट्यकर्मी, भोजपुरी और अवधी फिल्मो में अपनी कलाकारी का लोहा मनवाने वाले विकल जी की पुण्यतिथि पर विनम्र भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे एक मंजे हुए कलाकार भी थे, प्यार का सावन, ना भूले हैं ना भूलेंगे सरयू के तीरे सहित कई अवधी व भोजपुरी फिल्मों में अपनी प्रतिभा दिखलाने वाले विकल जी द्वारा एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म पैगंबर की अयोध्या भी बनाई गई थी,विकल जी एक बेहद कर्मठी, ईमानदार, जुझारू, निर्भीक व निष्पक्ष व्यक्तित्व रामतीर्थ विकल द्वारा सुभाष चंद्र बोस गुमनामी बाबा की रहस्यमई मृत्यु पर साप्ताहिक पत्र नए लोग मैं बड़ी कवरेज कर अपनी लेखनी का लोहा मनवाया था।

## अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के 18वें संस्करण का पोस्टर विमोचन

**अयोध्या।** धर्मनगरी में 7-9 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाले 18वें अयोध्या फिल्म फेस्टिवल की तैयारियां वैश्विक स्तर पर जोरों पर हैं। गुरुनानक गर्ल्स कॉलेज सभागार, उसरू में आयोजन समिति द्वारा इस तीन दिवसीय फिल्म समारोह के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन किया गया। इस बार आयोजन को और अधिक प्रभावी बनाने की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें फिल्म और कला जगत से जुड़ी हस्तियों के साथ सीधा संवाद और फिल्म निर्माण की बारीकियों को सीखने का अवसर सिनेप्रेमियों को मिलेगा।उत्तर प्रदेश का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोह 'अयोध्या फिल्म फेस्टिवल' काकोरी एक्शन के महानायक पं. राम प्रसाद 'बिस्मिल' और अशफाक उल्लाह खान की स्मृति में हर वर्ष बिना किसी स्पॉन्सरशिप के आयोजित होता है। इस वर्ष काकोरी ट्रेन एक्शन का शताब्दी वर्ष होने के कारण चंबल संग्रहालय द्वारा विशेष प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।

## डॉ श्याम ने राम सेवक के आदर्शो को अपनाकर समाजवाद की अलख जगाये रखीः विकास



**बाराबंकी।** स्थानीय राम सेवक यादव स्मारक इंटर कॉलेज के प्रागंण में प्रखर समाजवादी चिंतक स्व0 डा0 श्याम सिंह यादव की पुण्य तिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। विद्यालय मे उपस्थित प्रबुद्ध जनो ने प्रबन्धक डा0 विकास यादव के नेतृत्व में प्रसिद्ध समाजवादी चिन्तक डा0 श्याम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष श्री राम सेवक यादव द्वारा की गयी। श्री राम सेवक यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डा0 साहब अपने अग्रज, प्रखर समाजवादी नेता एवं चिंतक स्व0 राम सेवक यादव के द्वारा बताये गये समाजिक मूल्यों के पोषक थे। वे जीवन पर्यन्त समाज में समरसता एवं सामाजिक मूल्यों को प्रतिस्थापित करने में रत रहे। उन्होने समाजवादी विचारधारा को प्रतिस्थापित करने हेतु अपना सम्पूर्ण जीवन लगा दिया। सामाजिक सद्भाव और साम्प्रदायिक सौहार्द डाक्टर साहब का आदर्श था। उन्होने राम सेवक जी के आदर्शो को अपनाकर समाजवाद की अलख जगाये रखी। चिकित्सक होते हुए भी वे समाज सेवा से जुड़े रहे। शिक्षा के क्षेत्र में छात्र/छात्राओं के शैक्षिक उन्नयन हेतु उन्होने जो प्रयास किये वे मील के पत्थर के रूप में साबित हुए। उनके द्वारा रोपित शिक्षा का यह मन्दिर शैक्षिक क्षेत्र में नित नई ऊँचाइयों को छू रहा हैं तथा उनके द्वारा अपनाए गए सामाजिक उत्थान के कार्यक्रमों को गति देने मे कृत संकल्प है।

## जय श्रीराम के उद्घोष के साथ अयोध्या में शुरू हुई 14 कोसी परिक्रमा, उमड़े लाखों श्रद्धालु

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार 14 कोसी परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। यही वजह है कि लाखों श्रद्धालु एक दिन पूर्व ही अयोध्या पहुंच गए। शनिवार शाम को 6 बजकर 32 मिनट पर परिक्रमा आरंभ कर दी। यह अगले दिन मुहूर्त अनुसार रविवार दोपहर बाद 4ः44 तक चलेगी। यहां पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने रामनाम संकीर्तन और लोक गीतों के साथ परिक्रमा करते हैं। उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा की समुचित व्यवस्था के साथ सफाई के बीच परिक्रमा हो, योगी सरकार का इस पर भी विशेष फोकस रहा। ड्रोन कैमरे की देखरेख में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। परिक्रमा मार्ग पर सिर पर आस्था की गठरी लिए नंगे पांव श्रद्धालुओं का सैलाब दिखाई देने लगा है। बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। परिक्रमा मार्गों पर बड़ी संख्या में पुरुष व महिला पुलिस कर्मियों के साथ सादी वर्दी में भी सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही ड्रोन से पूरे मेले की निगरानी की जा रही है। परिक्रमा एटीएस की निगरानी में शुरू होगी खास भीड़ भाड़ वाले स्थान परिक्रमा पथ पर सुरक्षा के इंतजाम हैं। अयोध्या में शुरू हुए कार्तिक परिक्रमा मेले में इस बार और भी श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना जताई गई है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को देखते हुए निर्माणाधीन परिक्रमा पथ पर युद्ध स्तर पर काम करते हुए बालू बिछवा दी गई हैं, ताकि नंगे पांव चलने वाले परिक्रमार्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। जगह-जगह पर खोया-पाया कैम्प लगाए गए हैं। 14 कोसी परिक्रमा को लेकर अस्थाई 12 प्राथमिक उपचार केंद्र बनाये गए हैं। इनमें हनुमान गुफा, मौनी बाबा, हलकारा का पुरवा, दर्शननगर, अचारी का सगरा, जनौरा, सहादतगंज हनुमानगढ़ी, गुप्तारघाट, अफीम कोठी, अमानीगंज, चकरतीरथ और झुनकी घाट शामिल है। 14 जगहों पर एम्बुलेंस की तैनाती की गई है। पूरे कार्तिक पूर्णिमा मेले के दौरान मेडिकल कालेज और जिला अस्पताल में 20-20 व श्रीराम चिकित्सालय में 10 बेड आरक्षित रखा गया है। परिक्रमा में किसी भी श्रद्धालु को परेशानी न हो, इसके लिए योगी सरकार ने प्रशासन को विशेष निर्देश दिए हैं। प्रशासन भी सुरक्षा, सफाई व मूलभूत संसाधन उपलब्ध करा रहा है। जिला प्रशासन का दावा है कि आने वाले श्रद्धालुओं को बिना किसी असुविधा के पूरे परिक्रमा मेले को संपन्न कराया जाएगा। इधर, 14 कोसी परिक्रमा को सकुशल संपन्न कराने के लिए महापौर गिरिशपति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, एसएसपी राजकरण नैयर आदि निरीक्षण करते हुए दिखाई पड़े।

### बीस नवम्बर से रजाई ओढ़ेंगे श्रीराम लला

श्रीराम लला को अगहन की पंचमी (20 नवम्बर) से रजाई उढ़ाई जाएगी। तभी से गुनगुने जल से स्नान भी प्रारम्भ होगा और भोग में से ठंडी चीजें हटाई जाएंगी आवश्यकतानुसार कंबल अथवा रजाई का उपयोग होता है। यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास महाराज ने दी। आचार्य जी बीते कुछ दिनों से लखनऊ पीजीआई में स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। अब वे आयुजनित रोगों से स्वस्थ होकर अयोध्या आ गये हैं। मुख्य अर्चक ने बताया कि सर्दी बढ़ने के साथ-साथ जैसे हम लोगों के खान-पान, पहनावे में धीरे-धीरे परिवर्तन होता है।

## समाधान दिवस में 8 मामले में से 1 का निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना चौक में जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल 08 मामले दोनो अधिकारियों के समक्ष आए, जिसमें 01 मामले को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। अवशेष मामलों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी महोदय ने राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन करते हुए मौके पर जाकर सम्यक कार्यवाही द्वारा शीघ्रतापूर्वक और नियमानुसार वादों को निस्तारित करवाने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष चौक ने बताया कि जनसुनवाई के तत्काल उपरांत जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार संयुक्त टीमों को प्रकरणों के निस्तारण हेतु क्षेत्र में भेज दिया गया।

सभी टीमों को मामले की गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया है। थाना समाधान दिवस में थानाध्यक्ष चौक शैलेंद्र शुक्ला सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसपी के आदेश पर मुकदमा हुआ दर्ज, पुलिस ने जाँच शुरू की

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने पर जैदपुर पुलिस द्वारा मारपीट करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। बताते दें कि गुजन विश्वकर्मा पत्नी टिन्कू कुमार विश्वकर्मा निवासी ग्राम गौछौरा, थाना जैदपुर,ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि वो अपने बेटे आर्यन को लैट्रिन कराने के लिये घर के लिए सामने बने शौचालय में थी, तभी गाँव के ही रहने वाले गनेश प्रसाद पुत्र राजाराम आये और कहने लगे यह शौचालय हमारी जमीन पर बना है. अब तुम लोग इसे इस्तेमाल नहीं कर सकते हो और मेरे बेटे को लात मारते हुये जमीन पर गिरा दिया । पीड़ित ने जब इसका विरोध किया तो गनेश प्रसाद अपनी पत्नी उर्मिला, बेबी पत्नी दिनेश प्रसाद, खुशी पुत्री गनेश प्रसाद को उपरोक्त व्यक्तियों ने आवाज देकर बुलाया और मुझे लात घूसों से मारने लगे। और मेरा शौचालय गिराने का प्रयास करने लगे, शोर गुल सुनकर मेरी जेठानी बचाने आयी उपरोक्तजनों ने उन्हें भी मारा पीटा, गनेश प्रसाद ने एलानियां धमकी दी है कि हमारे ऊपर कुछ पूजी पतियों का हाथ तुम लोगों को गांव में रहने नहीं दूंगा। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

## पत्रकारों को बदनाम करने वालो के खिलाफ पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**मसौली बाराबंकी।** पत्रकारों के विरुद्ध भ्रामक टिप्पड़ी का मैसेज वायरल करने वाले चार नामजद अराजक तत्वों के विरुद्ध गंभीर धाराओ मे थाना मसौली मे मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जाँच शुरु कर दी है नामजद लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होते ही हड़कंप मच गया है। बताते चले कि गत दिनों दैनिक भास्कर के स्थानीय रिपोर्टर कस्बा मसौली निवासी अखिलेश यादव पुत्र हनुमान यादव किसी कार्य से कस्बा रामपुर गये थे वापसी के दौरान देशी शराब के ठेके के निकट बाईक नंबर यूपी 41 ए क्यू 1679 ने टककर मार दी थी जिसमे पत्रकार अखिलेश यादव का हाथ फ्रेक्चर हो गया था दुर्घटना का मुकदमा भी थाना मसौली मे दर्ज है जिसके बाद भी क्षेत्र के कई लोगो ने भ्रामक मैसेज फैलाते हुए खनन माफियाओ द्वारा पत्रकारों की पिटाई का मैसेज वायरल किया भ्रामक मैसेज मे वसूली करने गए दो तथाकथित चण्ड मुण्ड नाम से वीख्यात पत्रकारों की हुई पिटाई।

जबकि ये वायरल मेसेज सरासर गलत बताया ज रहा है। मसौली थाना क्षेत्र के बांसा गांव के पास का है मामला का मैसेज वायरल कर पत्रकारों की जमकर बदनामी की गयी जिसको लेकर क्षेत्र के ही नही जनपद के पत्रकारो ने मैसेज वायरल करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही की आवाज उठायी पत्रकारों की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने पर लोगो ने कड़ी निंदा की तथा दुर्घटना मे घायल पत्रकार अखिलेश यादव ने दो दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक से मिलकर पत्रकारों के खिलाफ मैसेज फैलाने वालो पर कार्यवाही की मांग की पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर पत्रकार अखिलेश यादव द्वारा नामजद किये गये अंकित पुत्र अज्ञात , रोहित यादव पुत्र हरिश्चंद्र यादव निवासी ग्राम बड़ागांव, जावेद पिलालू पुत्र अज्ञात, राहुल सिंह अज्ञात निवासी अज्ञात के विरुद्ध बी एन एस 2023 धारा 352, 351 (3) 356( 3) सूचना प्रद्योगिकी संसोधन अधिनियम 2008 66 डी का मुकदमा कर जाँच शुरु कर दी है । मुकदमा दर्ज होते ही मैसेज वायरल करने वालो मे खलबली मच गयी है ।

# बच्चों में बुनियादी भाषायी एवं गणितीय दक्षताओं को हासिल कर रहेः फिजा मिर्जा



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली, बाराबंकी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ागांव पर एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी मसौली फिजा मिर्जा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगोष्ठी में प्रत्येक विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय के सेवित क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने प्रतिभागकर परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प के अंर्तगत चल रहे कार्यों पर चर्चा की गई।खण्ड शिक्षा अधिकारी मसौली फिजा मिर्जा ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित डीबीटी योजना,निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रयासों की चर्चा,ऑपरेशन कायाकल्प के 19 पैरामीटर्स पर संतृप्तिकरण की जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि भारत मिशन के अन्तर्गत शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए हमारे शिक्षक बच्चों में बुनियादी भाषायी एवं गणितीय दक्षताओं को प्राप्त कराने के लिये संदर्शिका के माध्यम से वृहद सुनियोजित शिक्षण कार्यकम का कियान्वयन कर रहे है।जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अभिभावकों को एसएमसी,आउट ऑफ स्कूल बच्चों एवं बालिका शिक्षा विषय के प्रति जागरूक करने की बात कही। संगोष्ठी में कायाकल्प में 19 पैरामीटर्स के कार्य विद्यालय में पूर्ण करने पर ग्राम प्रधान रायपुर, मीरापुर बुधवारा, गुरेला, बड़ागांव,मेंढिया को खण्ड शिक्षा अधिकारी मसौली ने सम्मानित किया।मंच का संचालन प्रदीप श्रीवास्तव ने किया।

इस मौके पर एस आर जी अवधेश पांडेय, एआरपी गण क्रमशः सचिन वर्मा, धीरेंद्र प्रताप सिंह,विवेक कुमार गुप्ता, शिक्षक संजय श्रीवास्तव, जमाल अहमद,अतुल श्रीवास्तव, रिंकी सिंह,सोनिका मिश्रा,असफी,मीना बांसफोर,सुरेश चंद्र,विश्वानाथ वर्मा,अमृता सहित कार्यालय स्टाफ हरिश्चंद्र वर्मा, जितेंद्र दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

## बाइक की ठोकर से बुजुर्ग की हुई मौत

**चिउटहां(महराजगंज)।** निचलौल चिउटहां मार्ग पर पिपरा गांव के सामने शुक्रवार की शाम को पैदल जा रहे एक अधेड़ व्यक्ति को बाइक सवार ने ठोकर मार दिया। जिससे अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी।

शुक्रवार की शाम को गौनरिया निवासी एक युवक बाइक से जा रहा था कि पिपरा गांव के सामने उसी गांव का निवासी रामछिपीत (58) सड़क किनारे पैदल जा रहा था। तभी बाइक सवार युवक ने ठोकर मार दिया जिससे उक्त व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

इस संबंध में चौकी इंचार्ज उमाकांत सरोज ने बताया की दोनों पक्षों की आपसी रजामंदी से शव परीजनों को सौंप दी गई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# अजय श्रीवास्तव अध्यक्ष और विनय नायक महामंत्री निर्वाचित



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब का वार्षिक चुनाव शनिवार को जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें जनपद के पत्रकारों ने सर्वसम्मति से 11 पदाधिकारी और 20 कार्यकारी सदस्य को चुना। मुख्य चुनाव अधिकारी शैलेश पाण्डेय और सहायक चुनाव अधिकारी अनिल वर्मा व अंकुश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से चुनाव परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि वार्षिक चुनाव में अजय श्रीवास्तव अध्यक्ष, सुशील शुक्ला व आफताब आलम उपाध्यक्ष, विनय कुमार नायक महामंत्री, प्रभात जयसवाल व सुनील यादव मंत्री, सतेंद्र मणि त्रिपाठी संगठन मंत्री, नवीन प्रकाश आय व्यय मंत्री, नागेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष, कार्यक्रम संयोजक विनोद गुप्ता व आकाश त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी चुने गए। जबकि कार्यकारणी सदस्य में 20 लोग चुने गए। नव निर्वाचित सदस्यों को जिला सूचना अधिकारी ने पद की शपथ दिलाते हुए कहा कि यह पद काफी महत्वपूर्ण हैं इसकी गरिमा रखते हुए लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को गरिमामय बनाने की जिम्मेदारी आप सभी के कंधे पर हैं। इस दौरान क्लब के संरक्षक, सुनील श्रीवास्तव, संजय पांडेय, दीपक शरण श्रीवास्तव, जेपी सिंह, विपिन श्रीवास्तव, जितेंद्र प्रताप शाही, गणेश पटेल, जाकिर अली, सुदेश मोहन श्रीवास्तव, सहित काफी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# गोपाष्टमी पर्व पर हुआ गौ माता का पूजन-अर्चन



**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** शनिवार को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर सिसवा नगर पालिका कस्बा स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में गोपाष्टमी महापर्व महोत्सव का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। गौशाला पर पहुंचे नगर के मारवाड़ी व देशवाली समुदाय के लोगों ने गाय माता का विधि विधान से पूजन अर्चन किया तथा केला, गुड़, चोकर एवं अन्य सामग्रियां खिलाकर आशीष मांगा। श्रीकृष्ण गौशाला के महामंत्री आशुतोष भालोटिया ने बताया मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने द्वापर युग में इसी दिन पहली बार गायों को चराया था और उसी समय से सनातन धर्म में गाय को मां का दर्जा दिया गया एवं उनकी पूजा अर्चना की परंपरा शुरू हुई। वहीं शास्त्रों में आज ही के दिन गोप-गोपियों संग गायों को अतिवृष्टि से रक्षा के लिए अपनी उंगली पर गोवर्द्धन पर्वत को उन्होंने धारण किया था। इस दौरान अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने गौ माता का विधि-विधान से पूजा अर्चना किया और सभी के साथ गायों को फल खिला कर उनके रक्षा का संकल्प लिया गया।

## आर के नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भाजपा नेता ने किया उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** बीती रात को एक दिवसीय आर के नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन नगर पंचायत जैदपुर के पूर्व भाजपा प्रत्याशी अबु उमैर अंसारी द्वारा फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में 10 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में किंतुर ने मारी बाजी।बताते चलें कि कस्बे के मोहल्ला शाह कटरा स्थित नूर मोहम्मद सेठ मैदान में एक दिवसीय आर के नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। इस अवसर पर आयोजक अनस अंसारी और उनके कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के तमाम लोगों मुख्य अतिथि उमेर अंसारी का स्वागत आतिशबाजी और माला पहनाकर किया। वहीं अबु उमेर अंसारी ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर हौसला अफजाई करते हुये कहा? कि यह गर्व की बात है कि जैदपुर के नूर मोहम्मद सेठ का मैदान इस क्षेत्र में खेल के प्रति प्रेम और सद्भावना को दर्शाता है। जैदपुर ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता का हिस्सा बन रहे हैं।÷ इस टूर्नामेंट के आयोजक अनस अंसारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करती है। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमें शामिल हुईं, जिनमें किंतुर, बदोसराय, कोठी, जैदपुर ए रईस कटरा, जैदपुर बी जरवल, सहादतगंज मदनी, सहादतगंज क्लब वॉलीबॉल, चौखंडी और रामपुर की टीमें शामिल थीं। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला किंतुर और जैदपुर ए रईस कटरा के बीच हुआ, जिसमें किंतुर ने 25 अंक बनाकर जैदपुर ए रईस कटरा को 8 अंक के अंतर से हराकर जीत हासिल की।



इस मौके पर इसराइल कैप्टन, मुमताज निम्बर, हाजी इस्लामुद्दीन, आफताब कुरेशी, अख्तर मैनेजर, लुकमान, अजहरुद्दीन, शाहबाज पूर्व सभासद उमेर अंसारी इसराइल, कुरैशी ,झगडु मुस्ताक, हारून सिद्दीकी सहित अन्य प्रमुख लोग भी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के दौरान भा संख्या में दर्शकों ने वॉलीबॉल मैच का आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

## कुसुम लोधी को आजाद अधिकार सेना महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष बनाए जाने से बधाइयों का तांता

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** आजाद अधिकार सेना की राष्ट्रीय महासचिव डॉ नूतन ठाकुर द्वारा केंद्रीय कार्यकारिणी से अनुमोदन प्राप्त कर जनपद निवासी कुसुम लोधी को आजाद अधिकार सेना के महिला प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उक्त जानकारी की पुष्टि करते हुए जोनल अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा है कि ब्लॉक व थाना जोगिया के कपिया मिश्र निवासी श्रीमती कुसुम लोधी पत्नी राधेश्याम को केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा महिला प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर जिला कार्यकारिणी में खुशी का माहौल है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि पार्टी को श्रीमती कुसुम लोधी से महिला ब्रिगेड की जिला कार्यकारिणी गठित करने व समस्त पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने तथा पार्टी के बुनियादी सिद्धांतों का प्रचार प्रसार करने की अपेक्षा है। श्रीमती कुसुम लोधी की नियुक्ति पर जोनल अध्यक्ष के अलावा रजनीश त्रिपाठी, लोकेश्वर त्रिपाठी, उपेन्द्र चतुर्वेदी, सत्येन्द्र कुमार, चंचल मिश्रा, सनाउल्लाह समानी, मजहर खान, रोहित दुबे, कलीम फारूकी, आलोक पाण्डेय, राहुल गौतम, सुशील गौतम, गणेश आर्य, आशीष वर्मा, शिवशंकर सिंह, अरविंद सिंह आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** ब्लाक संसाधन केंद्र, लोटन में ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण/कार्यशाला जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर0 ने कहा कि हम सभी को मिलकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाना है। शिक्षा, चिकित्सा ठीक होगा तो जनपद की अधिकतर समस्यायें ठीक हो जायेगी। हमे विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना है जिससे प्राइवेट विद्यालयों के बच्चे सरकारी विद्यालयों में पढ़ेंगे। स्पोर्ट ग्रान्ट में जो धनराशि मिलती है उससे खेल का सामान खरीदकर बच्चों को खेलने के लिए दे। सभी लोग अतिरिक्त मेहनत करे। सभी शिक्षक फार्मल ड्रेस में ही विद्यालय आयेगे, जीन्स, टीशर्ट पहनकर नहीं आयेंगे। अभिभावको को जागरूक करते हुये बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराये तथा बच्चे ड्रेस, जूता मोजा पहन कर विद्यालय आयें। विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को ठीक कराना है। खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से प्राथमिक

**शिक्षा चिकित्सा ठीक रहेगा तो जनपद की हर समस्या रहेगी ठीकः डीएम**

विद्यालय/कम्पोजिट विद्यालयों में सभी क्लासरूम में टाइल्स लगाया जाये। इसमे खण्ड शिक्षा अधिकारी/ प्रधानाध्यापक विशेष ध्यान देकर अच्छी गुणवत्ता का टाइल्स लगवायें। यदि विद्यालय की छत टपक रही है उसकी मरम्मत हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया गया। विद्यालय फण्ड में जो धनराशि मिलती है उससे पेन्टिंग कराये। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने कहा कि मेरे द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया जाता है तथा प्रत्येक सप्ताह बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा की जाती है। जो शिक्षक अच्छा कार्य कर रहे है उन्हे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। शासन के मंशानुसार जनपद को निपुण बनाना है। निपुण सिद्धार्थनगर बनाने हेतु हिन्दी और गणित पर विशेष ध्यान देना है। सभी शिक्षक अपनी डायरी भरें तथा विषयवार तैयार करें। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा जो एसओपी जारी की गयी है उसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। प्रदेश में उप चुनाव के दृष्टिगत दिनांक 29 नवम्बर 2024 को कक्षा 1-3 तथा 30 नवम्बर 2024 को कक्षा 4-8 तक के बच्चों का एन.ए.टी. परीक्षा आयोजित किया जाना है जिसके लिए शिक्षक पूरी मेहनत से बच्चों की तैयारी कराये। यह परीक्षा ओ.एम.आर.शीट पर करायी जायेगी। जिसका परीक्षाफल मुख्यमंत्री डैसबोर्ड पर भी अपलोड किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा में सुधार होगा तभी जनपद में सुधार होगा। जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इस कार्य में आप सभी का सहयोग प्राप्त होगा। सभी शिक्षको द्वारा सहमति दी गयी। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी लोटन अशोक कुमार सिंह, अहमद हुसैन खान, टाइगर आजाद कमलेश, राजेश तिवारी, मोहम्मद शकील, प्रेमला, मोजीबुर्हमान, जय केश सिंह, निजामुद्दीन, राम शंकर पाण्डेय, गोल्डी मोहम्मद जाहिद, आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा बस्तिया मे बन रहे मनरेगा पार्क में ओपन जिम का किया गया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर0 द्वारा विकास खण्ड लोटन के ग्राम पंचायत बस्तिया के मनरेगा पार्क में ओपेन जिम, ध्यान स्थल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने सोलर लाइट, ओपेन जिम, बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक सप्ताह मनरेगा द्वारा बनाये जा रहे खेल मैदान/मनरेगा पार्क की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध करायेगे। इसके साथ ही जनपद के सभी मनरेगा पार्क/खेल मैदान का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत महथावल मे बन रहे खेल मैदान का भी निरीक्षण किया गया जिलाधिकारी द्वारा ओपेन जिम, दर्शक दीर्घा ध्यान केन्द्र चबुतरा का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण करने का निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिया गया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता,आर एस जे ई राकेश चौधरी, सचिव दिलीप पटेल, प्रधान बस्तियां चन्द्र बलि यादव,सचिव ईश्वर देव ग्राम प्रधान केदारनाथ रोजगार सेवक सोनू चौरसिया अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# थाना समाधान दिवस पर लोटन थाने मे पहुंचे जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता में थाना लोटन में थाना समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा सुना गया। ज्यादातर प्रकरण भूमि विवाद एवं नाली से संबधित था।वही विशुनपुर के इरशाद अहमद द्वारा नलकूप के कुलावा और पाईप लाईन खराब होने की शिकायत जिलाधिकारी को किया गया जिलाधिकारी द्वारा सम्बंधित को सही करने का निर्देश दिया गया।समस्त राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, वरासत, बंटवारा

**डीएम ने थाना प्रभारी को लगाई फटकार**

आदि के जो प्रकरण हैं उनका मौके पर जाकर सही ढ़ग से निस्तारण करायें। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये लेखपाल द्वारा थाना प्रभारी को सोमवार को सरकारी कागज मे छेड़ छाड़ करने को लेकर सुचना देने के बाद भी मुकदमा दर्ज नही किया गया था जिसको लेकर जिलाधिकारी द्वारा थाना प्रभारी को फटकार लगाई गई। जिलाधिकारी की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस के अवसर पर जो भी प्रकरण प्रस्तुत हुए जिलाधिकारी ने हल्का लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि शनिवार और रविवार को सभी हल्का लेखपाल राजस्व निरीक्षक को साथ लेकर मौके पर जाकर नाली का विवाद,चकमार्ग का विवाद व जमीन बटवारा व अवैध कब्जा/ पट्टा प्रकरणो को ग्रामवासियों का बयान लेकर निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर जाये। अधिकतम प्रकरणो को निस्तारण कराकर ही लौटे, प्रकरण लम्बित कदापि न रखा जाये। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर अवैध रूप से कब्जा किया है तो उसके विरूद्ध हल्का लेखपाल थाने मे जाकर मुकदमा दर्ज कराये। इस दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक लोटन राजेश कुमार गुप्ता, चौकी प्रभारी महेश कुमार शर्मा उप निरीक्षक रमेश चन्द्र यादव मोहम्मद खुर्शीद, फूल चन्द यादव मृत्युंजय गुप्ता, संजय गौतम लेखपाल मनोज कुमार, अखिलेश कुमार यादव, मोहम्मद हसन तमीम आदि उपस्थित रहे।

## बड़े हर्षोल्लास के साथ गौशाला में मनाया गया गोपाष्टमी पर्व

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन गोपाष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। गौ माता को समर्पित गोपाष्टमी का पर्व विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के वृंदावन और मथुरा में मनाया जाता है। इसी कड़ी में गोपाष्टमी के पर्व को जलालपुर नगर स्थित गौशाला नगरपालिका में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है । ईओ अजय कुमार सिंह एंव भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र ने गौ माता को माला पहनाकर भव्य आरती उतारी और उनको गुड़ और चना खिलाया। इस अवसर प्रभारी रमाकांत चौबे नगर मंत्री अमित गुप्त, नगर महामंत्री विकाश निषाद, बड़े बाबु राम प्रकाश पांडे, शक्ति केंद्र संयोजक गौरव उपाध्याय समेत आदि मौजूद रहे। भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र ने बताया कि जिस स्थान पर गाय निर्भय होकर सांस लेती है वह स्थान अत्यधिक पवित्र एवं पुण्यवान होता है। ऐसी मान्यता हैं की गौ सेवा करने वाले मनुष्यों का जीवन धन धान्य और खुशियों से भर जाता हैं इसलिए गाय माता की पूजा व सेवा करनी ही चाहिए।

## प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले 11 छात्रों को किया सम्मान

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** शिक्षा को आधार बनाकर ही देश व समाज में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया जा सकता है। यही कारण है कि टी एम टी के संस्थापक रहे पद्मभूषण से सम्मानित डाक्टर कल्बे सादिक का पूरा जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित रहा। उक्त बातें चैम्पस परीक्षा के समन्वयक सेवानिवृत्त इनकम टैक्स डिप्टी कमिश्नर अमीर हैदर जैदी ने नगर के जाफराबाद स्थित मकतब इमामिया जाफरिया में मेधावी छात्रों-छात्राओ को सम्मानित करते हुए व्यक्त की। तौहीदुल मुसलमीन ट्रस्ट लखनऊ द्वारा आयोजित विगत अप्रैल माह में चैम्पस प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 11 मेधावी छात्रों को समारोहपूर्वक सम्मान से नवाजा गया। कक्षा 4 से कक्षा 11 तक शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं ने परीक्षा केंद्र बनाए गए रेडियंट चिल्ड्रेन एकेडमी में 285 बच्चे प्रतियोगी परीक्षा में भाग लिया था। प्रतियोगी परीक्षा में सफल मोहम्मद यासूब अब्बास, मोहम्मद हुसैन मेंहदी, खदीजा बेग, मोहम्मद फ़ज़ल, श्रेयांस यादव, सय्यद मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद नकी, अब्बास रिज़वी, अली शादमान, मोहम्मद शाकिर, जफर मोहसिन अब्बास को चेक व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।शेष प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र सौंप उत्साहवर्धन किया गया। उक्त अवसर पर टी एम टी के रिजवी रिजवी, कमर हैदर रिजवी के अलावा इब्ने अली जाफरी,अहसन रज़ा मीसम, रहबर सुलतानी, रेडियंट चिल्ड्रेन एकेडमी के प्रधानाचार्य अखिलेश शुक्ला, रहबर मेंहदी, जायर हुसैन आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सय्यद इशरत हुसैन, अली इमाम, हकीम आले हसन, शाहिद रज़ा, अली हैदर, अब्बास मेहदी समेत तमाम छात्र व अभिभावक मौजूद रहे।



## ग्राम पंचायत भावपुर उर्फ गुलरी व लोहटी में लगा चौपाल, गाँव की समस्या गांव में समाधान

**भावपुर उर्फ गुलरी के प्राथमिक विद्यालय पर सचिव व लोहटी पंचायत भवन पर सचिव के अध्यक्षता में कार्यक्रम**

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भावपुर उर्फ गुलरी व लोहटी में शुक्रवार को गाँव की समस्या गाँव में समाधान करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत लोहटी में कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव उदय प्रताप गौतम ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।



चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना,राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है। इस दौरान ग्राम पंचायत लोहटी में चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत सचिव उदय प्रताप गौतम, ग्राम प्रधान रामछवीले, रोजगार सेवक शिवशंकर यादव, पंचायत सहायक कविता पासवान, सफाई कर्मी शिव राम, विद्याशंकर, आंगनबाड़ी विद्यावती यादव, समूह अध्यक्ष पुष्पा देवी आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं ग्राम पंचायत भावपुर उर्फ गुलरी चौपाल में ग्राम पंचायत सचिव अवधेश कुमार यादव, महिला ग्राम प्रधान सुनरपाती, प्रधान प्रतिनिधि महेश कुमार यादव, रोजगार सेवक आशा राम शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## एसएसपी के आदेश पर छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले युवक पर केस दर्ज

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव में बीए की छात्रा के साथ एक मनचले द्वारा बार बार छेड़छाड़ किया जाता था। पीड़िता द्वारा पुलिस से शिकायत करने के बाद भी आरोपी युवक पर कारवाई नहीं हो पा रही थी। पीड़िता ने एसएसपी ने मिलकर न्याय की गुहार लगाई आदेश के बाद ही आरोपी पर केस दर्ज हो पाया। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव के बीए छात्रा जो विश्वविद्यालय गोरखपुर में पढ़ती है। वह घर से कालेज जाती आती थी। रास्ते में एक युवक उसे अकेला पाकर छेड़छाड़ करता रहता था। एक दिन छात्रा दुर्गा पूजा देखने गई तो आरोपी उसे पकड़ कर धमकाने लगा और छेड़छाड़ करने लगा। शिकायत के बाद पुलिस ने कोई कारवाही नहीं किया।इसके बाद पीड़िता की मां ने एसएसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाया। आड3श पर पुलिस ने आरोपी युवक आदित्य पुत्र सुरघाम के खिलाफ छेड़छाड़ तथा धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## यतीम बच्चों की शिक्षा में मदद के लिए देवदूत बने आशीष



अवधनामा संवाददाता

**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र बर्डपुर में ब्लॉक समन्यवक गुणवत्ता के पद पर कार्यरत आशीष सिंह, क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले यतीम बच्चों की शिक्षा के लिए देवदूत बनकर उन्हें शिक्षण सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं, इसी क्रम में आज उन्होंने बर्डपुर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय नंदनगर की कक्षा 4 की छात्रा आशा, कृष्णा, शालू और शिवानी तथा प्राथमिक विद्यालय सेमरी में कक्षा 1 के यतीम छात्र खुशियाल को सभी शिक्षण सामग्री देकर उनकी मदद की। शिक्षण सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी खिल उठे। प्रधानाध्यापक बुद्धिराम ने बताया कि नन्द नगर विद्यालय की जिन चारों बच्चियों को आज शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई गई है, यह वास्तव में इतने यतीम है कि इनकी देखभाल के लिए इनके माता पिता भाई बहन या कोई अभिभावक नहीं है, ये बच्चे स्वयं खाना बनाकर घर में ताला लगाकर विद्यालय पढ़ने आते हैं, वास्तव में ब्लॉक समन्यवक गुणवत्ता आशीष सिंह इनके लिए किसी देवदूत से कम नहीं है, क्योंकि इन्होंने उन बच्चियों की शिक्षा के लिए जो मदद की है, वास्तव में यह बहुत ही पुनीत और प्रशंसनीय कार्य है। ब्लॉक समन्वयक गुणवत्ता आशीष सिंह ने बताया कि परिषद के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे अधिकतर गरीब होते हैं, उनमें तमाम ऐसे बच्चे हैं जिनके मां बाप या कोई मददगार नही हैं, उनको शिक्षा हासिल करने में कोई दिक्कत न हो, इसलिए, उन्हें सभी प्रकार के शिक्षण सामग्री तथा बैग, कॉपी, किताब, कलर बॉक्स, ज्योमेट्री बॉक्स, इरेज़र, ड्रेस, जूता, मोजा, स्वेटर आदि सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। आगे भी हर संभव मदद किया जाएगा। उक्त अवसर पर प्रधानाध्यापक बुद्धिराम साधू शरण चौहान सहायक अध्यापक मीना, प्रीति, राधा सिंह शिक्षा मित्र अमित कुमार, इसलवाती आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सौपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता




**बांसी सिद्धार्थनगर।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिला अध्यक्ष ऐडवोकेट जलाल अहमद चौधरी की अगुवाई में राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम बांसी की गैर मौजूदगी में स्टोनो को सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि मीडिया में खबर आई है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 27,000 सरकारी स्कूलों को बंद करने की योजना बनाया है जो जनविरोधी है। यह सरकार वर्ष 2020 तक 26,000 स्कूलों को बंद कर चुकी है और आगे और स्कूलों को बंद करना चाहती है । सरकार का यह फैसला सीधे तौर पर गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार जानबूझकर सरकारी विद्यालयों के पास निजी विद्यालयों को मान्यता देने और उन्हें खोलने की नीति अपना रही है ताकि सरकारी विद्यालयों में छात्र की संख्या कम हो सके और उन्हें बंद करने का रास्ता तैयार हो। यह एक सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है, जिसके अंतर्गत सरकारी विद्यालयों के पास निजी विद्यालयों की अनुमति दी जा रही है जबकि नियमानुसार एक किलोमीटर की परिधि में ऐसे विद्यालयों को मान्यता नहीं दी जा सकती।आम आदमी पार्टी मांग करती है कि हर जनपद हर ब्लॉक में ऐसे विद्यालयों को चिन्हित किया जाए, जो सरकारी विद्यालयों के पास स्थित हैं और अवैध रूप से खोले गए हैं। यह एक गंभीर मामला है, क्योंकि इन निजी विद्यालयों की अनुमति देने से,सरकारी विद्यालयों में छात्रों की संख्या घट रही है और उनका अस्तित्व संकट में आ गया है। 27,000 सरकारी विद्यालयों को बंद करने का आदेश गलत है इससे न केवल छात्रों की शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ेगा, बल्कि इससे कई योग्य शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे, जो पहले से राज्य सरकार की शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट पास कर चुके हैं और उन्हें रोजगार का अवसर मिल चुका है। इस कदम से सरकारी शिक्षा का ढांचा कमजोर हो रहा है।आम आदमी पार्टी सरकारी विद्यालयों को बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित रहे।इस दौरान मौके पर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर इमरान लतीफ, जिला अध्यक्ष यूथ बैंक सिद्धार्थ नगर किस गोपाल चौधरी रामकरण गौड़ रामकुमार राहुल कुमार राम दिनेश दुर्गेश कुमार कृष्ण सर्वेश मकसूद अली लक्ष्मण कृष्णा राम लखन ओमप्रकाश मिश्रा बृजभान यादव रमेश शिवकुमार पासवान अंसारी रामू रामनरेश शिवचंद गुप्ता मौजूद रहे।


## औघड़दास समिति के अध्यक्ष को मनबढ़ ने दी धमकी



**जलालपुर, अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के बड़ेपुर गांव स्थित शंकर जी महाराज बाबा औघड़ दास प्रबंध समिति के अध्यक्ष को एक छद्मभेष धारी मनबढ़ साधु ने गोली मारने की धमकी दी है। घटना के बाद से अध्यक्ष भयभीत हैं। अध्यक्ष के साथ थाने पहुंचकर समिति के पदाधिकारी ने पुलिस को तहरीर दी है। बलुआ बहादुरपुर गांव निवासी रूद्रसेन सिंह बडेपुर में स्थित करीब 200 वर्ष से भी अधिक प्राचीन प्रसिद्ध शंकर जी महाराज बाबा औघड़ दास मठ के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार देखते हैं। समिति ने यहां पर शिव मंदिर पर देवी देवताओं की पूजा पाठ, आरती, व देख भाल के लिए बाबा घनश्याम दास को पुजारी के रूप में नियुक्त किया है। बीच में कुछ दिनों के लिए संत बाबा घनश्याम दास पिपरी सैदपुर अपने गुरु के आश्रम चले गए। इसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति साधु के भेष में बाबा औघड़ दास मठ पर आकर रहने लगा। साधु भेष में होने के कारण लोगों ने इसे कुछ नहीं बोला। आरोप है कि जब से यह आया है आए दिन लोगों से गाली गलौज एवं मारपीट पर आमादा रहता है। 6 नवंबर शाम को बाबा घनश्याम दास मठ पर वापस आए। तो छद्म भेष धारी साधु ने उनसे गाली गलौज की और उन्हें भागने लगा। सूचना पर मठ के अध्यक्ष रूद्रसेन सिंह पदाधिकारियों के साथ मंदिर पहुंचे। यहां पर अवैध रूप से रह रहे मनबढ़ साधु ने अध्यक्ष को भी फर्सा दिखाकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए गोली मारने की धमकी दी।

## नवजात शिशु को भेजा गया राजकीय बाल शिशु गृह

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** न्यायपीठ बाल कल्याण समिति अंबेडकरनगर के संरक्षण आदेश के क्रम में जिला चिकित्सालय अंबेडकरनगर में उपचार हेतु संरक्षित नवजात शिशु को राजकीय बाल गृह शिशु लखनऊ में संरक्षण हेतु भेजा गया। विगत दिनों थाना क्षेत्र बसखारी क्षेत्र किछौछा क्षेत्र में एक नवजात लावारिस शिशु बालिका पाई गई थी जिसे पुलिस द्वारा जिला अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। जिला अस्पताल में स्वस्थ होने पर बाल हितों के दृष्टिगत संरक्षण हेतु समुचित सुरक्षित व्यवस्था के साथ नवजात बच्ची को लावारिस होने के कारण बाल कल्याण समिति के संरक्षण आदेश के क्रम में राजकीय बल गृह शिशु लखनऊ भेजा गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ओमप्रकाश डॉ योगेश वर्मा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राम नायक वर्मा सदस्य गण मनोज कुमार तिवारी, शकुंतला गौतम एस0एन0सी0यू0 वार्ड की नर्स कुसुम व अन्य स्टाफ तथा समाजसेवी बरकत अली मौजूद रहे।



## शान्ती के प्रयास तेज हो

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्सकी ने टाइम्स आफ इन्डिया अखबार में एक साक्षात्कार दिया है। शान्ती की जरूरत वह मानते है। नरेन्द्र मोदी के सम्भावित मध्यस्थत की बात करते है। शादी के समझौते के लिये जो लचीलापन चाहिये अभी उसकी झलक नहीं दिख रही है। जेलेन्स की शान्ती सम्मेलन आयोजित कर चुके है। पर उसे अपने अनुकूल बनाने के लिये इस्तेमाल करने में व्यस्त रहे। इस सम्मेलन में भारत भाग लेने के बावजूद संयुक्त बक्तव्य पर हस्ताक्षर नहीं किया की जेलेन्सकी शान्ती की जगह सम्मेलन के अपने अनुकूलता में भिड़े रहे। भारत का कहना है कोई भी समझौता बिना दोनो पक्षों के शामिल हुये कैसे सम्भव हो सकता है साफहै मोदी का नज़रिया व्याहारिक है। जेलेन्सकी अन्दर अन्दर भारत से नाखुश दिखते है कि वह निष्पक्ष रूख अपनाये हुये है। जेलेस्की को समझना चाहिये कि भारत यदि किसी के पक्ष में अपना रूख दिखाता है तो दूसरे पक्ष का भारत पर से विश्वास उठ जायेगा। यह समझौते के लिये घातक होगा। मध्यस्था करने वाले पर दोनो पक्षों का उसकी मध्यस्थता कर रहा है। जेलेन्सकी फ्रि भी भारत पर विश्वास बनाये हुये है।

रूस का युद्ध में युक्रेन पर दबाव बढ़ता जा रहा है इसलिये जेलेन्सकी चिन्तित है वह अमेरिका जो युक्रेन का मददगार है वहां चुनाव होने जा रहा है अगर ट्रम जीतते है तो वह साफकह रहे वह युक्रेन को मदद बन्द कर देगे। इसे लेकर युक्रेन पर जो दबाव पड़ रहा है उसका फायदा उठाते हुये पुतिन कह रहे है शान्ती समझौते में युक्रेन को वह कोई छूट देने नही जा रहे है। पर ऐसे विरोधाभासों के बीच से ही शान्ती की राह निकलती है। परदे के पीछे शान्ती के प्रयास होते रहना चाहिये। अब रूस और युक्रेन का युद्ध से होने वाले हानियो से मुखतिब है। इसलिये शान्ती के प्रयास तेज होने चाहिये। रूस युद्ध में मदद के लिये अपने साथी उत्तरकोरिया के सेनाओं की मदद ले रहा है। इस तरह युद्ध कही भंयकर हालात न पैदा करके उस नियन्त्रण में लाना मुशकिल हो जाये। किसी भी तरह शान्ती के लिये दोनो को एक टेबुल पर लाना जरूरी हो गया है।

## अब और पाकिस्तान नहीं!



के. विक्रम राव

मेरी बारहवीं किताब छप गई है, काफी प्रतीक्षा के बाद। शीर्षक है अब और पाकिस्तान नहीं (अनामिका प्रकाशन, दिल्ली, पंकज शर्मा फोन 011-437 08938 और 23281655 या 9868345527)। इसका आधार है लाल किले के प्राचीर से गत वर्ष प्रधानमंत्री का ऐलान कि स्वाधीनता दिवस के एक दिन पूर्व (14 अगस्त) को विभाजन की त्रासदी दिवस को याद किया जाएगा। उसी के संदर्भ में इस पुस्तक में मुस्लिम अलगाववाद और विभाजन की सांप्रदायिक मुहिम के विषय में दस्तावेजी सामग्री उपलब्ध है। पाकिस्तान एक फितूर से उगकर ख्वाब बना और फिर एक खूनी हकीकत। इस परिवेश में भी सम्यक और प्रामाणिक प्रसंग पेश किए गए हैं।

एक ऐतिहासिक तथ्य व्यापक तौर पर चर्चित है कि भारत का मुस्लिम बहुमत मोहम्मद अली जिन्ना के साथ नहीं था। कट्टर मुस्लिम लीगी तक भारत में रह गए। कराची नहीं गए। उनकी राय में जिन्ना के भाई अहमद अली जिन्ना की बात सही थी कि भाई तो सुल्तान बनना चाहता था, बन गया। यहां नीचे मेरे लेख के कुछ अंश पेश हैं क्रम संख्या 39 (पृष्ठ 166 शीर्षक है नेहरू जानते थे कि मुस्लिम बहुमत पाकिस्तान के पक्ष में नहीं है। फिर भारत क्यों विभाजित हुआ?

आज (14 अगस्त 2023) भारत के विभाजनवाली विभीषिका की बरसी है। यह क्रूरतम और निकृष्टतम त्रासदी थी। चंद सिरफिरे मुसलमानों, जिनके बाप-दादा हिंदू थे, ने यह जघन्य साजिश रची थी। अतः सरदार वल्लभभाई पटेल का प्रश्न आज भी वाजिब है। तब (1945) पश्चिमोत्तर भारत के राष्ट्रवादी नेता खान अबुल कय्यूम खान अचानक जिन्ना के मुस्लिम लीग में भर्ती हो गये। कभी उन्होंने कहा था मैं अपना लहू बहाकर भी पाकिस्तान का विरोध करूंगा। सरदार ने पूछा कय्यूम साहब, अब आपकी पार्टी के साथ क्या आपका मुल्क भी बदल गया है?

मगर आज क्या हालत है जिन्ना-सृजित इस स्वप्नलोक की? बंबइया फिल्मी संवाद-लेखक 63-वर्षीय शक्तिमान विकी तलवार ने अपनी ताजी फिल्म गदर-2 में लिखा दुबारा मौका हिंदुस्तान में बसने का इन्हें मिले, तो आधे से ज्यादा पाकिस्तान खाली हो जाएगा। अभिनेता सनी देओल ने पाकिस्तान से यह भी कहा कटोरा लेकर घूमोगे, तब भी भीख नहीं मिलेगी। याद करें आज का दिन 1947 वाला, बृहस्पतिवार, 14 अगस्त 1947, जब पाकिस्तान पैदा हुआ था। राजधानी कराची में नये सुल्तान गवर्नर-जनरल मोहम्मद अली जिन्ना ने राजकीय लंच दिया था। सारे राजदूत आमंत्रित थे। तभी जिन्ना के निजी सहायक खुर्शीद हसन खुर्शीद ने उनके कान में फुसफुसाया जनाब, कायमे आजम साहब, आज रमजान की आखिरी तारीख है। रोजे अभी चालू हैं। मगर लोग दोपहर को ही मदिरा के जाम टकराते रहे। मतलब इस्लामी जम्हूरियाये पाकिस्तान के स्थापना दिवस पर जिस दिन काठियावाड़ी हिंदु मछुवारे जीणाभाई का वंशज मोहम्मद अली शराब पी रहा था उसी तारीख को, 610ईस्वी में, पैगंबर मुहम्मद को देवदूत गेब्रियल दिखाई दिए थे। इस्लामी पवित्र पुस्तक कुरान के बारे में उन्हें बताया था। वह अत्यंत पाक दिन था। मगर इस्लामी पाकिस्तान के जन्मदिन पर रोजा नहीं रखा गया, लंच पर त्योहार मनाया जाता रहा था। पाकिस्तान की ऐसी इब्तिदा थी।

यदि आज पर विभाजन की त्रासदी पर विमर्श हो, तो एक ऐतिहासिक पहलू गौरतलब बनेगा। असंख्य नामी-गिरामी इस्लामी नेता बटवारे के कठोर विरोधी थे। जिन्ना अकेले पड़ गए थे। तब भी भारत क्यों टूटा? गौर करें उन दारुल इस्लाम के विरोधियों के नाम पर। सिंध के मुख्यमंत्री गुलाम हुसैन हिदायतुल्ला ने तकसीम के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। पंजाब के प्रधानमंत्री मलिक खिजर हयात तिवाना ने इसे पंजाब प्रांत और जनता को विभाजित करने की एक चाल के रूप में देखा। उनका मानना था कि पंजाब के मुस्लिम, सिख और हिंदू सभी की संस्कृति एक समान थी और वे धार्मिक अलगाव के आधार पर भारत को विभाजित करने के खिलाफ थे। मलिक खिजर हयात, जो खुद एक नेक मुस्लिम थे, ने अलगाववादी नेता मुहम्मद अली जिन्ना से कहा वहां हिंदू और सिख तिवाना हैं, जो मेरे रिश्तेदार हैं। मैं उनकी शादियों और अन्य समारोहों में जाता हूं। मैं उन्हें दूसरे राष्ट्र वाला कैसे मान सकता हूं? ढाका के नवाब के आदि भाई ख्वाजा अतीकुल्लाह ने तो 25,000 हस्ताक्षर एकत्र किए और विभाजन के विरोध में एक ज्ञापन प्रस्तुत किया था। पूर्वी बंगाल में खाकसार आंदोलन के नेता अल्लामा मशरिकी को लगा कि अगर मुस्लिम और हिंदू सदियों से भारत में बड़े पैमाने पर शांति से एक साथ रहते थे, तो वे स्वतंत्र और एकजुट भारत में भी ऐसा ही कर सकते थे। सीमा के दोनों ओर कट्टरवाद और उग्रवाद को विभाजन बढ़ावा देगा। उनका मानना था कि अलगाववादी नेता सत्ता के भूखे थे और ब्रिटिश एजेंडे की सेवा करके अपनी शक्ति बढ़ाने के लिए मुसलमानों को गुमराह कर रहे थे। सिंध के मुख्यमंत्री अल्लाह बख्श सूमरो मजहबी आधार पर विभाजन के सख्त विरोधी थे। सूमरो ने घोषणा की कि मुसलमानों को उनके धर्म के आधार पर भारत में एक अलग राष्ट्र के रूप में मानने की अवधारणा ही गैर-इस्लामिक है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने 1978 में दिए गए अपने ही फ़ैसले को पलट कर न केवल जनहित की रक्षा की है बल्कि कानून की एक बड़ी कमी को सुधारा है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस ऋषिकेश रॉय, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस एससी शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह इस फ़ैसले पर एकमत थे, वहीं जस्टिस बी.वी नागरत्ना फैसले से आंशिक रूप से सहमत थे जबकि जस्टिस सुधांशु धूलिया ने सभी पहलुओं पर असहमति जताई।

# निजी सम्पत्ति अधिग्रहण पर राह दिखाने वाला फैसला



ललित गर्ग

सुप्रीम कोर्ट ने हर निजी सम्पत्ति पर सरकार कब्जा नहीं कर सकती वाला राह दिखाने वाला फैसला देकर जहां निजी सम्पत्ति धारकों के अधिकारों की रक्षा की है, वही अर्थ-व्यवस्था को तीव्र गति देने के धरातल को मजबूत बनाया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने जाहिर किया है कि निजी संपत्ति के भी अपने अधिकार हैं, जिसकी अवहेलना नहीं की जा सकती। अब सरकारों यानी नीति निर्माताओं को भूमि अधिग्रहण और अन्य निजी संपत्ति अधिग्रहण करने के लिए अधिक न्यायसंगत और पारदर्शी रूपरेखा बनानी होगी। नया फैसला अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण है और आदर्श शासन एवं न्याय व्यवस्था का द्योतक है। यह फैसला केवल इसलिए ऐतिहासिक नहीं है कि यह नौ सदस्यीय संविधान पीठ की ओर से दिया गया, बल्कि इसलिए भी अनूठा है, क्योंकि इसने उस समाजवादी विचार को आईना दिखाया, जिसे सरकारों की रीति-नीति का अनिवार्य अंग बनाने का दबाव रहता था। स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उन समाजवादी और वामपंथी सोच वालों के लिए भी झटका है, जो यह माहौल बनाने में लगे हुए थे कि देश में गरीबी और असमानता तभी दूर हो सकती है, जब सरकार संपत्ति का पुनर्वितरण करने में सक्षम हो और उसे यह अधिकार मिले कि वह किसी की भी संपत्ति का अधिग्रहण कर सकती है।



ताजा फैसले में कहा है कि किसी व्यक्ति के स्वामित्व वाले प्रत्येक संसाधन को केवल इसलिए समुदाय का भौतिक संसाधन नहीं माना जा सकता क्योंकि वह भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। कोर्ट ने कहा कि किसी निजी स्वामित्व वाली संपत्ति को समुदाय के भौतिक संसाधन के योग्य मानने के पहले उसे कुछ कठोर परीक्षणों को पूरा करना होगा। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 39(बी) की व्याख्या करते हुए कहा कि अनुच्छेद 39(बी) के तहत आने वाले संसाधन के बारे में जांच कुछ विशेष चीजों पर आधारित होनी चाहिए। इसमें संसाधनों की प्रकृति, विशेषताएं, समुदाय की भलाई पर संसाधन का प्रभाव, संसाधनों की कमी तथा ऐसे संसाधनों के निजी हाथों में केंद्रित होने के परिणाम जैसे कारक हो सकते हैं। इसके लिये पहचान एवं परीक्षण अपेक्षित होगी। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा विकसित पब्लिक ट्रस्ट के सिद्धांत भी उन संसाधनों की पहचान करने में मदद कर सकते हैं जो समुदाय के भौतिक संसाधन के दायरे में आते हैं। ऐतिहासिक रूप से भारत में भूमि अधिग्रहण अक्सर विवादास्पद रहा है, जिसमें औद्योगिक परियोजनाओं या बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बड़े पैमाने पर अधिग्रहण से महत्वपूर्ण विरोध प्रदर्शन हुए हैं। सिंगूर और नंदीग्राम जैसे मामलों ने सरकारी अधिग्रहण के खिलाफ भूमि मालिकों और किसानों के प्रतिरोध को उजागर किया। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि निजी संपत्ति का अधिकार एक मानवाधिकार माना जाता है। इसलिये राज्य के लिये किसी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से वंचित करने के लिए उचित प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है।

चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने 1978 में दिए गए अपने ही फ़ैसले को पलट कर न केवल जनहित की रक्षा की है बल्कि कानून की एक बड़ी कमी को सुधारा है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस एससी शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह इस फ़ैसले पर एकमत थे, वहीं जस्टिस बी.वी नागरत्ना फैसले से आंशिक रूप से सहमत थे जबकि जस्टिस सुधांशु धूलिया ने सभी पहलुओं पर असहमति जताई। विद्वान जजों ने निजी संपत्तियों को समुदाय के भौतिक संसाधन मानते हुए राज्य द्वारा कब्जा करके या अधिग्रहण करके सार्वजनिक भलाई के लिए वितरित करने के अधिकार पर रोक लगाते हुए कहा है कि सभी निजी संपत्तियां समुदाय के भौतिक संसाधनों का हिस्सा नहीं बन सकतीं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया कि सरकार एक हद तक ही निजी सम्पत्तियों का अधिग्रहण कर सकती है।

अपने फैसले से सुप्रीम कोर्ट ने एक तरह से यह भी रेखांकित कर दिया कि आपातकाल के समय संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता के साथ समाजवाद शब्द जोड़कर भारतीय शासन व्यवस्था में समाजवादी तौर-तरीके अपनाने का जो काम किया गया था, वह निरर्थक एवं औचित्यपूर्ण नहीं था। अच्छा हो कि इस निरर्थकता को वे लोग भी समझें, जो संपत्ति के सृजन से अधिक अहमियत उसका पुनर्वितरण करने पर देते हैं। यह देश को समृद्धि की ओर ले जाने का रास्ता नहीं है। हो भी नहीं सकता, क्योंकि दुनिया भर का अनुभव यही बताता है कि जिन देशों ने अपने लोगों की भलाई के नाम पर अतिवादी समाजवादी तौर-तरीके अपनाए, वे आर्थिक रूप से कठिनाइयों से ही घिरे। आज जबकि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले से उसे अधिक तीव्र गति मिल सकेगी एवं निजी क्षेत्र के अधिकारों की रक्षा हो सकेगी। अर्थ-व्यवस्था एवं बाजार को तीव्र गति देने के लिये निजी क्षेत्र के अधिकारों की रक्षा करना जरूरी है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय पीठ ने महाराष्ट्र के एक मामले में संविधान पीठ को भेजे गए कानूनी सवालों का जवाब देते हुए यह फैसला सुनाया है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस न्यायालय की भूमिका आर्थिक नीतियां तय करना नहीं है, क्योंकि इसके लिए लोगों ने सरकार को वोट दिया है। लेकिन यदि सभी निजी संपत्तियों को सामुदायिक संसाधन माना जाएगा, तो यह संविधान के मूल सिद्धांतों का हनन है, इसलिये इसे रोकना कानून के दायरे में आता है। उन्होंने यह भी कहा कि 1990 के बाद से अर्थव्यवस्था में बदलाव आया है और अब बाजार उन्मुख आर्थिक मॉडल पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके लिये राष्ट्रवादी सोच जरूरी है। संविधान पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि जस्टिस अय्यर का दृष्टिकोण समाजवादी थीम पर आधारित था और इससे सहमति नहीं जताई जा सकती। 1977 में कर्नाटक बनाम रंगनाथ रेड्डी मामले में जस्टिस अय्यर ने निजी संपत्तियों को सामुदायिक संसाधन बताया था। 1982 में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड मामले में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने जस्टिस अय्यर के फैसले से सहमति जताई थी। लेकिन अब उन फैसलों की भावना एवं लक्ष्य को बदलते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अधिक उपयुक्त एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया है। यह फैसला सरकारों की इस दिशा में मनमानी को रोकता है। इस तरह निजी संपत्ति संबंधी सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले ने करीब चार दशक पुराने उस फैसले को खारिज करने का काम किया, जिसमें कहा गया था कि सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है।

# यूपी महिला आयोग का महिलाओं के हक में बड़ा कदम

यूपी महिला आयोग ने कई बिंदुओं को लेकर सरकार को प्रस्ताव भेजा है जो कि महिलाओं की सुरक्षा और रोजगार से जुड़ा हुआ है। मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि आज कल ब्यूटी पार्लर में भी पुरुष महिलाओं का मेकअप और कपड़े पहनाते हैं जो कि गलत है उन्होंने कहा कि जहां पर भी महिलाओं संबंधित अंडर गारमेंट मिलते हैं वहां भी महिला कर्मचारी होनी चाहिए, कुछ मिलाकर जहां भी महिलाओं के काम को पुरुष करते हैं वहां महिला सहकर्मी होनी चाहिए।



किशन भावनानी

भारत वैश्विक रूप से अकेला ऐसा देश है जिसमें नारी सम्मान को आध्यात्मिक, नैतिक, सामाजिक,शासकीय प्रशासकीय स्तरपर अति महत्व दिया जाता है। यहां नारी को नारायणी,मां दुर्गे, मां काली, मां जगदंबे स्तर पर पौराणिक कथाओं में सम्मान प्राप्त है ऐसा है हमारा भारत देश, साथियों हालांकि हमारे देश में नारियोंको अनेकविशेषाधिकार प्राप्त है, परंतु फिर भी हम देखते हैं कि नारी अत्याचार, प्रताड़ना, जुल्मों का वजन घटने की अपेक्षा समय -समय पर बढ़ने का आभास महसूस होता है, इसलिए समय आ गया है कि जहां बच्चों को स्नेह भरा व गंदी भावना के स्पर्श के बीच अंतर पहचानें के लिए जागरूक करें, वह महिलाओं को बेड टच करने वाले लीकेजेस को बंद करें ताकि यह संदेश उन तथाकथित अपराधियों व बुरी मानसिकता वालों के पास भी पहुंचे कि कुछ भी घटना करेंगे तो गले पड़ जाएगी। यूपी महिला आयोग ने प्रस्?ताव रखा है,सिर्फ महिलाएं ही लें औरतों के कपड़ों के नाप,जिम और योग केंद्रों में हों महिला प्रशिक्षक दरअसल कानपुर में एक जिम जाने वाली महिला की हत्या के बाद इस मामले ने तूल पकड़ा और यूपी महिला आयोग ने 28 अक्टूबर 2024 को एक प्रस्ताव पारित कर प्रशासनिक स्तरपर भेजा है।चूँकि सभी राज्य सरकारों ने महिलाओं व बच्चों को बेड टच के बढ़ते मामलों को रोकने हर क्षेत्र में संज्ञान लेकर कानून नियम व दिशानिर्देश बनाना समय की मांग है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे यूपी राज्य महिला आयोग का बेड टच व अपराधों से बचाव के लिए कई बिंदुओं पर अमल करने का प्रस्ताव।

साथियों बात अगर हम यूपी महिला आयोग द्वारा राज्य में एक प्रस्ताव पारित कर प्रशासन को अमल करने के लिए भेजनें की करें तो,यूपी राज्य महिला आयोग ने महिलाओं को बैड टच से बचाने और पुरुषों के महिलाओं के प्रति गलत इरादों को रोकने के लिए एक प्रस्ताव दिया है,जिसके तहत अब राज्य में पुरुष टेलर महिलाओं के कपड़ों की माप नहीं ले सकेंगे।आयोग का मानना है कि इस तरह के पेशे में शामिल पुरुषों की वजह से महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। जिम, बुटीक और दुकानों पर बैड टच के मामले बढ़ रहे हैं, ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बुटीक और जिम में महिला होनी ही चाहिए, इससे महिलाओंको राहत मिलेगी आयोग का सीधा सपाट कहना है कि महिलाओं के कपड़ों की माप के लिए अब पुरुष टेलर नहीं चलेगा,कम से कम यूपी में महिलाओं के कपड़ों की माप केवल महिला टेलर ही लेंगी। यही नहीं महिला आयोग ने अब टेलर की दुकान पर सीसीटीवी अनिवार्य कर दिया है। मतलब यूपी में कोई टेलर अब




तभी महिलाओं के कपड़े सी सकेगा। जब उसकी दुकान पर माप लेने वाली कोई महिला होगी। इस फैसले को सब अपने अपने चश्मे से देख रहे हैं,लेकिन महिला आयोग का कहना है कि महिला सुरक्षा के लिए ये फैसला अहम है।

साथियों बात अगर हम 28 अक्टूबर 2024 को राज्य महिला आयोग के प्रस्ताव की करें तो आयोग ने कई बिंदुओं को लेकर सरकार को प्रस्ताव भेजा है जो कि महिलाओं की सुरक्षा और रोजगार से जुड़ा हुआ है।मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि आज कल ब्यूटी पार्लर में भी पुरुष महिलाओं का मेकअप और कपड़े पहनाते हैं जो कि गलत है उन्होंने कहा कि जहां पर भी महिलाओं संबंधित अंडर गारमेंट मिलते हैं वहां भी महिला कर्मचारी होनी चाहिए, कुछ मिलाकर जहां भी महिलाओं के काम को पुरुष करते हैं वहां महिला सहकर्मी होनी चाहिए। स्कूलों की गाड़ियों में भी अब महिला कर्मचारी रखने कहा कि प्रदेश में बहुत सारे मामले बैड टचकोलेकर आते हैं, जिममें उनका वीडियो बनाकर ब्लैक मेल किया जाता है।उन्होंने कहा कि महिलाएं ना चाहते हुए भी मजबूरी में मेकअप, कपड़ों की नाप और अंडर गारमेंट्स पुरुषों से लेती हैं और कभी-कभी बैड टच का शिकार होती हैं।वें कहती हैं कि कई बार स्कूलों की गाड़ियों में भी पुरुष ड्राइवर और सहकर्मी होते हैं और बच्चियों के साथ घटनाएं होती हैं इन सबसे बचने के लिए महिला सहकर्मी का होना जरूरी है।प्रस्ताव के मंजूर होने के बाद सभी को पुलिस वेरिफिकेशन कराना आवश्यक है,जांच के बाद उनको क्लीन चिट दी जाएगी, उन्होंने कहा कि यदि कोई भी इन नियमों का पालन नहीं करता है तो उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी अपने कार्य क्षेत्र में लगाने होने। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव के अमल में आने के बाद महिलाओं को भी रोजगार मिलेगा साथ ही वो भी अपने परिवार का भरण पोषण कर सकेंगी प्रस्ताव के तहत उनका ये मकशद नहीं है कि पुरुष अपना काम छोड़ दें या अपने कर्मचारियों को निकाल दें, उनका मकसद है कि महिलाओं को सुरक्षा और अपराध से निजात मिले,उन्होंने कहा कि यदि कोई महिला पुरुष दर्जी से नाप या ब्यूटी पार्लर में पुरुष कर्मी से मेकअप या कपड़े पहनना चाहती हैं तो उसको इसके पहले लिख कर देना होगा,इसी प्रकार जिम योगा सेंटर से लेकर जहां भी महिलाओं संबंधित काम हो रहे हैं वहां भी लिखित में देना होगा।

साथियों बात अगर हम 28 अक्टूबर 2024 को हुई राज्य महिला आयोग की सभा की करें तो बैठक में महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण से जुड़े कई निर्णय लिए गए महिला आयोग के प्रस्ताव में कुछ भी गलत नहीं है, क्योंकि हर चीज का हमेशा दूसरा पक्ष भी होता है।महिला एवं आयोग एक मेंबर ने कहा, मैं कह रही हूं कि मैं विकल्प प्रदान करने के पक्ष में हूं और यह महिलाओं पर छोड़ती हूं कि वे पुरुषों के साथ अधिक सहज हैं या महिलाओं के साथ। उन्होंने कहा कि मुद्दा यह है कि जो महिलाएं बैड टच की शिकायत करती हैं और उनके पास विकल्प होना चाहिए। क्या उनके प्रस्तावों को पूरे राज्य में कहीं भी लागू किया गया है तो कहा, हम यह पता लगाने की प्रक्रिया में हैं कि क्या हमारे प्रस्ताव सभी जिलाधिकारी तक पहुंचे हैं। हमने अपने प्रस्ताव मुख्य सचिव को भी भेजे हैं और सरकार ही है जो प्रस्तावों को लागू करेगी।

साथियों बात अगर हम कुछ वर्गों द्वारा इस प्रस्ताव की आलोचना वह तारीफ करने की करें तो,कुछ नें कहा,हमें नहीं लगता कि यह न्यायसंगत निर्णय है क्योंकि यह हर किसी की व्यक्तिगत पसंद है कि वह पुरुषकर्मी से अपना कार्य करवाना चाहताहै या महिलाकर्मी से, दर्जी की दुकानों और महिलाओं के कपड़ों की दुकानों में महिलाओं की मौजूदगी अनिवार्य किए जाने के प्रस्ताव से कोई परेशानी नहीं है। लेकिन आखिर इससे व्यक्तिगत पसंदगी की अवहेलना हो रही है।

# बहराइच हिंसा: सांप्रदायिकता बनाम सद्भाव

प्रो बंदिनी कुमारी

ये घटनाएँ क्रिया और प्रतिक्रिया के आदिम नियमों से संचालित होती मालूम पड़ती है और प्रारंभिक क्रिया संभवतः उत्तेजनापूर्ण हो उकसाने वाली हो लेकिन प्रतिक्रिया करने वाला समूह निःसंदेह भावुक और आवेशित होकर प्रतिक्रिया करता है। दोनों पक्षों को यह समझना चाहिए कि भीड़ द्वारा और कुछ अतिआवेशित आक्रामक युवकों द्वारा लिया गया क्षणिक निर्णय सदियों के सद्भाव को एक पल में खत्म कर सकता है। इसके साथ ही कानून व्यवस्था का पहलू भी अहम हो जाता है।

उत्तर प्रदेश के बहराइच में मूर्ति विसर्जन के दौरान दो समुदाय में बवाल हो गया और इसमें एक व्यक्ति की जान चली गई। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने तोड़फोड़ और आगजनी शुरू कर दी। बड़े पैमाने पर हुई हिंसा के बीच बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। तमाम प्रयासों और आधुनिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विस्तार के बाद भी त्योहारों पर सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं कमोबेश दिखायी पड़ जाती है और इन सभी घटनाओं में अक्सर पैटर्न दिखाई पड़ता है कि एक समुदाय विशेष के लोगों के धार्मिक यात्रा में दूसरों समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा पथराव कर दिया गया और हिंसा भड़क उठी ।

जब इन घटनाओं को गौर से देखेंगे के तो ये पूरा मामला सामुदायिक/सामाजिक दूरी का, संवेदनहीनता का और मनुष्यता के गिरते स्तर का परिचायक है अतः इन घटनाओं को समग्रता में देखे जाने के ज़रूरत है। ये घटनाएँ क्रिया और प्रतिक्रिया के आदिम नियमों से संचालित होती मालूम पड़ती है और प्रारंभिक क्रिया संभवतः उत्तेजनापूर्ण हो उकसाने वाली हो लेकिन प्रतिक्रिया करने वाला समूह निःसंदेह भावुक और आवेशित होकर प्रतिक्रिया करता है। दोनों पक्षों को यह समझना चाहिए कि भीड़ द्वारा और कुछ अतिआवेशित आक्रामक युवकों द्वारा लिया गया क्षणिक निर्णय सदियों के सद्भाव को एक पल में खत्म कर सकता है। इसके साथ ही कानून व्यवस्था का पहलू भी अहम हो जाता है। घटना होने के पश्चात उसको नियंत्रित करने से बढ़िया है कि उसके निवारक उपायों पर ध्यान दिया जाय। ऐसे क्षणों में, इन घटनाओं को रोकने के लिए हिंदुओं और मुसलमानों दोनों के लिए अपने साझा अतीत पर विचार करना और उन मूल्यों को याद रखना अनिवार्य है, जो कभी उन्हें एक साथ बांधते थे। भारतीय उपमहाद्वीप धार्मिक और सांस्कृतिक संलयन की गहन विरासत का घर है। गंगा- जमुनी तहजीब शब्द, उत्तरी भारत में, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और बिहार के क्षेत्रों में मिश्रित संस्कृति का प्रतीक है, जो सद्भाव की इस भावना को दर्शाता है। भारतीय संस्कृति जो ना तो पूरी तरह से हिंदू संस्कृति है, ना ही मुस्लिम संस्कृति बल्कि अनेकों संस्कृतियों और जीवन विधियों का समन्वय है, विभिन्न समुदायों की निकटता को दर्शाता है। यह मुल्क हिंदू और मुस्लिम परंपराओं का एक अनूठा मिश्रण है, जहां त्योहार, प्रथाएं और अनुष्ठान धार्मिक सीमाओं को पार करते हैं। दिवाली और ईद को साथ-साथ मनाने से लेकर सूफी संतों और भक्ति कवियों के प्रति समान सम्मान तक, समन्वयकारी संस्कृति सह-अस्तित्व और परस्पर सम्मान पर पनपी है। यह लोकाचार केवल साझा अतीत के बारे में नहीं है, बल्कि यह एक ऐसे भविष्य की दृष्टि का प्रतिनिधित्व करता है, जहां विविधता को विभाजन के कारण के रूप में देखने के बजाय विविधता का उत्सवगान किया जाता है। यह वह विरासत है जिसे हमें संघर्ष और तनाव के बावजूद नहीं भूलना चाहिए। संकट के समय में भावनाओं को हावी होने देना आसान होता है लेकिन हमें खुद को याद दिलाना चाहिए कि



मान्यताओं के प्रति सम्मान, शांति और सामाजिक सद्भाव की नींव एक-दूसरे की धार्मिक है। चाहे वह मंदिरों या मस्जिदों, त्योहारों या अनुष्ठानों के प्रति श्रद्धा हो. हर विश्वास सम्मान का हकदार है। सच्ची आस्था इस विविधता को पहचानने और उसका मूल्यांकन करने में निहित है ना कि विभाजन के साधन के रूप में इस्तेमाल करने में। यह सम्मान केवल सहिष्णुता से आगे बढ़कर दूसरे का जश्न मनाने के बारे में है। हिंदू और मुस्लिम हमेशा से एक-दूसरे के धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सवों में भाग लेने के तरीके खोजते रहे हैं। हिंदू देवी-देवताओं की पूजा करने की सूफी परंपरा और हिंदू मंदिरों पर इस्लामी वास्तुकला का प्रभाव इस बात के कुछ उदाहरण हैं कि ये समुदाय किस तरह आपस में जुड़े हुए हैं। प्रसिद्ध सूफी संत सैयद सालार मसूद गाजी से जुड़े शहर बहराइच में यह विरासत और भी स्पष्ट है। इन तनावों के बीच, उन लोगों से सावधान रहना ज़रूरी है जो अपने फ़ायदे के लिए नफरत फैलाना चाहते हैं। नफ़रत फैलाने वाले, चाहे वे राजनीतिक अवसरवादी हों या कट्टरपंथी तत्व, विभाजन पैदा करके फलते-फूलते हैं। वे अक्सर भावनाओं को भड़काने के लिए स्थितियों का फायदा उठाते हैं, जिससे हिंसा का ऐसा चक्र शुरू होता है जिससे किसी को कोई फायदा नहीं होता। भड़काऊ भाषणों, अफ़वाहों या दुष्प्रचार से प्रभावित होना आसान है, खासकर सोशल मीडिया के ज़माने में जहाँ सूचना, चाहे सच हो या झूठ, जंगल में आग की तरह फैलती है। हमें याद रखना चाहिए कि सच्ची ताकत नफरत की इन आवाज़ों को खारिज करने में निहित है। हिंसा को अपने रिश्तों को परिभाषित करने की अनुमति देने के बजाय, हमें संवाद, सहानुभूति और समझ पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आक्रामकता का हर कृत्य केवल उन लोगों के एजेंडे को आगे बढ़ाता है जो हमें विभाजित करना चाहते हैं। सद्भाव के लिए संवाद की आवश्यकता होती है और यह आपसी संवाद नागरिक समाज की सक्रियता के जरिये हासिल किया जा सकता है। आज वक्त की जरूरत है कि नागरिक राष्ट्र के मदद के किए नागरिक समाज अपनी सक्रिय भूमिका के साथ आगे आए और अपने परिवार की भाँति अपने समाज के युवाओं को सही रास्ता दिखाए । धार्मिक उन्माद और धार्मिक विश्वास (अध्यात्म) के मध्य के अंतर को अपने-अपने समुदाय के युवाओं तक आसान भाषा में पहुंचाये और स्वधर्म के ऐसे तत्वों पर जोर दे जो जोड़ने का काम करती हो ना को तोड़ने का। नहीं तो एक ऐसा दिन आएगा जब केवल धर्म बचेगा और धार्मिक अनुयायी के बजाय जॉम्बी शेष रहेंगे।

हिंसा के बाद एक और महत्वपूर्ण सबक यह है कि कानून के शासन पर भरोसा करना ज़रूरी है। किसी भी सभ्य समाज में न्याय कानूनी तरीकों से ही मांगा जाना चाहिए, न कि भीड़ की कार्रवाई से। हिंसा और भीड़ का न्याय केवल अराजकता और सामाजिक व्यवस्था को तोड़ने का कारण बनता है। भारत की कानूनी व्यवस्था अपने आप में इतनी सशक्त है कि इसके द्वारा आरोपियों को सजा और पीड़ितों को आसानी से न्याय दिलाया जा सकता और सभी नागरिकों के लिए न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। भीड़ की हिंसा का सहारा लेने से न केवल कानूनी प्रक्रिया कमज़ोर होती है, बल्कि अराजकता भी फैलती है जो विभाजन को और गहरा करती है। हर नागरिक की ज़िम्मेदारी है कि वह, चाहे किसी भी धर्म का हो, इस व्यवस्था पर भरोसा करे और जहाँ आवश्यक हो वहाँ इसे बेहतर बनाने के लिए काम करे न कि कानून को अपने हाथ में ले। कानूनी रास्ता चुनकर, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि शिकायतों का न्यायोचित तरीके से समाधान किया जाए और हिंसा भड़काने या अपराध करने के लिए ज़िम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाए। कोई भी शिकायत, चाहे वह कितनी भी जायज़ क्यों न लगे, हिंसा के ज़रिए नहीं सुलझाई जानी चाहिए। यह न तो शांतिपूर्ण समाज का तरीका है और न ही हिंदू और मुस्लिम दोनों के मूल्यों का सही प्रतिनिधित्व है। बहराइच हिंसा के बाद, दोनों समुदायों के लिए एक साथ आना ज़रूरी है न सिर्फ घाव भरने के लिए बल्कि ऐसी घटनाओं को फिर से होने से रोकने के लिए भी।

# बदल रहा है महाकुंभ में जन-आस्था के सबसे बड़े आकर्षण अखाड़ों का स्वरूप

- महाकुंभ में अखाड़ों में पर्यावरण संरक्षण का एजेंडा हुआ शामिल
- अखाड़े अपने शिविरों में दैनिक उपयोग में प्लास्टिक की बजाय मिट्टी के बर्तनों और दोना पत्तल का करेंगे उपयोग
- वंचित और दलित संतों को अखाड़ों में महत्वपूर्ण पदों में जगह देने की नीति पर हो रहा है अमल

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुंभ में जन आस्था का सबसे बड़ा आकर्षण यहां आने वाले हिंदू सनातन धर्म के 13 अखाड़े और उनका शाही स्नान होता है। धार्मिक परम्परा का अनुगामी बनकर आगे बढ़ रहे सनातन धर्म के इन अखाड़ों में भी धीरे धीरे बदलाव हो रहा है।महाकुंभ में हिंदू सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करने वाले अखाड़ों में पर्यावरण संरक्षण का एजेंडा शामिल हो गया है। प्रदेश की योगी सरकार के कुंभ आयोजन से जुड़े दृष्टिकोण की प्रेरणा ने अखाड़ों के बदलाव में भूमिका निभाई है।

प्रयागराज महाकुंभ को प्लास्टिक फ्री और ग्रीन कुंभ के रूप में आयोजित करने का योगी सरकार ने संकल्प लिया है। एक तरफ जहां कुंभ मेला प्रशासन इसके लिए निरंतर प्रयत्न कर रहा है तो वहीं दूसरी तरफ अखाड़ों और संतों के महाकुंभ के एजेंडे में भी सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के साथ पर्यावरण संरक्षण का एजेंडा शामिल हो गया है। निरंजनी अखाड़े के प्रयागराज स्थित मुख्यालय में 5 अक्टूबर 2024 को आयोजित हुई अखाड़ा परिषद की बैठक में पारित संकल्प प्रस्ताव में पर्यावरण संरक्षण भी एक बिंदु था। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी बताते हैं कि प्रकृति हैं तो मनुष्य है । इसलिए प्रकृति को बचाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण का विषय महत्वपूर्ण है। महाकुंभ में इस बार अखाड़ों के संत भी लोगों को इसके लिए जागरूक करेंगे। इसके अलावा



महाकुंभ में संतों और श्रद्धालुओं से प्लास्टिक और थर्मोकोल के बर्तनों के बजाय दोना पत्तल और मिट्टी के बर्तनों को बढ़ावा देने की अपील की गई है और इसके लिए योजना बनाई जा रही है।

आदि शंकराचार्य ने बौद्धिक और सैन्य भावना से लैस ब्राह्मण और क्षत्रिय परिवारों से तरुण युवाओं को एकत्र कर राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए जो सेना तैयार की उन्हीं से 13 अखाड़ों का अस्तित्व सामने आया। अपनी धार्मिक परम्परा के अनुसार लंबे समय से सनातन धर्म के ये अखाड़े अपनी धार्मिक यात्रा तय कर रहे हैं। योगी सरकार के 2019 के भव्य, दिव्य और स्वच्छ कुंभ के आयोजन में अखाड़ों में बदलाव की बयार देखने को मिली है। अखाड़ों में समाज के वंचित और दलित वर्ग से आने वाले साधु संतो को भी अखाड़ों में बड़े पदों पर आसीन किया गया। सबसे पहले दलित समाज से आने वाले जूना अखाड़े के संत कन्हैया प्रभु नंद गिरी को 2019 में जूना अखाड़े का महा मंडलेश्वर बनाया गया। इस परम्परा को आगे बढ़ाते हुए इस महाकुंभ में 450 से अधिक वंचित और दलित समाज से आने वाले संतों को इस बार महा मंडलेश्वर, महंत और मंडलेश्वर जैसी उपाधियां दी जाएंगी। जूना अखाड़े के संरक्षक महंत हरि गिरी की अगुवाई में इस साल महाकुंभ में जूना अखाड़े में 370 दलित महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, महंत और पीठाधीश्वर बनाया जाना है जिसकी सूची तैयार है। श्री पंचायती अखाड़ा उदासीन निर्वाण के श्री महंत दुर्गादास बताते हैं कि उनके अखाड़े में भी इस महाकुंभ में वंचित और दलित समाज से सम्बन्ध रखने वाले साधुओं को उच्च स्थान देने की तैयारी है। श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी के सचिव महंत जमुना पुरी का कहना है अखाड़ों में आए इस बदलाव के पीछे उत्तर प्रदेश के संत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वंचित समाज से आने वाले महात्माओं को भी योग्यतानुसार अखाड़ों में सम्मानित करने और उन्हें पदासीन करने की प्रेरणा भी है।

### अखाड़ों में सदस्यता और महत्वपूर्ण पद प्रदान करने में मातृ शक्ति को मिल रही है प्राथमिकता

**प्रयागराज।** अखाड़े शिव और शक्ति का प्रतीक हैं। मातृ शक्ति को हमेशा को अखाड़ों का पूजनीय माना गया है। सनातन धर्म की ध्वजा फहराने में भी नारी शक्ति भी किसी से पीछे नहीं हैं। प्रयागराज में 2019 में आयोजित कुंभ में देश और प्रदेश में नारी सशक्तीकरण की गूंज का असर देखने को मिला और बड़ी संख्या में महिला संतो को महामंडलेश्वर के पद पर विभूषित करते हुए उनका पट्टाभिषेक किया गया। निर्मोही अनि अखाड़े के सचिव महंत राजेंद्र दास का कहना है कि पिछले कुम्भ मेले में आठ विदेशी महिलाओं को महंत बनाया था। इस महाकुंभ में नारी शक्ति को बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी ताकि अखाड़े के सचिव महंत राजेंद्र दास का कहना है कि चारों दिशाओं में सनातन का प्रचार प्रसार हो सके। विभिन्न अखाड़ों की तरफ से 53 महिला संतो को इस बार महंत व महा मंडलेश्वर बनाने की तैयारी है।

# अंडर-19 वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

- मुख्य अतिथि हमीरपुर नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद रहे मौजूद

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश खेल भवन, लयातक के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय प्रतियोगिता 27 जून, 2024 के निर्देशों के अनुपालन में वर्ष 2024-25 में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला स्तरीय जूनियर (अन्डर-19) वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिन शनिवार 9 नवंबर 2024 को राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम हमीरपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में आये हुये मुख्य अतिथि कुलदीप निषाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की फोटो पर माल्यार्पण किया गया।प्रतियोगिता का पहला मैच महार्षि विद्या मन्दिर एवं सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टस्टेडियम रहेनीरपुर के मध्य खेला गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलदीप निषाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कॉलेज समीर किया गया। प्रतियोगिता का पहला मैच महार्षि विद्या मन्दिर एवं सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज हमीरपुर हमीरपुर द्वारा किया। जिसमें महार्षि विद्या मन्दिर इंटर कालेज हमीरपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुये सरस्वती विद्या मन्दिर हमीरपुर की टीम ने 15 ओवरों में 5 विकेट खोकर 110 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते महार्षि विद्या मन्दिर हमीरपुर 40 रनों पर टीम ऑलआउट हो गयी। सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज हमीरपुर ने ये मैच 71 रनों से जीतकर विजेता रही एवं सेमीफाईनल में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रवि ने अपनी टीम से सबसे अधिक 50 रन बनाये।

# श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह देख भाव विभोर हुए श्रोता

अवधनामा संवाददाता

**दूबेपुर,सुल्तानपुर।** विकास क्षेत्र के गांव हसनपुर में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस पर कथा व्यास संतोष जी महाराज ने भगवान के द्वारा गोवर्धन धारण करने की कथा पर प्रकाश डाला।कहा कि भगवान ने संपूर्ण गोवर्धन को अपने ही बल पर उठा रखा था फिर भी सबसे पहले ग्वाल बालों को ही उन्होंने गोवर्धन पर्वत उठाने के लिए कहा ग्वाल वालों से मेहनत करवाया। इस कथा का अभिप्राय है कि प्रत्येक मनुष्य सिर्फ भगवान के भरोसे बैठकर के कर्महीन ना बने बल्कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में परिश्रम करना चाहिए। बिना परिश्रम के फल की प्राप्ति नहीं होती है। भगवान उसी पर कृपा करते हैं जो



व्यक्ति अपने जीवन में संघर्ष करता है।परिश्रम करने के उपरांत ही व्यक्ति के जीवन में भगवान की कृपा होती है। जो विद्यार्थी अपने भाग्य के भरोसे बैठा रहेगा, कि हम पास हो जाएंगे और वह कभी अध्ययन नहीं करेगा वह बच्चा कभी भी पास नहीं हो सकता, पास होने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को साल भर पढ़ना पड़ता है। जब विद्यार्थी मेहनत करके साल भर पढ़ाई करेगा तभी जाकर के उसके हाथ में उसके परिश्रम का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा।उत्तम परिणाम की प्राप्ति ही भगवान की कृपा है कर्म दिखाई देता है कृपा दिखाई नहीं देती है,यही कारण है कि जब कोई व्यक्ति अपने जीवन में कर्म करेगा तो भगवान की कृपा उसके जीवन में अवश्य होगी।इसके उपरांत महाराज जी ने कंस वध की कथा को सुनाया और भगवान कृष्ण के साथ रुक्मणी के विवाह की पावन कथा को सुनाया। भगवान के विवाह के अवसर पर कृष्ण और रुक्मणी की अद्भुत झांकी को देखकर के श्रोता भाव विभोर हो गए।श्रद्धा भक्ति के साथ सभी लोगों ने नाच करके झूम करके हर्ष के साथ भगवान का विवाह संस्कार संपन्न किया। इस अवसर पर हजारों की तादाद में श्रोता उपस्थित रहे। कथा के यजमान अशोक पाण्डेय जी ने उपस्थित श्रोताओं का हार्दिक अभिनंदन किया।

## रोडवेज बस से गिरी महिला की इलाज के दौरान मौत

**मौदहा हमीरपुर।** बीते दस दिन पहले रोडवेज बस से गिरकर घायल हुई महिला की इलाज के दौरान हुई मौत को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिहरका निवासी रणजीत सिंह पुत्र बाबू सिंह ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 27 अक्टूबर को उसकी पत्नी जया सिंह रोडवेज बस से जा रही थी लेकिन तभी किसी काम से बस को छिरका के पहले रुकवा कर उतरने लगी जबकि चालक ने लापरवाही बरतते हुए बस आगे बढ़ा दी जिससे उसकी पत्नी लगभग दस मीटर तक बस में घिसटती चली गई जिसके चलते वह बुरी तरह से घायल हो गई जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल और फिर जिला अस्पताल और उसके बाद हैलट कानपुर से हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर किया गया था जहां पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पीड़ित की तहरीर फर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होता है संगठनात्मक चुनाव



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** संगठनात्मक चुनाव के तहत संगठन महापर्व बैठक जिला कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि एवं प्रयागराज महानगर के जिला चुनाव अधिकारी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामशंकर कठेरिया ने कहा कि भाजपा में लोकतांत्रिक तरीके से बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का चुनाव होता है। संगठन का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते एवं संगठनात्मक चुनावी प्रक्रिया बताते हुए उन्होंने कहा कि संगठन में सभी जातियों का प्रतिनिधित्व हो ऐसा प्रयास किया जाना चाहिए। सबसे पहले बूथ स्तर पर चुनाव कराया जायेगा जिसमें बूथ अध्यक्ष से लेकर बूथ समिति तक का गठन होगा। बूथ समिति में 11 लोग होंगे। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर गठन करते समय जातीय समीकरण का ध्यान रखा जाए। 30 तारीख तक हर हाल में बूथ समितियों का गठन कर लेना है। उसके बाद जिला का चुनाव होगा। प्रभावशाली सक्रिय कार्यकर्ताओं को बूथ अध्यक्ष के लिए प्राथमिकता दी जाय। संगठन चुनाव की जानकारी देते हुए रामशंकर कठेरिया ने बताया कि 15 नवंबर तक सभी मंडलों में मंडल कार्यशाला संपन्न होनी है। 30 तारीख तक हर हाल में बूथ समितियों का गठन कर लेना है। प्रभावशाली सक्रिय कार्यकर्ताओं को बूथ अध्यक्ष के लिए प्राथमिकता दी जाय। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता संगठन के निर्णय को सर्वोपरि मानकर संगठन के लिए आजीवन काम करता है यही उसकी पहचान है।

### मंडल स्तर पर चुनाव अधिकारियों के नाम की घोषणा

**प्रयागराज।** संगठनात्मक चुनाव के तहत प्रयागराज महानगर के सभी 15 मंडलों के चुनाव अधिकारियों की घोषणा कर दी है जो मंडल स्तर पर चुनाव संपन्न कराएंगे। उपेन्द्र सिंह को सदर गंगा पट्टी, मृत्युंजय तिवारी सदर यमुना पट्टी, हरीश पासवान को राजरूप पुर, राजेश केसरवानी को खुल्दाबाद, अर्चना शुक्ला प्रीतम नगर, मनोज कुशवाहा को वेणी माधव, अरुण पटेल भारद्वाज, नवरत्न कत्याल शिवकुटी, नरेश कुंद्रा विश्वविद्यालय, रवि केसरवानी को सिविल लाइन, गीता विश्वकर्मा को चौक, संजय श्रीवास्तव को मुट्ठीगंज, संजय सिंह मीरापुर, रमेश पासी कीडगंज तथा सचिन जायसवाल को नैनी मंडल का चुनाव अधिकारी बनाया गया है। कार्यशाला का संचालन कुंज बिहारी मिश्रा ने किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, देवेश सिंह, अनीता त्रिपाठी, रमेश पासी, रवि केसरवानी, मृत्युंजय तिवारी, राजेश पटेल, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, राम जी शुक्ला, सुमित वैश्य, विजय श्रीवास्तव, दीप द्विवेदी, कुलदीप मिश्रा, प्रशांत शुक्ला, राकेश भारती, किरन जायसवाल, अपूर्वा चंद्रा, राजेश गोंड, आनंद दुबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों का किया स्थानांतरण

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों का स्थानांतरण करने के साथ-साथ कुछ के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया है। जिन अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ है उनमें सहारनपुर की जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी को शाहजहांपुर का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। शाहजहांपुर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश भानु देव शर्मा को मुरादाबाद का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। रायबरेली के जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण सक्सेना को सहारनपुर का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। सुधीर कुमार (पंचम) जिला एवं सत्र न्यायाधीश मैनपुरी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बरेली नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में है फतेहपुर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा को अयोध्या का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। मऊ के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामेश्वर को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कासगंज नियुक्त किया गया है। बदायूं के जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार अग्रवाल को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मैनपुरी बनाया गया है। सीतापुर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार (तृतीय) को बदायूं का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। इसी प्रकार आजमगढ़ के जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव शुक्ला हरदोई के जिला एवं सत्र न्यायाधीश होंगे। सुल्तानपुर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय को आजमगढ़ का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। कासगंज के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सैयद मौज बिन असीम लखीमपुर खीरी के जिला एवं सत्र न्यायाधीश होंगे। मुरादाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार (द्वितीय) को मुजफ्फरनगर का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। मुजफ्फरनगर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार द्विवेदी को बस्ती का जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। मिर्जापुर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनमोल पाल को फतेहपुर का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। चंदौली के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार (चतुर्थ) को मऊ का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। हरदोई के जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार सिंह को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायबरेली नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में लखीमपुर खीरी के जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ला को सुल्तानपुर का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। बस्ती के जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना को सीतापुर का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। इसके अलावा रवीन्द्र नाथ दूबे, पीठासीन अधिकारी, भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन प्राधिकरण, प्रयागराज को पीठासीन अधिकारी, वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 1, गौतमबुद्ध नगर बनाया गया है। इसी क्रम में अरविन्द कुमार मिश्रा (द्वितीय) अध्यक्ष, राज्य परिवहन अपीलीय अधिकरण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मिर्जापुर बनाया गया है। भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन प्राधिकरण, मुरादाबाद के पीठासीन अधिकारी रवीन्द्र सिंह को चंदौली का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। उपरोक्त के अलावा कुछ न्यायिक अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया गया है जिनमें कमल कांत तिवारी, एडिशनल सिविल जज (जूनियर डिविजन), बाराबंकी को न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय तहसील सिरौली गौसपुर बाराबंकी का कार्य क्षेत्र सौपा गया है। प्रखर तिवारी, सिविल जज, जूनियर डिविजन (फास्ट ट्रैक कोर्ट), हमीरपुर को न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय तहसील सरीला हमीरपुर का कार्य भर दिया गया है।

अमन दीप, अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), महाराजगंज को तहसील निचलौल महाराजगंज में न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय के रूप में नियुक्त किया गया है। ललित सिंह, अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), गोंडा को तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी में न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय का कार्यभार दिया गया है। उक्त जानकारी हाईकोर्ट के महानिबंधक ने शुक्रवार को एक अधिसूचना के माध्यम से जारी की है।

## सिजनौडा प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका को मौदहा के स्कूल में किया गया सम्बद्ध

**हमीरपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी मौदहा ने आदेश जारी कर बताया कि 8 नवंबर 2024 को ग्राम सिजनौडा के निवासियो के द्वारा तहसील मौदहा के सामने की रोड को जाम करते हुए प्राथमिक विद्यालय सिजनौडा की इ. प्राथमिक विद्यालय श्रीमती नेहा गुप्ता को विद्यालय से हटाये जाने एवं पुलिस मुकदमा वापस लेने, शिक्षा विभाग मुर्दाबाद के नारे लगाये गये। जिस पर मेन रोड का यातायात प्रभावित रहा। उक्त के सम्बंध में उपजिलाधिकारी मौदहा के द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अधोहस्ताक्षरी से वार्ता की गई, जिसके उपरांत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा दूरभाष पर दिये गये निर्देश के क्रम में प्राथमिक विद्यालय सिजनौडा के बच्चो की शिक्षण व्यवस्था, ग्रामवासियो का विरोध, विद्यालय में उत्पन्न विवाद को देखते हुए नेहा गुप्ता को अस्थाई रूप से अग्रिम आदेशो तक नगर क्षेत्र मौदहा के शिक्षकविहीन विद्यालय प्राथमिक विद्यालय पूर्वी तरौस में विद्यालय संचालन हेतु सम्बद्ध किया गया है।

# उर्दू दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

- अल्लामा इक़बाल की शिक्षा और नई पीढ़ी के लिए उनका संदेश

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मुमताज पीजी कॉलेज के उर्दू विभाग द्वारा उर्दू दिवस के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया यह निबंध तीनो भाषाओं उर्दू, हिंदी और अंग्रेजी में आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता के परिणाम 11 नवंबर को मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के जन्मदिन राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर घोषित किये जायेंगे, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे।




इकबाल के जन्मदिन के अवसर पर उर्दू दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर नसीम अहमद खान की अध्यक्षता में अल्लामा इकबाल की शायरी, उनकी शिक्षाओं और उनके विचारों के संबंध में एक परिचयात्मक प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इकबाल का दर्शन और उनकी शिक्षाएं युवा पीढ़ी के लिए एक मशाल हैं। उनकी बौद्धिक अंतर्दृष्टि और सांसारिक विचार हमारे बीच हमेशा जीवित रहेंगे। हमें उनकी शिक्षाओं को अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए।

कॉलेज के प्रॉक्टर डॉ. मुहम्मद सलमान खान नदवी ने कहा कि उर्दू भाषा के इतिहास पर गौर करें तो यह तथ्य स्पष्ट होता है कि भारत के सभी नागरिकों ने, चाहे वे किसी भी धर्म और जाति के हों, अपना बलिदान दिया है। डॉ. अमीर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि इकबाल ने हमेशा आधुनिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इकबाल चाहते थे कि हम एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनें और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरों पर निर्भर न रहें। डॉ. यासिर अंसारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ0 अल्लामा इकबाल भारत की प्राचीन साझी सभ्यता और संयुक्त राष्ट्रीयता के सबसे बड़े प्रतिपादक हैं, इकबाल को अपनी शायरी के माध्यम से साहित्य पढ़ने वालों में देश प्रेम और देशभक्ति की भावना जगाने का गौरव प्राप्त है। इस अवसर पर डॉ. परवीन शुजाअत समेत अन्य शिक्षकों ने इकबाल और उर्दू दिवस के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला कारागार में विधिक जागरूकता का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार तथा मा0 जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के तत्वाधान में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला कारागार, आजमगढ़ में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस जो प्रतिवर्ष 09 नवम्बर को मनाया जाता है, यह दिन न्याय तक समान पहुँच के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने पर जोर देता है। कानूनी सेवा दिवस का उद्देश्य समाज के सभी वर्गो को न्याय व कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना। आज भी समाज में कई ऐसे वर्ग है, जिनके लिए कानूनी प्रक्रिया को समझना और न्याय तक पहुँचना



कठिन है। ऐसे में कानूनी सेवा दिवस एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे गरीब वंचित व अशिक्षित नागरिक कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक होते है।

कानूनी सेवा दिवस की शुरूआत भारत में 1995 में की गयी थी, इस दिवस के आयोजन पर विशेषकर गरीब व पिछड़े वर्गो को समान व सस्ती कानूनी सेवाऐं प्रदान की जाती है। कानूनी सेवा दिवस भारत के हर नागरिक को न्याय व समानता का अधिकार दिलाने की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे देश में एक न्यायपूर्ण और सशक्त समाज का निर्माण हो सके। इसी उद्देश्य से कानूनी सेवा दिवस के अवसर पर जिला कारागार, आजमगढ़ में निरूद्ध बन्दियों को विभिन्न कानूनों, नालसा हेल्पलाइन नं0, प्रिजन लीगल एड क्लीनिक, लीगल सर्विस मैनेजमेंट पोर्टल, जेल अपील, बन्दियों की समयपूर्व रिहाई इत्यादि के बारें में जागरूक किया गया। इस अवसर पर जेलर विकास कटियार, डिप्टी जेलर विरेश्वर कुमार, मुख्य न्याय रक्षक आशीष कुमार राय, उपमुख्य न्याय रक्षक प्रवीण कुमार सिंह, सहायक न्याय रक्षक अतुल कुमार राय व यादव संदीप कुमार तथा जेल में कार्यरत पी0एल0वी0 व बन्दी उपस्थित रहे।

## सुमेरपुर विकास खण्ड में चार माह से पोषाहार वितरण ठप्प

**सुमेरपुर हमीरपुर।** सभी विकास खण्डों में आंगनवाड़ी के बच्चों के लिए नियमित रूप से पोषाहार का वितरण किया जा रहा है, किंतु सुमेरपुर विकास खण्ड में जुलाई से अक्तूबर तक का पोषाहार वितरित नहीं किया गया है। इस कारण से बच्चों के अभिभावकों में भारी असंतोष है और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां भी उनके सवालों से परेशान हो रही हैं। पोषाहार वितरण के अभाव में बच्चों को पोषण संबंधी आवश्यकताएं पूरी नहीं हो पा रही हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। पोषाहार मिलने में हो रही इस देरी के चलते गरीब परिवारों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, जिनके लिए यह पोषाहार बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण का एक प्रमुख साधन है। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने बताया कि अभिभावक बार-बार पूछताछ कर रहे हैं और बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता जता रहे हैं। सुमेरपुर के लोगों ने प्रशासन से शीघ्र पोषाहार वितरण की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब अन्य विकास खण्डों में समय से पोषाहार का वितरण हो रहा है तो सुमेरपुर में देरी क्यों हो रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने संबंधित अधिकारियों से इस विषय में त्वरित कार्रवाई की अपील की है ताकि बच्चों को जल्द से जल्द पोषाहार मिल सके।

# आनंद को तूफानी बल्लेबाजी से एएचसीएस एकादश ने जीता उद्घाटन मैच

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** एएचसीएस एकादश ने पाँचवी स्वर्गीय ए डी गिरी स्मारक हाई कोर्ट टी -20 क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में एएलसी को एक रन से और दूसरे मैच में लायंस क्लब ने जेएसपीएस को 15 रन से हराकर प्रतियोगिता में विजयी आगाज शुरू किए हैं। एएचसीएस एकादश के आनंद कुमार सिंह की तूफानी पारी ( 86 रन, 48 गेंद, 11 चौके, चार छक्का ) खेल अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। शनिवार को गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर उद्घाटन मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एएचसीएस एकादश ने 20 ओवर में छह विकेट पर 171 रन ( आंनद कुमार सिंह 86, जुनैद नाबाद 35, सागर 21, सुशील कुमार 16 रन, कामेश द्विवेदी 3/31, अनुज चाहर 2/25, आशीष सिंह 1//36 ) पर बनाए। जवाब में एएलसी की टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 170 रन ( हर्ष द्विवेदी 52, आशीष सिंह 29, आशुतोष तिवारी 28, अभिजात



अवस्थी 25 रन, शिवेन्द्र सिंह 3/33, शांभवी पाण्डेय 2/26, सुशील कुमार सिंह 1/24 ) ही बना सकी। मैच में अजय कुमार व प्रितेश सोनकर ने अंपायरिंग और अक्षय सोनकर ने स्कारिंग की। मैच से पूर्ण प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एम के गुप्ता, जस्टिस अनीश कुमार गुप्ता व जस्टिस विनोद दिवाकर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उद्घाटन किया, आयोजन समिति ने मुख्य अतिथियों को बुके देकर उनका स्वागत किया। दूसरे मैच में लायन क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन ( धर्मेन्द्र सिंह 50, स्वतंत्रता पाण्डेय 28, देवेंद्र कुमार सिंह 26 रन, विपिन एस्टीएफ 2/36, सैयद अहमद फैज़ान 1/26) पर बनाए। जवाब में जेएसपीएस की पूरी टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 166 रन ( सैयद अहमद फैज़ान 48 नाबाद, त्रिपुरेश सिंह 41, अभिजीत सिंह व विपिन एस्टीएफ 13 - 13 रन, स्वतंत्रता पाण्डेय 3/24, रजनीश 3/31, साजिद अख्तर वारसी 2/28 ) ही बना सकी। मैच में अजय कुमार व रॉकी राज ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कारिंग की। मैच से पूर्ण दूसरे मैच के मुख्य अतिथि पूर्व उत्तरप्रदेश अपर महा अधिवक्ता व लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्यासी नीरज त्रिपाठी व जस्टिस क्षितिज शैलेन्द्र ने खिलाड़ियों से परियच प्राप्त किया, आयोजन समिति ने मुख्य अतिथियों को बुके देकर उनका स्वागत किया, इस अवसर पर शिवम यादव, मुकेश सागर, मो. सैफ, अजय पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## मऊ आइमा सड़क हादसे में घायल दंपत्ति ने भी तोड़ा दम

**प्रयागराज।** अयोध्या से दर्शन करके लौटते समय सड़क हादसे के शिकार हुए दंपत्ति की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। इनका उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा था। हादसे में एक दस वर्षीय बालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसा मऊआइमा थाना क्षेत्र के जोगापुर गल्ला आढ़त के पास शुक्रवार को भोर में हुआ था। दंपती की मौत के बाद हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या तीन पहुंच गई है। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश के रीवा गल्ला मंडी गोविंद गढ निवासी शैलेंद्र कुमार गुप्ता अपने परिजनों और रिश्तेदारों को दो कार से लेकर अयोध्या दर्शन करने गए थे। वापसी के समय भोर में लगभग तीन बजे कार मऊआइमा इलाके के जोगापुर गल्ला आढत के पास आढ तिरछा खडी ट्रकों में कार पीछे से घुस गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को निकाला था। अस्पताल पहुंचने से पहले ही शिवांशु गुप्ता (10) पुत्र फूलचंद की मौत हो गई थी, जबकि शैलेंद्र कुमार (45) और उनकी पत्नी कमलेश देवी (40) समेत सात लोग घायल हो गए थे। दंपती की हालत नाजुक बनी हुई थी।

# संभल मे उर्दू दिवस के समारोह का आयोजन किया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** अल्लामा इक़बाल फाउंडेशन के बैनर तले एवं मिशन इंटरनेशनल एकेडमी (सीनियर सेकेंडरी स्कूल) बहजोई रोड, सम्भल के तत्वावधान में उर्दू दिवस से संबंधित साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला की अंतिम कड़ी, उर्दू दिवस का जश्न और पुरस्कार वितरण समारोह अकैडमी के विशाल प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलाम-ए रब्बानी की तिलावत से हुई और तनवीर हुसैन अशरफ़ी ने बारगाहे रिसालत मआब में नात-ए-पाक पेश की। इसके बाद एकेडमी के विद्यार्थियों ने खूबसूरत उर्दू तकरीरें पेश कीं। अल-कादीर इंटर कॉलेज मंडी किशनदास सराय, संभल के छात्रों गौसिया ख़ानम, रवान अशरफ़ और फ़तेह अली ने प्रसिद्ध उर्दू कवियों की तमसील में शेर सुनाकर कार्यक्रम में समा बांधा। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने फाउंडेशन के लक्ष्य और उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि फाउंडेशन 2017 से उर्दू दिवस के अवसर पर सात दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है और इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में उर्दू भाषा और साहित्य के प्रति बराबर दिलचस्पी पैदा हो रही है। यह साप्ताहिक कार्यक्रम न केवल छात्र-छात्राओं के लिए फायदेमंद है बल्कि भारत में अपने अंदाज काअनोखा प्रयास है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर मुहम्मद हुसैन जाफ़री ने की और मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक शाहजहाँपुर, शहीद-ए वतन अशफ़ाक़ उल्ला ख़ां के पोते और उन्हीं के हमनाम अशफ़ाक़ उल्ला ख़ां शामिल हुए। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि देश की आज़ादी और साझी विरासत की रक्षा के लिए हमने अनेक देशभक्तों का बलिदान दिया है। और भविष्य में इस महान विरासत की रक्षा की ज़िम्मेदारी इसकी सच्ची आमीन उर्दू और उर्दू से प्यार करने वालों की है। सम्भल एवं सम्भल के बाहर की विभिन्न शैक्षणिक, साहित्यिक एवं



सामाजिक हस्तियों ने विशिष्ट एवं मानद अतिथि के रूप में भाग लिया।

डॉ. मुहम्मद आसिफ़ ने उर्दू को लश्कर की भाषा के रूप में मान्यता देते हुए कहा कि यहां लश्कर का अर्थ बहुत व्यापक है। सूफ़िया इकराम के लश्कर ने उर्दू के प्रचार और विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यहाँ लश्कर का यही मतलब होना चाहिए, जिनकी सेवाओं को हम कभी नहीं भूल सकते। असद मौलाई मुरादाबादी ने कहा कि उर्दू की हालत के लिए सिर्फ गैर-उर्दू भाषी लोगों का मुख़ालिफ़ रवैया ही जिम्मेदार नहीं है, बल्कि हम जो खुद को उर्दू भाषी और उर्दू वाला कहते हैं, वे भी समान रूप से उर्दू की मौजूदा हालात के बराबर ज़िम्मेदार हैं। डॉ. किश्वर जहां ज़ैदी ने सम्भल में उर्दू के नए दीप जलाने के प्रयासों के लिए अल्लामा इकबाल फाउंडेशन के सभी सदस्यों को बधाई दी। डॉ. मुजाहिद फ़राज़ मुरादाबादी ने आलामा इक़बाल फाउंडेशन के कार्यक्रमों को अनुकरणीय बताया और उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. आबिद हुसैन हैदरी और श्री मुशीर ख़ां तरीन के प्रयासों की सराहना की। डॉ. नसीम अल-ज़फ़र बाक़री ने कहा कि अल्लामा इक़बाल जैसे महान विचारक और शायर, जिन्होंने दुनिया को इंसान की महत्ता और इस कायनात में उसके अस्तित्व का एहसास कराने की कोशिश की, वो हर युग, और हर क्षेत्र के शायर हैं। हमें इस बात पर गर्व है कि हम उर्दू बोलते हैं और वह भी उर्दू बोलते थे। प्रोफेसर मुहम्मद हुसैन जाफ़री ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हमें उर्दू को बढ़ावा देने के लिए नई पीढ़ी को समझाना होगा कि राष्ट्रीय संस्कृति और विरासत की रक्षा की ज़िम्मेदारी अब उन पर है और वे इसे उर्दू के माध्यम से बखूबी निभा सकते हैं। इस अवसर पर, शहर के प्रसिद्ध लेखक और पेशे से डॉक्टर डॉ. नसीमउज़्फ़र बाक़री को उनकी शैक्षणिक और साहित्यिक सेवाओं के लिए अल्लामा इकबाल फाउंडेशन द्वारा 2024 के नदीम तरीन शैक्षिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शहर के जाने-माने कवि सैयद हुसैन अफ़सर को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए डॉ. हनीफ तरीन साहित्यिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण सत्र के दौरान विगत 3 नवंबर से प्रारंभ हुए साप्ताहिक समारोहों के अंतर्गत विभिन्न साहित्यिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने वाले शिक्षण संस्थानों को प्रमाणपत्र प्रदान किये गये तथा इन समारोहों में सराहनीय प्रदर्शन के लिए स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में डॉ. मुहम्मद अहमद को अकादमी की ओर से शॉल एवं मोमेंटो भेंट किया गया। इसके अलावा डॉ. रियाज़ अनवर, डॉ. नवीद अहमद ख़ान, बदर जमाल साहिल, मीर शाह हुसैन आरिफ़ और अल्लामा इकबाल फाउंडेशन के अन्य सदस्यों को सितारा-ए उर्दू पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मंच संचालन मीर शाह हुसैन आरिफ और शफीकुर रहमान बरकाती ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में अकादमी के प्रबंधक मुशीर खां तरीन ने सभी अतिथियों और श्रोताओं का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में संभल शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के संचालक, शिक्षक और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## मुख्य विकास अधिकारी ने विधालय का निरीक्षण किया

**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** श्री गोरखनाथ भट्ट, मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा विकास खण्ड बहजोई की ग्राम पंचायत मुल्हैटा के प्राथमिक विद्यालय/पीएमश्री विद्यालय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय प्राथमिक विद्यालय/पीएम श्री विद्यालय में चल रहे विकास कार्यो के निर्माण कार्यो के प्रत्येक बिंदु पर सभी विभागों से वार्ता की गई। विद्यालय में रसोई के बाहर गंदगी पायी गयी जिसकी साफ-सफाई कराते हुए विद्यालय को भी साफ-सुथरा रखने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे विद्यालय में कीट, मच्छर आदि न पनप सके। चकबंदी विभाग को निर्देशित किया गया कि बाउंड्रीवालों का चिन्हांकन करें, जिससे तत्काल निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया कि जो कार्य शेष है, उसको कल से प्रारंभ करा दें। जिला कार्यक्रम अधिकारी को आंगनवाड़ी केन्द्र पर पोषण वाटिका का निर्माण कार्य शुरू करने हेतु निर्देशित किया गया तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा बहजोई से आवागमन किया जाता है। इस सम्बन्ध में आंगनवाड़ी कार्यकत्री को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि गांव में रहकर ही आंगनवाड़ी केन्द्र का कार्य संपादित किया जाये। साथ ही खण्ड विकास अधिकारी बहजोई को निर्देशित किया गया कि जर्जर भवन को तत्काल लोक निर्माण विभाग के सहयोग से नीलामी कर तथा विद्यालय के अन्तर्गत पीएमश्री पथ का निर्माण कराकर अवगत कराया जाये।

## पुलिस का नारी सुरक्षा अभियान फेल नहीं सुनी जाती महिलाओं की फरियादी

**मथुरा।** नारी सुरक्षा के नाम पर देश मै लम्बे लंबे भाषण हर चुनावी सभा मै सुनने को मिल जाते होगे पर उन पर अमल कानून के तारण हार अपनी मन मर्जी से करते देखे जाते रहे है आगरा मंडल की एडीजी द्वारा पिछले छह माह से महिला सुरक्षा के नाम पर अभियान तक चला रखा है हर थाना चौकी उसे सफल बनाने मै लगा पड़ा है पर हकीकत मै क्या महिला फरियादी को वास्तविक सुरक्षा किसी भी थाने चौकी से मिल पा रही है ये बड़ा सवाल है। ऐसा ही एक महिला फरियादी का मामला सामने आया है।

मथुरा के हाईवे थाना क्षेत्र में स्थित एक प्राइवेट कंपनी के स्वामी पर वहां नौकरी करने वाली महिला कर्मचारी ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि जब उसने अपनी अस्मत बचाई तो उसे नौकरी से निकाल दिया गया। उसका साथ दिया तो 10 अन्य महिला कर्मचारियों को भी कंपनी से निकाल दिया गया। छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पीड़िता ने थाने से लेकर एसएसपी कार्यालय तक चक्कर लगाए लेकिन उसकी अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। पीड़िता और उसका साथ देने वाली महिलाओं का कहना है कि पुलिस उनसे छेड़छाड़ का सबूत मांग रही है।

हाईवे के औद्योगिक क्षेत्र में एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाली पीड़िता का आरोप है कि फैक्टरी स्वामी ने उसके साथ छेड़छाड़ की, विरोध किया तो नौकरी से निकालने की धमकी दी। उसने नौकरी छोड़ना स्वीकार किया लेकिन मालिक की हरकत का विरोध किया। जब विरोध किया तो आरोपी की पत्नी, भाई और पिता ने अभद्रता की। उसके साथ काम करने वाली 10 महिलाओं ने भी इसका विरोध किया। क्योंकि कंपनी में काम करने वाली अन्य महिला एवं युवतियां मालिक के व्यवहार से दुखी थीं।

पीड़िता का साथ देने वाली सभी महिलाओं को मालिक ने नौकरी से निकाल दिया। पीड़िता रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए हाईवे थाने गई, यहां से उसे चौकी पन्ना पोखर भेज दिया। पिछले डेढ़ माह से उसे इधर-उधर घुमाया जा रहा है। बृहस्पतिवार को पीड़िता साथी महिलाओं के साथ एसएसपी से न्याय की गुहार लगाने पहुंची। यहां भी उसे केवल आश्वासन मिला।

## गायों की सेवाओं से कटते हैं पाप : प्रशांत शुक्ला



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** गोपाष्टमी पर देशभर में गौ माता की सेवा पूजा की गई। गऊ पुत्र सेना के तत्वाधान में वर्णी कॉलेज चौराहे के पास स्थित निराशित गौ उपचार सेवा केंद्र पर गौ सेवको द्वारा गाय का पूजन व सेवा की गई। गऊ पुत्र सेना के प्रशांत शुक्ला ने कहा कि हिन्दू संस्कृति में गाय का विशेष महत्व होता है और उन्हीं को समर्पित हैं ये गोपाष्टमी पर्व। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार दिवाली के ठीक बाद आने वाली कार्तिक शुक्ल अष्टमी को गोपाष्टमी पर्व के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने गौ चारण लीला शुरू की थी। कार्तिक शुक्ल अष्टमी के दिन मां यशोदा ने भगवान कृष्ण को गौ चराने के लिए जंगल भेजा था। इस दिन गो, ग्वाल और भगवान श्रीकृष्ण का पूजन करने का महत्व है। हिन्दू धर्म में गाय को माता का स्थान दिया गया है। गऊ पुत्र मनीष दुबे ने बताया कि हमारी कोशिश है कि नए युवाओं को गौ सेवा के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। गौ पूजन के दौरान सचिन जैन बॉस, एड.पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, अनुज शर्मा, हरेन्द्र राजा, पत्रकार अमित लखेरा, एड. आकाश झा, रोहित राजा, मोनू सेन, बलराम कुशवाहा आदि गौ सेवक उपस्थित रहे।

## सोलर प्लांट से पर्यावरण व बिजली दोनों बचा सकते हैं : सदस्य विधान परिषद

- जिलाधिकारी ने सोलर प्लांट की स्थापना के लिए किया संवाद

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में सोलर पावर प्लांट स्थापना के सम्बन्ध में बैठक हुई। बैठक के मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद श्री अवनीश कुमार सिंह रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में जिलाधिकारी की विशेष रूचि अतुलनीय है। प्रधानमंत्री जी के इस अभियान से जुड़कर उन्हें खुशी हो रही है। नई ऊर्जा नीति के अनुसार हम अपनी अतिरिक्त बिजली बेंच सकते हैं। सौर ऊर्जा के उत्पादन से हम खर्च और पर्यावरण दोनों बचाते हैं और इससे लम्बे समय तक लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि वह और उद्योग प्रतिनिधि विद्यालयों का सहयोग करने के लिए तैयार हैं। सभी विद्यालय इस दिशा में पहल करें। उन्होंने हाथ खड़े करवाकर विद्यालयों की सहमति ली। उन्होंने कहा कि आगे चलकर वह प्रत्येक विद्यालय में कम से कम एक स्मार्ट क्लास की स्थापना के लिए प्रयास करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी माध्यमिक विद्यालयों में सोलर पावर प्लांट लगवाने के प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सदस्य विधान परिषद को अपनी निधि से 1 करोड़ रूपये देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने उद्योगों के प्रतिनिधियों से संवाद किया तथा उनके सुझाव लिए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि जनपद के अधिक से अधिक माध्यमिक विद्यालयों में सोलर प्लांट लगवाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण होगा व बिजली की बचत होगी। सदस्य विधान परिषद श्री अवनीश सिंह का सोलर पावर प्लांट की स्थापना में अमूल्य योगदान रहा है। उपायुक्त उद्योग केन्द्र एचपी सिंह ने उद्योग प्रतिनिधियों से सीएसआर फंड के माध्यम से सहयोग करने का अनुरोध किया।

पीओ नेडा खुर्शीद फारुख ने योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जनपद हरदोई को 20 हजार का लक्ष्य पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत दिया गया है। विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यो ने भी बैठक में अपने सुझाव रखे। इस अवसर पर एक्सईएन विद्युत सूर्य कुमार, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, उद्योग प्रतिनिधि व विद्यालयों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## माखन ही नहीं भक्तों का हृदय भी चुराते हैं श्रीकृष्ण : आचार्य हेमंत कृष्ण

- श्रीजी कुंज कॉम्पलेक्स डोंडाघाट पर श्रीमद् भागवत कथा जारी

**अवधनामा संवाददाता**




**ललितपुर।** प्रभु श्रीकृष्ण अपने भक्तों के हृदय का हरण करते हैं। भक्तों की पीड़ा एवं जन्म-जन्म के पापों का भी हरण करते हैं। संतों के हृदय को भी माखन कहा गया है। उक्त उदगार श्रीजी कुंज कॉम्प्लेक्स, डोडाघाट में आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत बरसाना धाम से आए प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य हेमंत कृष्ण जी महाराज जी ने प्रकट किए।

महाराजश्री ने कहा बड़ों का बड़प्पन उनकी सहज स्वभाव से ही प्रकट होता है। आप जितने बड़े होंगे उतने ही विनम्र होंगे। पूतना के विषय में बोलते हुए महाराजश्री बोले कि अपवित्र विचार, अमर्यादित बोल और स्वच्छंद स्वभाव पूतना की प्रवृत्ति है। श्रीहरि पदार्थ के भूखे नहीं हैं वो तो भाव के भूखे हैं। महाराजजी ने कहा कि श्रीकृष्ण भगवान की सभी लीलाएं ईश्वरीय हैं, उनको मनुष्य बुद्धि से नहीं समझा जा सकता है। कथा के अंतर्गत श्रीगोवर्धन का प्रसंग सुनाते हुए महाराजजी बोले कि गिर्राज प्रकृति का रूप है। गिर्राज का पूजन करवाकर प्रभु जगत को प्रकृति के पूजन का संदेश दिया। गिर्राजजी महाराज की पूजा के लिए आयोजक परिवार ने छप्पन भोग निवेदित किए। कथा की आरती में मुख्य यजमान राकेश तामिया, अमन तामिया के अलावा गीता प्रभुदयाल तामियां, प्रिया अजय तामियां, निशी नीलांश तामियां, रितु विराज तामियां के अलावा रामस्वरूप तामियां, सीताराम तामियां, जगदीश तामियां, एड. राजेन्द्र तामियां, महेश तामियां, विनोद तामियां, मनीष तामियां रहे। जबकि व्यवस्था में सहयोगी के रूप में श्री रामलीला हनुमान जयन्ती महोत्सव समिति और श्री भारत सेवा मण्डल व्यायामशाला शामिल रहीं। इस कथा को सफल बनाने के लिए मनोरथी श्रीमती कविता राकेश तामियां ने लोगों से आह्वान किया है कि इस भव्य और दिव्य आयोजन में भागीदारी कर इसे सफल बनायें।

## गाय के संरक्षण और संवर्धन को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** प्रदेश के मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन धर्मपाल सिंह ने जनपद मथुरा के भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान सीवीओ डॉ. विपिन गर्ग ने बताया कि जनपद में 07 वृहद गौआश्रय स्थल व 59 अस्थायी गौआश्रय स्थल संचालित है, जिसमें 25129 गौवंश संरक्षित हैं। जनपद में निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने के उद्देश्य से संचालित किये गये अभियान के दौरान लगभग 5000 गोवंशों को संरक्षित किया गया है। मंत्री श्री सिंह ने निर्देश दिया कि जनपद में निर्माणाधीन वृहद केन्द्रों को निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराकर अवशेष गौवंशों को संरक्षित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि संरक्षित गोवंशों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार चारा-पानी, भूसा, शेड व चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाए। गोवंशों के संरक्षण में धनाभाव की स्थिति आड़े नहीं आने दी जायेग। मंत्री श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि गोसंरक्षण केन्द्रों पर कार्यरत कार्मिकों को विशेष रूप से केयर टेकरों को समय से मानदेय का भुगतान किया जाए तथा अन्य मदों में बिलों को लम्बित न रखा जाए ताकि गोवंशों का संरक्षण बेहतर से बेहतर ढंग से हो सके। श्री सिंह ने यह भी निर्देश दिया कि निजी क्षेत्रों में संचालित गौशालाओं से सम्बन्धित देयकों के भुगतान हेतु समयबद्ध तरीके से कार्यवाही की जाए। मंत्री ने सहभागिता योजना का दायरा बढ़ाये जाने का भी निर्देश देते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी योजना है। अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित कर उन्हें योजना से आच्छादित किया जाए। जनपद में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए नस्ल सुधार पर विशेष फोकस किया जाए।

## अनुसंधान और शोध पत्र लेखन पर कार्यक्रम आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा के रसायन शास्त्र विभाग एवं आरएसपी साइंस हब, कोयंबटूर ,तमिलनाडु के संयुक्त तत्वाधान में अनुसंधान परियोजनाओं एवं वैज्ञानिक शोध-पत्र लेखन÷ विषय पर ऑनलाइन मोड पर एक सप्ताह के शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग कार्यक्रम का समापन सत्र आयोजित हुआ। इस समापन- सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर धीरेंद्र प्रताप सिंह (पूर्व संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार, प्रयागराज) ने इस तरह के शैक्षणिक आयोजनों के निरंतर आयोजनों पर बल दिया। उनके अनुसार ऐसे आयोजनों के द्वारा उपलब्ध अनुसंधान विषयों एवं सूचनाओं में निरंतर समकालीनता सुनिश्चित की जा सकती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बी एस ए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ) ललित मोहन शर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्रतिभागियों और आयोजकों को शुभकामनाएं दी। कार्यशाला के मुख्य संरक्षक प्रोफेसर बी एल शर्मा , सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार एंव संरक्षण कॉलेज प्राचार्य प्रो. (डॉ) प्रवीण कुमार अग्रवाल रहे। धन्यवाद एवं आभार वर्कशॉप की संयोजिका डॉ ममता रानी कौशिक, रसायन शास्त्र विभाग, किशोरी रमन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा ने किया। वर्कशॉप की आयोजन समिति के प्रो राजेश अग्रवाल, प्रो राजेश गौतम, प्रो उमेश शर्मा, डॉ अशोक कुमार कौशिक, डॉ नवीन अग्रवाल, डॉ अजय उपाध्याय, डॉ रामदत्त मिश्रा, लेफ्टिनेंट डॉ कपिल कौशिक, डॉ विजय नारायण तथा आर.एस.पी. हब, कोयंबटूर के डॉ. सी सोनू सह संस्थापक, डॉ सोना डि सोलंकी समन्वयक एवं डॉ टी प्रवीण उपस्थित रहे।

# ब्रज लोक कला संग्रहालय देख कर समझें ब्रज की संस्कृति : हेमामालिनी

**अवधनामा संवाददाता**



**वृन्दावन (मथुरा)।** छटीकरा-राधाकुण्ड रोड, बहुलावन में स्थित ब्रज लोक कला एवं शिल्प संग्रहालय को देखने पहुंची मथरा जनपद की सांसद श्रीमती हेमा मालिनी ने संग्रहालय में रखी वस्तुओं को देखा व यहां रखी गयी ब्रज संस्कृति की वस्तुओं के संग्रह में कितना समय व परिश्रम लगा है, जिसे युवा पीढ़ी को समझना चाहिए व इसे वर्षों तक संरक्षित रखा जाना चाहिए। यहां आकर ही ब्रज संस्कृति को सही से जाना व समझा जा सकता है।

सांसद श्रीमती हेमामालिनी के संग्रहालय पहुंचने पर उनका स्वागत डॉ. उमेश चन्द्र शर्मा व कपिल उपाध्याय ने किया। सांसद महोदया ने संग्रहालय के मुख्यद्वार पर रखे विशाल बम्ब को बजाया। सात अलग-अलग वीथिकाओं में रखी हर वस्तु को उन्होंने देखा व उनके विषय में जानकारी की। ग्वाल संस्कृति का एक मात्र व अनूठा संग्रहालय जिसमें ब्रजसंस्कृति की प्राचीन वस्तुओं का संकलन किया गया है तथा आमजन के अवलाकनार्थ इन्हें यहां संरक्षित किया गया है।

इस अवसर पर सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि प्राचीन संस्कृति से आज की युवा पीढ़ी को परिचय करना चाहिए यहां संरक्षित कर सुरक्षित रखी गयी प्राचीन वस्तुओं के संग्रह में कितना समय लगा होगा तथा इसके पीछे कितना परिश्रम लगा होगा यह यहां आने पर ही समझा जा सकता है। उन्होंने संग्रहालय की पुस्तिका में अपने विचार लिखते हुए लिखा है कि ब्रज लोक कला एवं शिल्प संग्रहालय, मथुरा में आकर मैं इस खूबसूरत संग्रहालय को देखकर बहुत प्रभावित हुई हूँ। हमारी प्राचीन कला और संस्कृति के विभिन्न रूप को बहुत अच्छी तरह से यहां संरक्षित किया गया है। आने वाली पीढ़ी के लिए इसे वर्षों तक बनाए रखना चाहिए। ताकि वह इसे देख सकें और प्राचीन संस्कृति को समझ सकें। मेरी सभी को शुभकामनाएँ तथा प्यार, आप सभी यहां आकर देखें व आनंद लें।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की मीटिंग में 16 परिवारो को मिलाया गया



**संभल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की देखरेख में चलाये जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौते केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10:30 बजे महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई जहां पति पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया जहां 147 पत्रावली सुनकर 60 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 16 परिवारों को मिलाया गया तथा चार पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवं 40 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने अथवा न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद की गई इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधि परामर्शदाता लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट बबीता शर्मा श्वेता गुप्ता सीमा आर्य कंचन महेश्वरी एवं कांस्टेबल रश्मि गहलोत आदि लोग उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना मे बाइक सवार युवक की मौत

**संभल।** ट्रैक्टर की टक्कर लगने से सड़क किनारे खडे बाइक सवार युवक की मौत हो गयी संभल चन्दौसी मार्ग मौहम्मद पुर टाडा गॉव मे हुए हादसे मे मौलागढ निवासी बाइक सवार सचिन की मौत हो गयी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है हादसे मे ट्रैक्टर चालक रायसत्ती निवासी बिलाल भी घायल हो गया है बताया जाता है कि मृतक अपनी मॉ के साथ आसफपुर से अपने घर को आ रहा था और एक साइड को बाइक रोक कर मुबाईल से बातचीत कर रहा था तभी पीछे से. ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे सचिन घायल हो गया अस्पताल ले जाते हुए सचिन की मौत हो गयी मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया और तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही शुरू करने की बात कही।

### ऐतिहासिक धरोहर चक्की के पाट को पुन स्थापित करने के लिए कार्य शुरु किया गया

**संभल।** ऐतिहासिक धरोहर चक्की के पाट पुन स्थापित करने के लिए कार्य शुरु हो गया है चक्की का पाट 18 सितंबर को भारी बारिश के कारण दीवार गिरने से गिर गया था संभल के ऐतिहासिक धरोहर चक्की के पाट को देखने के लिए दूर दूर से लोगो संभल आते हैं इस ऐतिहसिक धरोहर को पुन स्थापित करने का कार्य शुरु कर दिया गया है जिससे ऐतिहसिक धरोहर की यादगार कायम रहे संभल मे ऐतिहासिक धरोहर चक्की के पाट को 16 वी शताब्दी मे आल्हा ऊदल ने एक छलांग में पत्थर के पाट को लगभग 50 फीट ऊची दीवार पर कील लगाकर टांग दिया था बताया जाता है कि 16 वी शताब्दी से पहले पृथ्वी राज चौहान द्वारा राजा जयचंद की बेटी को अपहरण कर के यहॉ छुपाया था उसकी खोज मे आल्हा ऊदल संभल आए थे और एक नट के रूप में चक्की का पाट एक छलांग लगा कर दीवार में लगा दिया था इस चक्की के पाट को देखने के लिए दूर दूर से लोगो का संभल आना जाना रहता था शहर के मुख्य बाजार मे होने के कारण चक्की के पाट को पुन स्थापित करने लिए रात मे दीवार बनाने का कार्य किया जायेगा जिससे बाजार मे आने जाने वाले लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### छोटे-छोटे विवादों को आपसी सुलह समझौते तहत निस्तारित करायें : जिलाधिकारी



**बिलग्राम।** थाना बिलग्राम में आहूत थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने उपस्थित कानूनगो एवं लेखपालों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के फरियादियों की छोटी-छोटी समस्या के समाधान के लिए गांव स्थलीय निरीक्षण करें और पक्षों के अलाावा ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों की उपस्थित में आपसी सुलह समझौते तहत निस्तारित करायें। उन्होने कहा सरकारी एवं गरीबों की भूमि पर किये गये अवैध कब्जों की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए बताये स्थान को चिहिंत करे और अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए भूमि की नाप कराकर जो भूमि अवैध कब्जा की गयी है उसे पुलिस के सहयोग से कब्जा मुक्त करायें और कब्जा करने वालों पर दण्डातमक कार्यवाही करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने थानाध्यक्ष को निर्देश दिये कि थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ निमृल व्यवहार किया जाये और शिकायत का गहराई से अध्यन एवं जांच कराने के उपरान्त दोषियों पर कार्यवाही करें और पीड़ितों को न्याय दिलायें। इस अवसर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि उपस्थित रहें।

### डीएम ने राजघाट मेले की व्यवस्थाओं को देखा

**बिलग्राम।** कार्तिक मेला के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने राजघाट मेला स्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मेला प्रारम्भ होने से पूर्व घाटों पर आवागमन के लिए मार्ग व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया जाये। प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। घाटों की सफाई करायी जाये। वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाये। कंट्रोल रूम की स्थापना की जाये। कंट्रोल रूम में माइक इस प्रकार का लगाया जाये जिससे आवाज दूर तक जाये। मोबाईल टॉयलेट की व्यवस्था की जाये। पेयजल के लिए टैंकरों की व्यवस्था की जाये। आवश्यकतानुसार अन्य नगर पालिकाओं से भी टैंकर मंगाए जाएं। घाटों में स्नान की सीमा निर्धारित कर चेतावनी के बोर्ड लगवाए जाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि घाट पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाये। मेले के दौरान पुलिस की टीमें लगातार गश्त करती रहें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिलग्राम राकेश सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक रिसर्च से पता चला, रोजाना 5 मिनट सरल एसरसाइज करने से लड प्रेशर को मैनेज किया जा सकता है



आजकल के ज्यादातर लोगों में अनियमित ब्लड प्रेशर देखने को मिल रहा है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक ब्लड प्रेशर को सही ढंग से प्रबंधित करने के लिए नियमित एक्सरसाइज करने की सलाह देते हैं। जो लोग रोजाना 30 से 60 मिनट तक व्यायाम करते हैं, हेल्थ बेहतर रहती है। लेकिन, ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन द्वारा एक अध्ययन से पता चला है कि रोजाना केवल 5 मिनट के लिए एक्सरसाइज करने से ब्लड प्रेशर को कम करने में बेहद फायदेमंद होता है। इतना ही नहीं, इस शोध से पता चला है कि ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए तीव्र या कठिन व्यायाम की तुलना में नियमित, छोटे व्यायाम करना अधिक असरदार होता है।

दरअसल, वेबएमडी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह शोध लंदन यूनिवर्सिटी और सिडनी यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने किया है। इस अध्ययन का उद्देश्य यह था कि क्या 5 मिनट का व्यायाम किसी व्यक्ति के ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है।

गौरतलब है कि, शोधकर्ताओं ने 24 घंटों में 15,000 लोगों पर नजर रखें। इन परिणामों से पता चला कि जिन लोगों ने साइकिल चलाई या सीढ़ियां चढ़ना जैसे व्यायाम के केवल 5 मिनट अतिरिक्त शामिल किए। जिससे रक्तचाप के स्तर में महत्वपूर्ण सुधार हुआ।

इतना ही नहीं, इस अध्ययन में यह भी पता चला कि एक्सरसाइज चाहे किसी भी प्रकार की हो, यह ब्लड प्रेशर सकारात्मक प्रभाव मिलता है। छोटे व्यायाम उन लोगों के लिए फायदेमंद होते हैं जिन्हें हर दिन शारीरिक गतिविधि में शामिल होने में कठिनाई होती है।

***5 मिनट के व्यायाम करने से ब्लड प्रेशर होगा कंट्रोल***

वैज्ञानिकों के अनुसार, रोजाना केवल 5 मिनट के व्यायाम करने से ब्लड प्रेशर मैनेज होता है साथ ही अन्य संबंधी चिंताओं को भी दूर कर सकता है। शोध में आगे पता चला है कि उच्च रक्तचाप को कंट्रोल करने के लिए कठिन एक्सरसाइज करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसके बजाय, साइकिल चलाना या सीढ़ियां चढ़ना जैसी छोटी दैनिक गतिविधियों को शामिल करने से बहुत लाभ मिल सकता है। लेकिन, ये व्यायाम केवल तभी फायदा करेंगा जब आप इसे रोजाना करें। कई अध्ययनों से पता चला है कि ब्लड प्रेशर के स्तर को सामान्य रुप से बनाए रखने के लिए शरीर को निरंतर शारीरिक गतिविधि की आवश्यकता होती है।

# भीगे हुए ड्राई फ्रूट्स से शरीर को मिलता है जबरदस्त फायदे, हड्डियां होती है मजबूत

ड्राई फ्रूट्स स्वाद से भरपूर होते ही हैं। इसके साथ इनमें कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। सूखे मेवे न्यूट्रिशन का पावरहाउस होता है। इनमें प्रोटीन, फाइबर, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर हैं। क्या आप जानते हैं ड्राई फ्रूट्स भिगोकर खाने से कई फायदे होते हैं। बादाम, खजूर, अंजीर, किशमिश और अखरोट जैसे सूखे मेवों को भिगोकर खाने से पाचन में सुधार होता है, मांसपेशियों के स्वास्थ्य में मदद मिल सकती है, ऊर्जा बढ़ सकती है और आप हाइड्रेटेड महसूस कर सकते हैं। इससे उन्हें पचाना भी आसान हो जाता है, जिससे आपका शरीर अधिक पोषक तत्वों को एब्जॉर्ब कर पाता है। आइए जानते हैं भीगे हुए ड्राई फ्रूट्स खाने से क्या होता है?

बादाम में उच्च प्रोटीन पाया जाता है और यह मस्तिष्क तेज करने लाभों के लिए जाना जाता है। बादाम खाने से पाचन स्वस्थ रहता है, मांसपेशियों के स्वास्थ्य का ठीक करता है। ब्लड शुगर के स्तर को विनियमित करता है। इसके सेवन से शरीर को एनर्जी मिलती है। बादाम को भिगोकर खाने से स्वाद के साथ स्किन के लिए भी हेल्दी होता होता है। प्रोटीन, आयरन, फॉस्फोरस और फाइबर से भरपूर बादाम रोज सुबह खाली पेट भीगे हुए बादाम का सेवन करने से मानसिक सतर्कता और याददाश्त भी बढ़ती है।



***खजूर***

खजूर में कई पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और प्रचुर मात्रा में फाइबर के साथ ही नेचुरल मिठास प्रदान करता है। रात भर खजूर को भिगोने से उनकी बनावट नरम हो जाती है। आयरन का स्तर बढ़ता है, पाचन स्वास्थ्य को बेहतर करता है और हड्डियों को स्वास्थ रखता है।

***अखरोट***

ओमेगा-3 फैटी एसिड, खनिज और विटामिन से भरपूर, अखरोट मस्तिष्क के कार्य में सहायता करते हैं, चयापचय को बढ़ाते हैं और भीगे हुए अखरोट खाने से रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करते हैं। भिगोने से उनकी कड़वाहट भी कम हो जाती है और उनके पोषक तत्वों की जैव उपलब्धता में सुधार होता है।

***किशमिश***

किशमिश पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, इसे आप अपनी दिनचर्या में जरुर शामिल करें। भीगी हुई किशमिश खाने से त्वचा के लिए बेहतरीन होती है। किशमिश में कई पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखता है।

***अंजीर***

रोजाना सुबह भीगे हुए अंजीर खाने से शरीर स्वस्थ रहता है। अंजीर में फाइबर होता है जो पाचन संबंधित समस्याओं को ठीक करता है। अंजीर को रात भर भिगोकर खाने से पाचन में सहायता होती है और प्रतिरक्षा को मजबूत करता है और शरीर की कमजोरी को दूर करता है।

# या आप जानते हैं कॉफी पीने का सही समय और तरीका, कब और कैसे कॉफी पीना होता है फायदेमंद

सेहत के लिए कॉफी का सेवन फायदेमंद माना जाता है। कॉफी में कैफीन पाया जाता है और कॉफी से हमारे शरीर को एनर्जी मिलती है। साथ ही इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स पाया जाता है। जिसकी मदद से बॉडी को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाने में सहायता मिलती है। कॉफी में पाया जाने वाला पॉलिफेनॉल्स शरीर की सूजन को कम करने में मददगार होता है और इसमें विटामिन-बी2 और बी3 जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके अलावा कॉफी में मैग्नीशियम भी होता है, जिससे हमारी मांसपेशियां मजबूत बनती हैं।

कॉफी में मौजूद पोटेशियम हृदय की सेहत और रक्तचाप के संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है। कॉफी में मौजूद फास्फोरेस हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है। कई लोग कॉफी सुबह पीना पसंद करते हैं, तो कुछ लोग शाम को। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कॉफी पीने का सही समय क्या है। क्योंकि कॉफी में कैफीन पाया जाता है और कैफीन की अधिक मात्रा हमारी बॉडी के लिए हानिकारक होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कॉफी पीने के सही समय और सही तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

***सुबह के समय कॉफी पीने के फायदे***

कॉफी में कैफीन पाया जाता है, जो दिमाग को एक्टिव कर थकान को दूर करता है।

सुबह के समय कॉफी पीने से ध्यान केंद्रित करने में सहायता मिलती है और व्यक्ति मानसिक रूप से सचेत रहता है।

सुबह कॉफी का सेवन करने से हमारे शरीर को एनर्जी मिलती है।

कॉफी में एंटीऑक्सीडेंट्स पाया जाता है। जो बॉडी को फ्री रैडिकल्स से बचाने में मदद करते हैं।

***सुबह के समय कॉफी पीने के नुकसान***



सुबह उठकर देर से कॉफी का सेवन करने से नींद में कमी आ सकती है। क्योंकि एक तय समय पर कैफीन का सेवन करने से आपकी नींद खुल सकती हैं।

कुछ लोग सुबह के समय कॉफी का सेवन करते हैं, जिसकी वजह से उन्हें एसिडिटी, गैस और पेट में जलन की समस्या होन लगती है।

अधिक मात्रा में कैफीन का सेवन करने से बीपी की समस्या बढ़ सकती है।

***शाम के समय कॉफी पीने के फायदे***

शाम के समय कॉफी पीने से थकान दूर होती है और आपके शरीर को एनर्जी मिलती है।

***शाम को कॉफी पीने से आपका सिर दर्द भी दूर हो सकता है।***

पूरा दिन काम करने से होने वाली थकान को आप शाम को एक कप कॉफी पीकर दूरकर सकते हैं। इससे आप एक्टिव महसूस करते हैं।

***शाम के समय कॉफी पीने के नुकसान***

शाम या रात के समय कॉफी का सेवन करने से आपको अनिद्रा की समस्या हो सकती है।

***वहीं शाम के समय कॉफी पीने से तनाव की समस्या हो सकती है।***

शाम को कॉफी का सेवन करने से पेट में जलन, गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

***कब और कैसे करें कॉफी का सेवन***

सुबह के समय कॉफी का सेवन करना बेहद फायदेमंद माना जाता है। वहीं रात या शाम के बाद कॉफी का सेवन नहीं करना चाहिए।

दिनभर में सिर्फ 1-2 कप कॉफी पीना चाहिए। इससे ज्यादा कॉफी का सेवन करने से बचना चाहिए।

***कम दूध और बिना चीनी के कॉफी पीना ज्यादा हेल्दी माना जाता है।***

बता दें कि एक दिन 400 मिलीग्राम से ज्यादा मात्रा में कॉफी का सेवन नहीं करना चाहिए।

अगर आप शाम के समय कॉफी पीना चाहते हैं, तो आपको सोने से करीब 5 घंटे पहले कॉफी पीना चाहिए। इससे आपकी नींद डिस्टर्ब नहीं होगी।

अगर आप शाम के समय कॉफी पीना चाहते हैं, तो ब?लैक कॉफी, कैफीन-फ्री कॉफी या फिर हर्बल टी का सेवन करें।

कॉफी पीने के साथ ही पानी पीना भी जरूरी है। क्योंकि कॉफी में कैफीन की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे आपका शरीर डिहाइड्रेट न हो।

# वेट लॉस की जर्नी में Metabolic Adaptation बन रहा समस्या, तो ऐसे करें इससे डील




हम सभी वेट लॉस के लिए कई तरीके अपनाते हैं। कुछ लोग एक्सरसाइज रिजीम को अच्छा बनाते हैं, तो कई डाइट फॉलो कर वेट लॉस करते हैं। वजन कम करने के लिए हेल्दी और सेफ डाइट को फॉलो करना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि इससे आपके शरीर को सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स मिल पाते हैं। हालांकि कुछ लोग डाइटिंग के जरिए भी वेट लॉस करना शुरू करते हैं, लेकिन कई बार इससे हमारे शरीर को फायदे की जगह नुकसान होने लगता है। विटामिन और फ़ूड सप्लीमेंट खरीदें

इस वजह से वजन कम होने के बजाय रुक भी सकता है। इस स्थिति को मोटाबोलिक एडेप्टेशन कहा जाता है। ऐसे में अगर आप भी वेट लॉस के लिए डायटिंग का सहारा ले रहे हैं और आप मेटाबोलिक एडेप्टेशन की समस्या में फंस गए हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप इस समस्या से कैसे बाहर निकल सकते हैं।

***क्यों होता है मेटाबोलिक एडेप्टेशन***

बता दें कि डाइटिंग के समय मेटाबोलिक एडेप्टेशन की स्थिति हो सकती है। जब हम डाइटिंग के दौरान कम खाना खाते हैं, तो इससे हमारे शरीर की एनर्जी नीड्स कम हो जाती है। जिसकी वजह से शरीर को कम खाने की जरूरत होती है। इससे बॉडी का मेटाबॉलिज्म कम हो जाता है। वहीं मेटाबॉलिज्म कम होने या रुकने की वजह से कम होना भी रूक जाता है।

***डाइट से थोड़ा ब्रेक लें***

वजन कम होना रुकने का यह मतलब है कि आपके शरीर को आराम की जरूरत है। क्योंकि ऐसे में आपके शरीर में मेटाबॉलिज्म कम हो जाता है। मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने के लिए लाइफस्टाइल चेंज करने की जरूरत होती है। इसलिए 1-2 सप्ताह वेट लॉस की जर्नी पर काम न करें। अपने शरीर को रेस्ट दें और लाइफस्टाइल को नॉर्मल रखें। इसके बाद फिर 200-300 कैलोरी घटाने से शुरूआत करें।

***चेंज करें वर्कआउट रूटीन***

वेट लॉस जर्नी को दोबारा ठीक करने के लिए आपको अपने मेटाबॉलिज्म पर काम करना शुरू करें। इसकी वजह आपका वर्कआउट रूटीन भी हो सकता है। इसलिए वर्कआउट रूटीन को बदलने पर काम करें। अगर आप वेट लॉस के लिए कार्डियो करते हैं, तो इसकी जगह पर लाइट एक्सरसाइज और योग करने की आदत बनाएं। कुछ ही दिनों में आपको अपने वेट में असर नजर आने लगेगा।

***मेडिटेशन करें***


भले ही आपको यह जानकर हैरानी होगी, लेकिन मेडिटेशन करने से भी आपका मेटाबॉलिज्म ठीक हो सकता है। मेडिटेशन करने से आपका स्ट्रेस लेवल कम होगा और इससे आपके शरीर और दिमाग दोनों ही रिलैक्स होंगे। इसलिए डेली मेडिटेशन की आदत जरूर डालें। इससे बॉडी के हार्मोन्स भी बैलेंस रहेंगे और वेट लॉस करना भी आसान होगा।

***मनपसंद चीजों पर करें काम***

कई बार बिजी लाइफस्टाइल की वजह से हमें खुद पर काम करने का मौका नहीं मिल पाता है। ऐसे में कई एक साथ कई चीजों में फंस जाते हैं। जिसकी वजह से हार्मोन्स भी असंतुलित हो जाते हैं। इससे वेट लॉस करना भी मुश्किल होता है। इसलिए अपनी मनपसंद चीजों पर काम करना चाहिए, जिससे आपको खुशी मिले।

# बच्चों की याददाश्त बढ़ाने के लिए मददगार हैं ये 7 योग आसन

योग एक जादुई अभ्यास है जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दे सकता है और कल्याण को बढ़ावा देने में काफी मदद करता है। यह गहरी सांस लेने और शारीरिक संवेदनाओं पर ध्यान देने पर जोर देता है, जिससे हमारी एकाग्रता और याददाश्त में सुधार हो सकता है। योग मस्तिष्क सहित पूरे शरीर में ऑक्सीजन और रक्त प्रवाह को बढ़ाता है, जिससे हमारे संज्ञानात्मक कार्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बच्चो से लेकर छात्रों की शिक्षा के लिए योग करना काफी जरुरी होता है। इससे गहरी एकाग्रता हासिल कर सकते हैं और अपनी याददाश्त में सुधार लाया जा सकता है। आइए जानते हैं इन 7 योग आसन के बारें में आपको बताते हैं, जिनसे बच्चों की याददाश्त बढ़ा सकते हैं।



***सूर्य नमस्कार***

ज्यादातर स्कूलों में रोजाना सूर्य नमस्कार अभ्यास किया जाता है, यह योग आसन शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार से लेकर एकाग्रता में सुधार तक के लाभों के लिए जाना जाता है। यह प्रणामासन से शुरू होने वाले 12 योग आसनों का एक संयोजन है जिसमें गहरी सांस लेना और सीधे खड़े होना शामिल है।

***बालासन***

इस योग के करने से बच्चों की याददाश्त बेहतर रहती है। इसको करने के लिए आप चटाई पर घुटने टेकें जब तक कि आपकी पीठ आपकी एड़ी पर न टिक जाए। अपने हाथ फैलाएं और सांस लें। यह आसन विश्राम को बढ़ावा देता है और मानसिक स्पष्टता में सुधार करता है।

***अनुलोम वोलोम प्राणायान***

अनुलोम वोलोम प्राणायान योग करने से चिंता और तनाव कम हो जाता है। इसे करने के लिए प्रत्येक नासिका छिद्र से सांस लेना और छोड़ना शामिल है। इस अभ्यास से मस्तिष्क में रक्त का प्रवाह बढ़ता है जिससे मानसिक स्पष्टता बढ़ती है।

***वृक्षासन***

इस योग करने से तनाव दूर होता है। बच्चों का दिमाग भी तेज होता है। इसको करने के लिए एक पैर पर शरीर को संतुलित करना और दूसरे पैर को खड़े पैर की भीतरी जांघ पर रखना शामिल है। आपकी भुजाएं ऊपर की ओर फैली हुई, मुड़ी हुई होनी चाहिए। यह अभ्यास फोकस को बढ़ा सकता है जिससे याददाश्त बेहतर हो सकती है।

***सर्वांगासन***

सर्वांगासन एक पूर्ण शरीर का व्यायाम है जिसमें खुद को उल्टा करना और कंधों परप शरीर का बल छोड़ना होता है। यह योग पोज शक्ति, लचीलेपन और परिसंचरण को बढ़ा सकता है और मानसिक स्पष्टता को बढ़ावा देता है।

***त्राटक ध्यान***

त्राटक ध्यान में एक आरामदायक स्थिति में बैठना और एक बिंदु, आमतौर पर मोमबत्ती की लौ पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। यह व्यायाम मानसिक स्वस्थ में सुधार कर सकता है, याददाश्त बढ़ा सकता है और जागरूकता की भावना को बढ़ाता है। इसके अलावा इस एक्सरसाइज से आंखों की रोशनी भी बेहतर हो सकती है।

***पश्चिमोत्तानासन***

पश्चिमोत्तानासन करने के लिए रीढ, कंधों और हैमस्ट्रिंग को फैलता है। इसके करने से प्रवाह में काफी सुधार करता है और फोकस को बढ़ाते हुए याददाश्त में सुधार कर सकता है। इस योगासन को करने के लिए अपने पैरों की उंगलियों को अपने सामने फैलाकर फर्श पर बैठें, इसके बाद अपनी हड्डी को फर्श को दिशा में दबाएं और अपनी रीढ़ को लंबा करें। कुछ समय के लिए सांसे छोड़ें और अंदर लें।

# नींद न आने की समस्या से रहते हैं परेशान तो सीपीएपी थेरेपी है फायदेमंद

सीपीएपी थेरेपी, जिसको स्लीप एपनिया और अन्य श्वास संबंधी समस्याओं के इलाज में बेहद फायदेमंद माना जाता है। इस थेरेपी की मदद से नींद से जुड़ी समस्याएं दूर होने के साथ नींद को बेहतर बनाने में बहुत कारगर होती है। लेकिन यह थेरेपी डॉक्टर के कहने पर ही ली जाती है। इस थेरेपी की मदद से बेहतर नींद आती है और व्यक्ति को खर्राटों की समस्या से भी राहत मिलती है।



सीपीएपी थेरेपी के दौरान एक ऐसी मशीन का इस्तेमाल किया जाता है, जो नींद के दौरान वायुमार्ग को खुला रखने के लिए हवा की एक स्थिर धारा प्रदान करती है। इस थेरेपी की सहायता से वायुमार्ग को खुला रखा जाता है और इससे श्वांस संबंधी समस्या दूर होती है और अच्छी नींद मिलने में मदद मिलती है। इस थेरेपी के दौरान मुंह और नाक पर मास्क लगाया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सीपीएपी थेरेपी के फायदे और यह कैसे कार्य करती है।

***जानिए फायदे***

इस थेरेपी को लेने के बहुत फायदे होते हैं। स्लीप एपनिया और अन्य नींद से संबंधित समस्याओं में सीपीएपी थेरेपी लेने से फायदा मिलता है। इसकी वजह से रोगियों के जीवन में और नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है।

सीपीएपी थेरेपी के उपयोग से नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है। अगर आपको रात में सही से नींद नहीं आती है, तो आप डॉक्टर की सलाह पर इस थेरेपी को ले सकते हैं।

सीपीएपी थेरेपी स्लीप एपनिया के रोगियों के लिए भी काफी असरदार साबित होती है।

इस थेरेपी को लेने से दिन की नींद और थकान से जुड़ी समस्या दूर होती है। अगर नींद की कमी होने से आपको थकान बनी रहती है, तो आपको यह थेरेपी लेने से लाभ मिलेगा।

इस थेरेपी की मदद से स्लीप एपनिया का इलाज होता है। जिससे हार्ट अटैक, हाई ब्लड प्रेशर और स्ट्रोक का जोखिम भी कम होता है।

सीपीएपी थेरेपी की मदद से डायबिटीज रोगियों को भी लाभ मिल सकता है।

इस थेरेपी से सीओपीडी के रोगियों में सांस लेने में सुधार कर सकती है।

***कैसे काम करती है ये थेरेपी***

इस थेरेपी के लिए एक मशीन का इस्तेमाल किया जाता है। इस मशीन में मुख्य 3 घटक होते हैं। इसमें मोटर, मास्क और नली शामिल होती है।

इस थेरेपी के दौरान मशीन में मोटर दबाव पर हवा का लगातार प्रवाह उत्पन्न करती है।

इस दौरान रोगी को नाक और मुंह पर मास्क पहनाया जाता है और वायुमार्ग को खुला रखने के लिए मास्क हवा देता है।

***नली के माध्यम से ही हवा पहुंचाई जाती है।***

रोगी की स्थिति के अनुसार सीपीएपी थेरेपी मशीरन की सेटिंग की जाती है। हवा का प्रवाह कितना चाहिए यह स्लीप एपनिया की गंभीरता या अन्य कारकों पर निर्धारित होता है।

***नुकसान***

सीपीएजी थेरेपी कई रोगों से छुटकारा दिलाती है। लेकिन इसके भी अपने कुछ नुकसान होते हैं।

इस थेरेपी को लेने की वजह से लगातार वायुप्रवाह होता है और इसमें नाक बंद होने की समस्या हो सकती है।

सीपीएजी थेरेपी की वजह से नाक में जलन हो सकती है या फिर नाक बहने की समस्या होने लगती है।

***इस थेरेपी के कारण ड्राई माउथ की समस्या हो सकती है।***

सीपीएजी थेरेपी के दौरान यदि मास्क ठीक न पहना हो, तो सांस लेने में समस्या हो सकती है।

सीपीएजी थेरेपी में हवा निगलने के कारण गैस की समस्या हो सकती है।

# इस तरह से खाएंगे छुहारा तो एनर्जी से भर जाएगा शरीर का एक-एक अंग, जानिए फायदे

खजूर की तरह छुहारा भी हमारे शरीर को ताकत देता है। बता दें कि छुहारा, खजूर का ही सूखा रूप होता है। लेकिन अगर आपको छुहारा खाने का सही तरीका मालूम है, तो आपके शरीर का कोई भी अंग कमजोर नहीं होगा। ऐसे में जो लोग शारीरिक रूप से कमजोर होते हैं, उनको छुहारे का सेवन करना चाहिए। कुछ ही दिनों में छुहारा पूरे शरीर की कमजोरी को पूरी तरह से समाप्त कर देगा। अक्सर लोग छुहारा को दूध में भिगोकर खाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि छुहारा को किस चीज के साथ मिलाकर खाने से शरीर के एक-एक अंग में जान भर जाएगी।

***बढ़ती है मांसपेशी***

छुहारे को शहद के साथ मिलाकर खाने से मांसपेशियां बढ़ती हैं। वहीं यह दोनों खाद्य पदार्थ कैलोरी से भरपूर होते हैं। छुहारे के अंदर खजूर की सारी ताकत पाई जाती है। खजूर में कार्ब्स, प्रोटीन, आयरन, फाइबर, कॉपर, जिंक और विटामिन बी होता है, जो वेट के लिए बेहद जरूरी होता है।

***एनर्जी***

बता दें कि छुहारा और शहद दोनों में ही नेचुरल शुगर होता है। जो शरीर को एनर्जी देने का कान करते हैं। ऐसे में जब वर्कआउट के बाद या फिर कमजोरी महसूस होती है, तो इसका सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है।



***डायजेस्टिव सिस्टम***

डायजेस्टिव सिस्टम को सुधारने वाले फाइबर की मात्रा छुहारा में अच्छी होती है। शहद में एंजाइम्स पाया जाता है, जो डाइजेशन में सुधार करते हैं। ऐसे में नियमित उपाय करने से कब्ज और अन्य डाइजेस्टिव समस्याएं दूर हो सकती हैं।

***इम्यूनिटी***

शहद में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने का काम करते हैं। साथ ही छुहारा में विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर को संक्रमण से बचाने में मददगार होते हैं।

***दिल की बीमारी***

छुहारा में पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स पाए जाते हैं और यह दिल की बीमारियों से भी बचाने में सहायक होते हैं। शहद में एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाया जाता है, जोकि गंदे कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखता है।

***हड्डियां होंगी मजबूत***

छुहारा में विटामिन के, फॉस्फोरस और कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। वहीं हड्डियों की मजबूती के लिए इन पोषक तत्वों की जरूरत होती है। साथ ही शहद के अंदर भी बोन डेंसिटी बढ़ाने वाले मिनरल्स पाए जाते हैं।

***कॉम्प्लीमेंट्री फायदे***

स्किन और हेयर के लिए भी शहद और छुहारे का उपाय बेहद अच्छा माना जाता है। यह दोनों चीजें शरीर के अंगों को हेल्दी बनाकर उनकी मजबूती और ग्रोथ बढ़ाते हैं।

# आर्थर रोड जेल में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के शूटरों से गैंगवार का खतरा बढ़ा



**मुंबई।** आर्थर रोड जेल में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के शूटरों की वजह से गैंगवार का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए जेल प्रशासन ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के शूटरों को अलग-अलग जेलों में शिफ्ट करने के लिए कोर्ट में आवेदन दिया है। महाराष्ट्र जेल विभाग के एक अधिकारी ने बताया, ÷हम संभावित गैंगवार या बिश्नोई गिरोह के शूटरों के उत्पात की संभावना को लेकर चिंतित हैं, जिनकी संख्या अब 20 से अधिक है, जो जेल के भीतर अशांति पैदा कर सकते हैं।÷ इससे जेल के अंदर माहौल खराब हो सकता है। इसी वजह से हमने कोर्ट में बिश्नोई गिरोह के शूटरों को अलग-अलग जेलों में रखे जाने के लिए आवेदन दिया है। मुंबई के आर्थर रोड जेल में लारेंस बिश्नोई गिरोह के कुल 23 लोगों को रखा गया है। इनमें पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्या मामले के 18 और सलमान खान के आवास पर हुई फायरिंग मामले के 5 आरोपित हैं। जेल में बाबा सिद्दीकी और सलमान खान के यहां फायरिंग मामलों में गिरफ्तार किए गए लोगों को दूसरों के साथ संपर्क को रोकने के लिए उच्च सुरक्षा सुरक्षा रखी गई है। आर्थर रोड जेल में दाऊद गिरोह, छोटा राजन गिरोह सहित कई गिरोहों के बदमाशों को रखा गया है।

# मुख्यमंत्री चंद्रबाबू व राममोहन नायडू ने विजयवाड़ा से श्रीशैलम के बीच सी-प्लेन में भरी उड़ान

**सफल**

> विजयवाड़ा और श्रीशैलम के बीच सी-प्लेन का ट्रायल रन बिना यात्री के पहले ही सफल हो चुका है।



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू और केंद्र एवं राज्य सरकार के कई अधिकारियों ने शनिवार को विजयवाड़ा से श्रीशैलम तक सी-प्लेन से उड़ान भरी। इसके पहले विजयवाड़ा में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय और राज्य पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि देश में पहली बार आंध्र प्रदेश से सी-प्लेन लॉन्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश सरकार ने सी-प्लेन सेवाओं के लिए आवश्यक तैयारी पूरी कर ली है। विजयवाड़ा और श्रीशैलम के बीच सी-प्लेन का ट्रायल रन बिना यात्री के पहले ही सफल हो चुका है। आज इसका ट्रायल रन यात्रियों के साथ हो रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ दिशा-निर्देशों में बदलाव कर इस सेवा को आम आदमी के लिए भी उपयोगी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा कि हवाई अड्डे के निर्माण के लिए कम से कम 500 एकड़ भूमि होना चाहिए लेकिन सी-प्लेन के लिए वाटर एरोड्रम के सहयोग से उड़ान भरने में ज्यादा जमीन की जरूरत नहीं होती है। अगर राज्यों के पर्यटन विभाग सहयोग करते हैं तो इस क्षेत्र का विकास और तेजी के साथ होगा। उन्होंने कहा कि विजयवाड़ा-श्रीशैलम के साथ-साथ विजयवाड़ा-नागार्जुन सागर और विजयवाड़ा-हैदराबाद मार्गों के लिए भी तैयारी हो चुकी है। तटीय क्षेत्र में राजधानी अमरावती को जोड़ने के लिए और अधिक पर्यटन केंद्र विकसित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा कि सभी के लिए सी-प्लेन सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। ये सेवाएं अगले 3-4 महीनों में आंध्र प्रदेश में उपलब्ध होंगी। आम लोगों के लिए समुद्री विमान यात्रा सस्ती होगी। आंध्र प्रदेश में चार मार्गों पर सी-प्लेन चलाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जतायी की समुद्री विमान संचालन न केवल राज्य बल्कि देश की किस्मत भी बदलने की ताकत रखता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के सुझाव पर हमने नीति में कुछ बदलाव किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के अन्य द्वीपीय प्रदेश में सी-प्लेन संचालन की सेवा एक क्रांति होगी। विजयवाड़ा से श्रीशैलम तक सी-प्लेन से लगभग 150 किमी. की दूरी है। सी-प्लेन धरती की सतह से 1500 फुट ऊंचाई पर उड़ता है जबकि हवाई जहाज आमतौर पर जमीन से 15-20 हजार फुट की ऊंचाई पर उड़ते हैं।

# ईडी ने ठग किरण पटेल के खिलाफ दर्ज की शिकायत, 27 नवंबर को पेशी का नोटिस जारी



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत एक विशेष अदालत में गुजरात के कथित ठग किरण पटेल के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की है। न्यायालय ने पीसी का संज्ञान लेते हुए पेश होने का नोटिस जारी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने जारी एक बयान में कहा कि ईडी ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत 28 अक?टूबर, 2024 को विशेष न्यायालय (पीएमएलए), श्रीनगर के समक्ष किरण पटेल पुत्र जगदीश भाई पटेल निवासी अहमदाबाद, गुजरात के खिलाफ अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है। एजेंसी के मुताबिक अदालत ने अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आरोपित को 27 नवंबर को पेश होने का नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 29 अगस्त को एक स्थानीय अदालत ने अहमदाबाद निवासी किरण पटेल को जमानत दी थी, जिन्हें मार्च में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में कथित तौर पर शीर्ष अधिकारी के रूप में पेश होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर नड्डा ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** देव भूमि उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुभकामनाएं दी हैं। शनिवार को उन्होंने एक्स पर अपने संदेश में कहा कि आस्था, आध्यात्म, प्राकृतिक सौंदर्य एवं शौर्य के प्रतीक प्रदेश देवभूमि उत्तराखंड के स्थापना दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार विकसित भारत निर्माण के लिए विकसित उत्तराखंड बनाने की दिशा में तीव्र गति से कार्य कर रही है। भगवान केदारनाथ जी से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं प्रगति की कामना करता हूँ।

# लखनऊ एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रक से बस टकराई, 5 की मौत, कई घायल

**फिरोजाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर थाना नसीरपुर क्षेत्र अन्तर्गत शुक्रवार देर रात एक बस सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में लखनऊ के 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लखनऊ के मोहद्दीनपुर निवासी संदीप के परिजन और रिश्तेदार, संदीप के बेटे सिद्धार्थ (4) के मुंडन संस्कार और दर्शन के लिए निजी बस से शुक्रवार को मथुरा-वृंदावन गए थे। देर रात सभी लोग लौट रहे थे। बस लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नसीरपुर क्षेत्र के पास वहां खड़े ट्रक से टकरा गई।

सूचना पर यूपीडा टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और बस में फंसे लोगों को बाहर निकलवा कर तत्काल उन्हें शिकोहाबाद के संयुक्त अस्पताल भिजवाया। यहां चिकित्सक ने 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि बाकी घायलों का उपचार चल रहा है।

अपर पुलिस अधीक्षक देहात अखिलेश भदौरिया ने बताया कि दुर्घटना में 5 लोगों की मौत हुई है। सभी लोग बस से मथुरा से लौट रहे थे। बस खराब खड़े ट्रक से टकरा गई। इसमें बस चालक की लापरवाही सामने आई है। तीन मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।

# रायगढ़ जिले में निजी बस-ट्रक की भीषण टक्कर में, 18 यात्री घायल

**मुंबई (हि.स.)।** रायगढ़ जिले में स्थित खोपोली में मुंबई-पुणे हाइवे पर शनिवार को एक निजी बस और ट्रक की टक्कर में 18 यात्री घायल हो गए। इनमें से 8 यात्रियों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। सभी घायलों का कामोठे के एमजीएम अस्पताल में इलाज जारी है। मामले की गहन छानबीन खोपोली पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। पुलिस के अनुसार मुंबई-पुणे हाइवे पर खोपोली में बोरघाट के पास एक ट्रक खड़ा था। इसी दौरान बालूमामा कंपनी की निजी बस के चालक का अचानक नियंत्रण बिगड़ गया और चालक ने पहले से खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। निजी बस में कुल 38 यात्री सवार थे। इनमें से 18 यात्री मामूली रूप से घायल हो गए।

# पश्चिम बंगाल: शालिमार के पास नलपुर में यात्री ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतरे, कोई हताहत नहीं



**कोलकाता।** हावड़ा के शालिमार की ओर जाते समय नलपुर के पास शनिवार सुबह यात्री ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए।राहत की बात है कि दुर्घटना में किसी के नुकसान की खबर नहीं है। रेलवे कर्मचारियों और सुरक्षा बलों ने घटनास्थल पर पहुंच कर राहत कार्य शुरू कर दिया है।हादसे के कारण दक्षिण-पूर्व रेलवे की सेवा बाधित हो गई है। दक्षिण पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है।दुर्घटनाग्रस्त तीन डिब्बों में दो में यात्री सवार थे जबकि एक पार्सल वैन था। उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच कर दुर्घटना के कारणों की पड़ताल कर रहे हैं। साथ ही रेल सेवा बहाली के प्रयास किए जा रहे हैं। दुर्घटना की वजह से दक्षिण-पूर्व रेलवे के इस रूट पर गाड़ियों की आवाजाही में देरी हुई है और कुछ गाड़ियों का रूट बदला गया है।

# नाना पटोले की चिट्ठी पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा, कहा- वोट बैंक के लिए देश को बांटने में जुटा इंडी गठबंधन

**आरक्षण**

> संविधान के तहत लिखा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं मिल सकता।



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र चुनाव के दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की चिट्ठी ने बवाल मचा दिया है। ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड को लिखी चिट्ठी के जवाब में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने उनकी मांगों के समर्थन के आश्वासन में जो चिट्ठी लिखी, उस पर भारतीय जनता पार्टी ने इंडी गठबंधन को घेरते हुए इसे देश को बांटने वाला कदम बताया है। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी प्रवक्ता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह बड़ा गंभीर विषय है कि कांग्रेस वोट बैंक के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। 7 अक्टूबर को ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड की तरफ से की मौलवी उस्मान शेख, शाहबुद्दीन सौदागर और नायब अंसारी ने महाराष्ट्र कांग्रेस को समर्थन देने के लिए 17 मांगे रखीं, जिसमें वक्फ बिल का विरोध, मुसलमानों को नौकरियों ओर शिक्षा में 10 फीसदी का आरक्षण, पुलिस भर्ती में मुस्लिम युवाओं को प्राथमिकता और आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की मांग शामिल है। इसके जवाब में महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने मांगों का समर्थन करते हुए उन मांगों पर विचार करने का भरोसा देते हुए जवाब दिया है। रविशंकर प्रसाद ने इस चिट्ठी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी से पूछा कि क्या वे इस चिट्ठी का समर्थन करते हैं। रविशंकर ने कहा कि ये देश को तोड़ने वाला बयान है। भाजपा इसकी भर्त्सना करती है। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर देश में किसी को आरक्षण का प्रावधान नहीं है। संविधान के तहत लिखा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं मिल सकता। इसके साथ सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने फैसले में साफ कहा कि धर्म के आधार पर किसी को आरक्षण नहीं मिल सकता। राहुल गांधी रोज़ संविधान लेकर घूमते हैं लेकिन उसे पढ़ते नहीं। राहुल गांधी वोट के लिए देश को कितना तोड़ेंगे? न संविधान समझते है न संविधान के ज्ञान को समझते हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने वाली मांग पर भी कांग्रेस ने सहमति जताई है। शरद पवार साहब से पूछना चाहता हूं कि आप क्या कांग्रेस की इन बातों का समर्थन करते हैं। अगले साल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को सौ साल पूरे होने वाले हैं।

# यूएन में भारत का पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब- जम्मू-कश्मीर हमारा अभिन्न अंग था, है और रहेगा




**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में एक बार फिर पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया है। भारत ने यूएन में साफ कहा है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा। यूएन में भारत की तरफ से ये बात राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने कही। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान के झूठे प्रोपेगैंडा पर निशाना साधाते हुए कहा कि अपनी हरकतों से पड़ोसी मुल्क तथ्य नहीं बदल सकता। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने हाल ही में अपने लोकतांत्रिक और निर्वाचन के अधिकार का इस्तेमाल किया है और नई सरकार चुनी है। पाकिस्तान को अपनी झूठी बातों से बचना चाहिए क्योंकि इससे तथ्य नहीं बदल जाएंगे। दरअसल, यूएन महासभा में पीसकीपिंग मिशन्स को लेकर जारी चर्चा के बीच पाकिस्तान ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। पाकिस्तान की तरफ से की गई टिप्पणियों के जवाब में भारत ने आरओआर (राइट ऑफ रिप्लाई) के विकल्प का इस्तेमाल किया करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने एजेंडे को अनावश्यक रूप से भटकाने की कोशिश की है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा। राज्यसभा सांसद त्रिवेदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में यह लोकतांत्रिक बदलाव सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत विदेश नीति की वजह से संभव हुआ है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की सख्त और स्वीकार्य छवि दिखाता है। सुधांशु त्रिवेदी उन 12 सांसदों की टीम का हिस्सा हैं, जो यूएन में अलग-अलग मुद्दों पर बैठकों में हिस्सा ले रही है। बाद में सुधांशु त्रिवेदी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि शांति रक्षा अभियानों पर संयुक्त राष्ट्र में चर्चा के दौरान पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा विषय पर बोलते हुए विषय को भटकाने की कोशिश की और बेवजह इसका जिक्र किया।

# कनाडा में हैं खालिस्तान समर्थक, जस्टिन ट्रूडो ने खुद ही खोली अपनी पोल, पीएम मोदी और हिंदुओं पर क्या कहा?

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खुलकर यह बात स्वीकार की है कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक हैं। भारत लंबे समय से कनाडा पर खालिस्तान समर्थक अलगाववादियों को पनाह देने का आरोप लगाता आ रहा है। अब ट्रूडो ने भी खुलकर यह बात स्वीकार कर ली है। मगर उन्होंने कहा कि कनाडा में रहने वाले खालिस्तान समर्थक सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। ट्रूडो ने कहा कि कनाडा में पीएम मोदी के कई हिंदू समर्थक हैं। मगर वो भी यहां पूरे हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। तीन नवंबर को कनाडा के ब्रैम्पटन स्थित हिंदू सभा मंदिर पर चरमपंथियों ने हमला किया था। इस दौरान कट्टरपंथियों ने महिलाओं और बच्चों तक पर हमला किया था। इस हमले का वीडियो सामने आने के बाद व्यापक आक्रोश फैला। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हमले की निंदा की।

# अमेरिकी सांसद बनने वाले बुढाथोकी ने नेपाल के अपने पुराने दिनों को किया याद

**निदेशक**

> भूटान में उन्होंने मानवाधिकारों के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान में कार्यकारी निदेशक के रूप में काम किया।



**काठमांडू।** सात साल की उम्र में मजबूर होकर भूटान छोड़ी और नेपाल आकर शरणार्थी शिविर में रह कर पढ़ाई-लिखाई की और पुनर्वास योजना के तहत अमेरिका गए। वहां पर लगातार भूटानी शरणार्थियों के हित में आवाज उठाई। अमेरिकी संसद में शरणार्थी संबंधी समिति के सलाहकार बनने के बाद खुद चुनाव जीत कर सांसद बनने वाले सूरज बुढाथोकी की नेपाल में काफी चर्चा है। करीब 9 साल पहले नेपाल के भूटानी शरणार्थी शिविर से अमेरिका गए सूरज बुढाथोकी हाल में अमेरिका में संपन्न हुए चुनाव में संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के लिए न्यू हैंपशायर क्षेत्र से निर्वाचित हुए। न्यू हैंपशायर से डेमोक्रेटिक पार्टी से उम्मीदवार बने बुढाथोकी में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन पार्टी के कार्लोस गोंजालेज को सिर्फ 355 मतों के अंतर से हराया। अपनी जीत की खबर सुनते ही बुढाथोकी को नेपाल के शरणार्थी शिविर में बिताए 22 वर्षों की याद ताजा हो गई। बुढाथोकी शनिवार को टेक्सास से फोन पर बातचीत में नेपाल के झापा जिले में रहे शरणार्थी शिविर में सात साल की छोटी उम्र से अमेरिका पहुंचने तक के संघर्ष के दिन याद कर भावुक हो गए। उन्होंने स्मरण किया कि अचानक ही भूटान से नेपाली भाषियों को खदेड़ने पर कैसे अचानक अपना घर, आंगन, रिश्तेदार सबको छोड़ कर वहां से जान बचाकर भागना पड़ा था। बुढाथोकी ने बताया कि अपने माता-पिता के साथ लगातार दो दिनों तक पैदल चल कर वो पूर्वी नेपाल के झापा जिले में रहे शरणार्थी शिविर में पहुंचे थे। अपने बचपन को याद करते हुए आधा पेट खाना खा कर और मजदूरी करते हुए शिविर में अपना बाल्यकाल और किशोरावस्था को काटते हुए दसवीं की परीक्षा दी। वहीं पर नौकरी करते हुए उन्होंने ग्रेजुएशन भी किया और बाद में अमेरिकी सरकार के पुनर्वास योजना के तहत वो अमेरिका पहुंचे। बुढाथोकी न्यू हैम्पशायर से एक शरणार्थी कांग्रेस मानद प्रतिनिधि रहे। वह 2009 में एक पुनर्वास शरणार्थी के रूप में अमेरिका आए थे। सूरज एक छोटे व्यवसाय के मालिक हैं। इससे पहले उन्होंने न्यू हैम्पशायर में बिल्डिंग कम्युनिटी में अंतरिम कार्यकारी निदेशक के रूप में काम किया, जो पहले न्यू हैम्पशायर के भूटानी समुदाय थे। वह बीसीएनएच के संस्थापक सदस्य और समन्वित बाजार नेविगेशन और बीसीएनएच में न्यू अमेरिकन यूथ एंगेजमेंट प्रोजेक्ट पर भी कार्य कर चुके हैं। भूटान में उन्होंने मानवाधिकारों के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान में कार्यकारी निदेशक के रूप में काम किया। सूरज को 2014 और 2016 में अमेरिकन काउंसिल ऑफ यंग पॉलिटिकल लीडर्स के लिए नामित किया गया था।

# चुनाव हारने के बाद अब क्या करेंगी कमला हैरिस अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने खुद ही बताया


**निराशा**

> लंबे समय से डेमोक्रेट डोनर मार्क ब्यूएल ने अपने गृह राज्य में कई लोगों की तरफ से शेयर की गई निराशा व्यक्त की।



**नई दिल्ली।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप से हार गईं। इसके बाद उन्होंने अल्मा मेटर हॉवर्ड विश्वविद्यालय में एक भीड़ को संबोधित किया। संबोधन के दौरान उन्होंने उस लड़ाई को जारी रखने की कसम खाई जिसने अमेरिकी चुनाव के लिए उनके अभियान को बढ़ावा दिया। अब चुनाव परिणाम के बाद हैरिस को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि वे आगे क्या करेंगी। 60 साल की कमला हैरिस 72 दिनों में पद छोड़ देंगी और जहां तक उनके राजनीतिक करियर का सवाल है, उन्होंने तत्काल किसी योजना की घोषणा नहीं की है। वो जल्द ही इस बारे में बताएंगी। पूर्व डेमोक्रेटिक उम्मीदवार के सामने सबसे स्पष्ट विकल्प समय लेना और 2028 में एक और बोली के लिए तैयारी करना है। अतीत से कुछ उदाहरण हैं। 2004 के उम्मीदवार जॉन केरी, जॉर्ज बुश से हार गए लेकिन उसके बाद राजनीतिक परिदृश्य से पूरी तरह गायब नहीं हुए। उन्होंने बराक ओबामा के दूसरे कार्यकाल में राज्य सचिव के रूप में कार्य किया है। जॉन केरी की तरह, राज्य की राजनीति में लौटना और फिर से गति बनाना एक विकल्प है। हालांकि, हैरिस की राह आसान नहीं दिख रही है। लंबे समय से डेमोक्रेट डोनर मार्क ब्यूएल ने अपने गृह राज्य में कई लोगों की तरफ से शेयर की गई निराशा व्यक्त की। न्यूयॉर्क टाइम्स ने उनके हवाले से कहा, ÷हर कोई तबाह हो गया है। पूर्व डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों में से कम से कम दो हिलेरी क्लिंटन और अल गोर की तरह राष्ट्रपति पद की दावेदारी से हार गए और उन्होंने खुद को लेखन और अन्य गतिविधियों में शामिल किया। साथ ही हैरिस भी उसी दिशा में काम करने के बार में सोच सकती हैं। जहां हिलेरी ने 2016 में ट्रंप से हारने के बाद व्हाट हैपन्ड नाम से एक किताब लिखी, वहीं गोर ने एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म एन इनकन्विनिएंट ट्रुथ का निर्माण किया। कुछ महीनों में हैरिस उप-राष्ट्रपति के कार्यालय से बाहर हो जाएंगी और वह वो काम कर सकेंगी जिसको लेकर उन्होंने 27 अक्टूबर को खुद से वादा किया था। पेंसिल्वेनिया बुकस्टोर में उन्होंने कहा, ÷मैं इसके खत्म होने के बाद वजन बढ़ाऊंगी, ताकि कुछ वजन बढ़ सके।

# ट्रंप को बधाई देने पर घिरे शहबाज शरीफ, VPN के इस्तेमाल से तोड़ा कानून! क्या पीएम को मिलेगी सजा?



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रपति चुनाव जीतने पर डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी। मगर उनकी बधाई पर विवाद शुरू हो गया है। इसकी वजह यह है कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर डोनाल्ड ट्रंप को बधाई। मगर पाकिस्तान में मौजूदा समय में एक्स पर बैन लगा है। लोगों का कहना है कि जब प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा है तो प्रधानमंत्री कैसे एक्स पर बधाई मैसेज पोस्ट कर सकते हैं? शहबाज शरीफ ने पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक जीत की बधाई! मैं पाकिस्तान-अमेरिका साझेदारी को और मजबूत व व्यापक बनाने के लिए आने वाले प्रशासन के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।÷ शहबाज शरीफ के पोस्ट के नीचे एक कम्युनिटी नोट भी आ रहा है। इसमें लिखा है कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री वास्तव में एक वीपीएन के माध्यम से प्लेटफॉर्म तक पहुंच रहे हैं। यह पाकिस्तान के कानूनी के अनुसार राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन है। इसी साल पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने सुरक्षा कारणों से अपने देश में एक्स को बैन कर दिया था। मगर वीपीएन के माध्यम से लोग अब भी इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। अब इंटरनेट मीडिया पर सवाल यह उठ रहा है कि क्या पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी वीपीएन का इस्तेमाल करके डोनाल्ड ट्रंप को जीत की बधाई दी है।

# क्वेटा रेलवे स्टेशन पर बम धमाका, 16 की मौत, 30 से अधिक घायल



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह जोरदार बम धमाके में 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 30 से अधिक घायल हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया है। हादसे की जांच की जा रही है। डॉन न्यूज के अनुसार, विस्फोट के समय एक ट्रेन प्लेटफॉर्म से पेशावर के लिए प्रस्थान करने के लिए तैयार थी। रिपोर्ट में क्वेटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मोहम्मद बलूच के हवाले से बताया गया है कि धमाके में 16 लोगों की मौत हुई है और 30 से अधिक घायल हो गए। उन्होंने कहा कि शुरुआती तौर पर यह घटना आत्मघाती बम धमाके की लगती है लेकिन निश्चित तौर पर अभी कुछ कहना जल्दीबाजी होगी। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

फिलहाल हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन ने नहीं ली है। धमाके के समय स्टेशन पर यात्रियों की काफी भीड़ थी। जाफर एक्सप्रेस स्टेशन से जिस समय रवाना हो रही थी, उसी समय यह धमाका हुआ। धमाके के बाद रेलवे स्टेशन पर अफरातफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह एक हेवी बम ब्लास्ट था। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के इस हिस्से में अक्सर बम धमाके होते रहे हैं। कुछ दिनों पहले भी नॉर्थ वजीरिस्तान में हुए बम धमाके में चार सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई थी जबकि कई घायल हो गए थे। इसके अलावा खैबर पख्तूनख्वा में एक स्कूल के पास बम धमाका हुआ था जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई थी। इससे कुछ दिन पहले बलूचिस्तान में स्कूल के पास बम धमाका हुआ थास जिसमें पांच स्कूली बच्चों समेत सात की लोगों की मौत हो गई थी जबकि कम से कम 22 लोग घायल हो गए थे।

# भव्य कलश यात्रा से राममय हुआ जौनपुर शहर

अवधनामा संवाददाता

- श्री रामकथा के लिए विसर्जन घाट से निकली ऐतिहासिक कलश यात्रा
- तरह-तरह की झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र
- कथावाचक प्रेम भूषण महाराज के साथ खुली जीप में चल रहे थे ज्ञान प्रकाश सिंह
- हाथ जोड़कर कर रहे थे जनता का अभिवादन
- जय श्री राम के उद्घोष से गूंजता रहा शहर

**जौनपुर।** आदि गंगा गोमती के पावन तट पर नव दुर्गा मंदिर के समक्ष विसर्जन घाट से बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में सात दिवसीय रामकथा के लिए शनिवार को सेवा भारती काशी प्रांत के निर्देशन में भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के बाद पूरे विधि-विधान से कलश यात्रा को श्रीरामकथा स्थल के लिए सद्भावना पुल से रवाना किया गया। कलश यात्रा के लिए सुबह से ही महिलाएं उक्त स्थान पर पहुंच रहीं थी। पीली साड़ियों में सज-धजकर महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर निकली तो यह ऐतिहासिक क्षण आकर्षण का केंद्र बन गया। कलश यात्रा के आगे-आगे तरह-तरह की झांकियां चल रही थी जिसे लोग अपने-अपने कैमरों में कैद करते नजर आए।

कलश यात्रा के बीच में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज सजी हुई कार में चल रहे थे। उनके ठीक पीछे खुली जीप में रामकथा के प्रायोजक भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह थे। वह कलश यात्रा के दौरान हाथ जोड़कर सड़क के दोनों तरफ खड़ी जनता का अभिवादन कर रहे थे। इसके साथ ही सजी हुई दूसरी



कार में ज्ञान प्रकाश सिंह की धर्मपत्नी भी चल रही थी। सड़क के दोनों किनारे जनता और समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा फूलों की वर्षा की जा रही थी। बताते चलें कि इस ऐतिहासिक कलश यात्रा में महिलाओं और युवाओं का जोश जिस तरह से दिखा उससे यह साबित होता है कि सनातन धर्म के प्रति लोगों का अटूट विश्वास है। इस ऐतिहासिक कलश यात्रा के लिए जनपदवासियों ने भी भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

शनिवार को रामकथा के लिए निकली कलशयात्रा से पूरा नगर भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के दौरान जय श्री राम के उद्घोष से आस-पास का इलाका गूंजता रहा। कलश यात्रा के साथ भगवान राम दरबार की झांकी रथ पर चल रही थी। इसके साथ ही भगवान रामजी की वानरी सेना की झांकी, शिव-पार्वती और नंदी की झांकियां साथ-साथ चल रही थी। यह ऐतिहासिक दृश्य देखने वाले अपने आप सौभाग्यशाली मान रहे थे। कलश यात्रा रामकथा स्थल पर पहुंचने से पहले झांकियों का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा। पुलिस प्रशासन भी यातायात की समुचित व्यवस्था किया था जिससे कि नगर में जाम न लगने पाए। इधर कार्यकर्ता भी पूरी जोश से जय श्री राम का नारा लगाते हुए कलश यात्रा के साथ चल रहे थे। इस अद्भुत दृश्य को देखकर पॉलिटेक्निक चौराहा से वाजिदपुर तिराहे तक चलने वाले वाहनों से यात्री भी वाहनों से हाथ निकालकर जय श्री राम का नारा लगाते हुए अभिवादन कर रहे थे।

जिले के इतिहास में यह ऐतिहासिक कलश यात्रा विसर्जन घाट से शुरू होकर सद्भावना पुल, केरारवीर मंदिर, चहारसू चौराहा, शाही पुल, रूहट्टा, पॉलिटेक्निक चौराहा, वाजिदपुर तिराहा होते हुए बीआरपी कॉलेज के मैदान में पहुंची। कलश यात्रा शुरू होने से पहले जिस उत्साह व श्रद्धा से लोग इसमें सहयोग दे रहे थे वह क्षण देखने लायक था। सभी कार्यकर्ता कलश को मां और बहनों को पकड़ा रहे थे और मां-बहनें भी काफी उत्साह से कलश को लेकर यात्रा में चल रही थीं और साथ ही जय श्री राम का नारा लगा रही थीं।

## विधिक सहायता एवं सेवा केन्द्र में दी गई नियमों की जानकारी

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में दत्तोपंत ठेंगड़ी विधिक सहायता एवं सेवा केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता/साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार किया गया। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम विधिक सहायता एवं सेवा केन्द्र के संयोजक मंगला प्रसाद यादव ने विधिक सेवा दिवस के आयोजन एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। डॉ दिनेश सिंह ने मुफ्त विधिक सेवा के बारे विस्तार से बताया। श्रीप्रकाश यादव ने विधिक जागरूकता की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ इन्द्रजीत सिंह एवं डॉ जीशान अली ने छात्र-छात्राओं को विधिक जानकारियां प्रदान की। विधि अंतिम वर्ष के छात्र-छात्रा निकिता तिवारी, अभिषेक यादव एवं चित्रांशु तिवारी ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने संबंधित जानकारी, यातायात नियमों के पालन के फायदे एवं यातायात के उल्लंघन संबंधित जुर्माने की जानकारियां दी। कार्यक्रम में प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ वनिता सिंह, डॉ राजन तिवारी, डॉ सूरज सोनकर एवं विश्वविद्यालय के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।

## न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** रामनगर ब्लॉक के बिजयगिरी न्याय पंचायत के अभिनव इंग्लिश मिडियम प्राथमिक विद्यालय गुतवन द्वितीय में शनिवार को न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसका उद्घाटन ए.आर.पी श्रीप्रकाश सिंह व सत्य प्रकाश मिश्र ने किया। प्राथमिक बालक वर्ग के 50 मीटर दौड़ में गुतवन द्वितीय के आयुष यादव प्रथम,गुतवन शिवम ने दूसरा स्थान तथा बालिका वर्ग में गुतवन 2 अनुष्का शर्मा,दूसरे स्थान पर विडौरी की अन्तिमा देवी रही 100मीटर आयुष गुतवन 2, आकाश राजभर कम्पोजिट विद्यालय जेठपुरा, बालिका वर्ग में प्रथम अन्तिमा विड़ौरी ,व द्वितीय प्रियांशी सीतमसराय, उच्च प्राथमिक 100 मीटर बालक दौड़ मे कम्पोजिट भूसेहरा के प्रतीक पटेल, व उसी विद्यालय के द्वितीय स्थान पर शैलेष ,बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक गुतवन द्वितीय प्रथम विन्दू पटेल , संजना 200 मीटर बालक वर्ग के कम्पोजिट विद्यालय जेठपुरा के अजीत राजभर प्रथम सूफियान द्वितीय, बालिका वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय जेठपुरा की अंजलि राजभर प्रथम व चांदनी पटेल गुतवन द्वितीय, कबड्डी में बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय गुतवन द्वितीय की टीम विजेता , तथा बालिका वर्ग में भी उच्च प्राथमिक विद्यालय गुतवन द्वितीय की टीम विजेता घोषित किया गया। प्राथमिक विद्यालय की कबड्डी की बालिका व बालक वर्ग में गुतवन द्वितीय की टीम विजेता रही। जिसमे काफी बच्चों ने हिस्सा लिया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों को प्रतियोगिता के आयोजक संजय सिंह,सरोज सिंह नन्हेलाल मौर्या के नेतृत्व में ए आर पी श्रीप्रकाश सिंह की उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

## भगवान शालिग्ग्राम का तिलकोत्सव आज

**प्रयागराज।** भगवान आनन्द विहारी विराजमान राधाकृष्ण मन्दिर सब्जी मन्डी शाहगंज में भगवान श्री शालिग्गम तुलसी विवाहोत्सव समिति द्वारा भगवान शालिग्राम जी का तिलकोत्सव कार्यक्रम कल 10 नवम्बर रात्रि 8 बजे मन्दिर परिसर में सम्पन्न होगा। इस अवसर पर भगवान के तिलक में शहर के तमाम श्रद्धालु भक्तजन शामिल होंगे। यह जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी पंडित दिगंबर त्रिपाठी ने बताया कि तिलक सायं 6 बजे गौरीशंकर वर्मा भाजपा नेता पानदरीबा के घर से जहाँ आनन्द विहारी विराजमान राधाकृष्ण धाम पर पहुं?चेगी जहॉ कार्यक्रम सम्पन्न कराया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओमप्रकाश चौरसिया (सौफिया लारेन्स), अमर वैश्य मुन्ना भइया, प्रमोद वैश्य, भरत कनोजिया, शरद राठौर, अनूप कुमार साहू, शिवम राठौर, कुसुम वर्मा, अमलेन्दुमय शुक्ला, भावेश पान्डेय, आनन्द बिहारी त्रिपाठी, वृज विहारी, श्याम बिहारी, अभिमन्यु सिंह, सीताराम शेखर अस्थाना, अनिल कुमार गुप्ता, दिनेश साह, नीरज साह गब्बर राठौर, कंचन चौरसिया, पूनम सोनमूर बजेट लेकड़ी लोग रहेंगे। पुजारी पं0 दिगम्बर प्रसाद त्रिपाठी ने तथा उन्होंने बताया कि 11 नवम्बर 24 सिलमायन व 12 नवम्बर को सायं 5 वजे बारात शोभायात्रा, रात्रि विवाह तथा 13 नवम्बर को सायं 6 वजे से प्रसाद वितरण व भण्डारा होगा।

## मुक्त विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 14 को

**प्रयागराज।** उ.प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के विज्ञान विद्या शाखा द्वारा गणित एवं सांख्यिकी विभाग, शुआट्स,प्रयागराज के सहयोग से संभावनाएँ, चुनौतियाँ और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के रास्ते पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी (पीसीपीएसडीजी) 14 नवंबर 2024 को मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित की जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की संयोजक प्रोफेसर श्रुति ने बताया कि पंजीकरण की अंतिम तिथि 13 नवंबर निर्धारित की गई है। जिसमें संकाय सदस्य, रिसर्च स्कॉलर, पीजी छात्र, उद्योग जगत से तथा विदेशी प्रतिनिधि भी अपना पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण फार्म का लिंक मुक्त विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिया गया है। चयनित पेपर आईएसबीएन की कार्यवाही के साथ प्रकाशित किए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के बारे में जानकारी के लिए बेझिझक प्रोफेसर श्रुति, डॉ गौरव संकल्प, डॉ दिनेश कुमार गुप्ता एवं डॉ धर्मवीर सिंह से संपर्क किया जा सकता है।

## डीएपी की 40 प्रतिशत कटौती से खाद किल्लत किसान परेशान- उज्जवल



**प्रयागराज।** सांसद उज्जवल रमण सिंह जमुनापार क्षेत्र के लगातार दौरें में लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए और उनकी समस्या समाधान का प्रयास भी किया लेकिन समस्याएँ बहुत ज्यादा है। पुलिस थाना, तहसील, बिजली तो आम समस्या बनी है क्योंकि अधिकारी निरंकुश हैं जनता की समस्या को कोई सुनने वाला नहीं हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने डीएपी खाद की सप्लाई में 40 प्रतिशत कटौती से किसानों के लिए डीएपी खाद की किल्लत एक और समस्या बढ़ा दिया है। सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि डीएपी की सरकारी कीमत 1350 हैं वो भी सहकारी समितियों पर सप्लाई और डिमांड में आधे का अंदर जिससें समितियां भी परेशान हैं। आये दिन किसानों से नोकझोंक होने की वजह से और वहीं खुले बाजार में 1700 प्रति बोरी वो भी खराब खाद जो फसल को नुकसान पहुंचाती हैं मिलती हैं। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि देकर वाहवाही लूटने वाली भाजपा सरकार किसानों को परेशान करने का एक भी मौका नहीं छोड़ते हैं। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि 25 नवम्बर से चालू होने वाले लोकसभा के शीतकालीन सत्र में डीएपी खाद की किल्लत को दूर करने के लिए जो सप्लाई में 40 प्रतिशत की कटौती का मुद्दा प्राथमिकता पर उठाया जायेगा।

## भाजपा संगठन पर्व पर कार्यशाला का आयोलन

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** भाजपा संगठन पर्व 2024 के तहत जिला कार्यशाला संपन्न, सामूहिक प्रयास को बताया सफलता का सूत्र' भारतीय जनता पार्टी लालगंज में संगठन पर्व 2024 के तहत संगठनात्मक चुनाव की एक दिवसीय जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला हाईवेगार्डन लालगंज में जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यशाला में जिले भर से पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और चुनाव सहयोगी उपस्थित रहे। जिला चुनाव अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा, गुणवत्ता पूर्ण दायित्वों के साथ जिम्मेदारी और ईमानदारी से किए गए सामूहिक प्रयास से कोई कार्य कभी असफल नहीं होता।÷ उन्होंने संगठन निर्माण में समर्पित और समय देने वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने की बात कही।संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि संगठन को हर परिस्थिति में सक्षम बनाना जरूरी है, ताकि वह हर चुनौती और संघर्ष में सफलता प्राप्त कर सके। जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान में कड़ी मेहनत की है। जिसका परिणाम रहा कि हमारे जिले ने एक लाख तिरासी हजार सदस्य बनाए है। जिसकी मै अपने सभी कार्यकर्ताओं और मंडल अध्यक्ष की सराहना करता हु। उन्होंने कहा कि आगामी 14 नवंबर को सभी 22 मंडलों में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा और बूथ समिति गठन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की जाएगी।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम सोनकर, जिला प्रभारी मुराहू राजभर, पूर्व जिला अध्यक्ष ऋषिकांत राय, सह चुनाव अधिकारी हनुमंत सिंह, चंद्रजीत तिवारी, रमाकांत मिश्रा, राम नयन सिंह, सुनील सिंह, दिलीप बघेल, अजय यादव, शैलेंद्र नाथ यादव, नीरज तिवारी, ब्लॉक प्रमुख अनुराग सिंह सोनू, अनुराग सिंह सन्नी, मनीष सिंह, मयंक श्रीवास्तव, सौरभ कनौजिया, मंडल अध्यक्ष रजनीकांत त्रिपाठी, विक्रांत सिंह, आशुतोष राय, आशुतोष चौबे, सुनील पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## यातायात नियमों का विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक, हेमराज मीना व अपर पुलिस अधीक्षक, यातायात विवेक त्रिपाठीके कुशल निर्देशन में यातायात माह नवम्बर 2024 के दौरान यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन दो पहिया वाहन बिना हेलमेट, तीन सवारी चलने तथा ओवर लोडिंग चलाने वाले वाहन चालकों को जागरूक किया गया तथा यातायात पुलिस व जनपदीय पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से जनपद के विभिन्न स्कूलोंध्कालेजों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा के सम्बंध में जानकारी दी गयी। जागरूक किये गये स्कूलोंध्कालेजों का नाम जयपुरिया पब्लिक स्कूल कंधरापुर, ग्राम समाज इण्टर कालेज जय नगर जिगनी मेंहनगर, हरिशंकर पीजी कालेज रामपुर जहानागंज है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अमेठी

E-mail Id-eepdpwdcsmnagar@gmail.com

पत्रांक : 3202/14ए0/2024 दिनांक : 05.11.2024

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 के ''ए'' ''बी0'', ''सी0'' एवं ''डी0'' श्रेणी में सेतु कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शा ये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | खण्ड का नाम | कार्य का नाम | लागत रू. लाख में | धरोहर धनराशि रू. लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | (Ist Call) | | | | |
| 1 | प्रा0ख0 अमेठी | जनपद अमेठी में ठेंगहा करनाईपुर धोयें किमी0 2 में मालती नदी पर स्थित पुल के मरम्मत का कार्य | 25.00 | 2.50 | 944 | 02 माह |

बिड डाक्यूमेंट बेवसाइट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 13.11.2024 से 26.11.2024 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 26.11.2024 समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 26.11.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे के उपरान्त अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अमेठी के कार्यालय में खोली जायेगी।
निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी बेवसाइट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(शैलेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,
अमेठी

UPID-221905 Dated-08-11-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध


## प्रयागराज में 45 दिनों तक नहीं लिया जाएगा टोल टैक्स

**प्रयागराज।** महाकुंभ के दौरान 45 दिन तक चित्रकूट राजमार्ग पर उमापुर टोल प्लाजा, रीवा राजमार्ग पर गन्ने टोल, मीरजापुर मार्ग पर मुंगारी टोल, वाराणसी मार्ग पर हंडिया टोल, कानपुर मार्ग पर कोखराज टोल, लखनऊ राजमार्ग पर अंधियारी टोल, अयोध्या राजमार्ग पर मऊआइमा टोल पर श्रद्धालुओं के वाहनों से टोल नहीं लिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि उन्हीं भारी वाहनों से टोल टैक्स लिया जाएगा, जो कामर्शियल हैं और उन पर माल लदा होगा। उदाहरण के तौर सरिया, सीमेंट, बालू, इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रानिक्स समेत अन्य सामान जिन ट्रकों अथवा वाहनों पर लदे होंगे, उनसे टोल लिया जाएगा। सभी तरह के जीप-कार से टोल नहीं लिया जाएगा, चाहे उनका कामर्शियल में ही पंजीयन होगा। इस बार भी महाकुंभ मेला के दौरान निजी वाहनों से आने वाले श्रद्धालुओं से टोल टैक्स नहीं लिया जाएगा।


## कार्यालय नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक : 938/पी0डब्ल्यू0डी0/ई-निविदा सूचना/2024-25 दिनांक : 07/11/2024

**-: पुनः ई-निविदा सूचना :-**

नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम (N-CAP)/15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत कुल 23 कार्यों हेतु अर्ह ठेकेदारों से उनकी श्रेणी के अनुसार कार्यों की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित कार्यों हेतु फर्म द्वारा उनकी श्रेणी अनुसार प्रतिभाग किया जायेगा। इन कार्यों की निविदा डबल बिड पद्धति के अन्तर्गत है। ई-निविदा के माध्यम से अधिकृत बेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल पर ई-निविदा निम्नांनुसार आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | ई-निविदा संख्या | कार्य की संख्या | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 05/निर्माण/2024-25 (15 वें वित्त आयोग) | 20 | ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय<br>ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय<br>ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय<br>तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि/समय | 09-11-2024<br>09-11-2024<br>16-11-2024 03:00 PM<br>16-11-2024 05:00 PM |
| 2 | 07/निर्माण/2024-25 (N CAP के अन्तर्गत) | 3 | | |
| | कुल | 23 | | |

नोट :- शेष नियम व शर्तें www.etender.up.nic.in पोर्टल पर देखी जा सकेगी।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, फिरोजाबाद।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर

पत्रांक- 3628/ई-टेण्डर नोटिस/2024.25 दिनांक- 28.10.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

(स्वीकृति की प्रत्याशा में)

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड. उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, सीतापुर द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी-ए. बी. सी. डी. ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जनपद | विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | निर्माण की लागत (रु. लाख में) | अनुरक्षण की लागत (रु. लाख में) | कार्य की लागत+अनुरक्षण की लागत (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | निविदा शुल्क (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि एवं अनुरक्षण की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि. का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| वित्तीय वर्ष 2024-25 में विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण कार्य | | | | | | | | | | | | |
| 1 | सीतापुर | सेवता | एल-35 से बरईडीह सम्पर्क मार्ग (आबादी आग में सीसी व नाली का कार्य) | 16.36 | 0.41 | 16.77 | 1.68 | 2354.00 | 2 माह (5 वर्ष अनुराग सहित) | प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि. सीतापुर | अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर/खीरी वृत. लो.नि.वि. सीतापुर | मुख्य अभि. (मध्य क्षेत्र) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 2 | सीतापुर | सेवता | कोठार सम्पर्क मार्ग पर सी0सी0 रोड एवं नाली का कार्य | 18.47 | 0.19 | 18.66 | 1.87 | 2354.00 | 2 माह (वर्ष अनुरक्षण सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 3 | सीतापुर | सेवता | छतौनी मार्ग के किमी0 8 से देशीलौकिया सम्पर्क मार्ग पर सी0सी0 रोड एवं नाली का कार्य | 18.53 | 0.20 | 18.73 | 1.87 | 2354.00 | 2 माह (वर्ष अनुरक्षण सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 4 | सीतापुर | सेवता | तम्बौर रेउसा मार्ग से कुसमौरा वाया ढेनुवा मार्ग (आबादी भाग में सीसी व नाली का कार्य) | 14.42 | 0.36 | 14.78 | 1.48 | 860.00 | 2 माह (5 वर्ष अनुराग सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 5 | सीतापुर | सेवता | ईदगाह से जबरपुरवा सम्पर्क मार्ग (आबादी भाग में सीसी व नाली का कार्य) | 30.13 | 1.30 | 31.43 | 3.14 | 2354.00 | 2 माह (वर्ष अनुरक्षण सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 6 | सीतापुर | सेवता | शमसेरी पुरवा सम्पर्क मार्ग (आबादी भाग में सीसी व नाली का कार्य) | 28.53 | 0.84 | 29.37 | 2.94 | 2354.00 | 2 माह (वर्ष अनुरक्षण सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 7 | सीतापुर | सेवता | सीपतपुर सम्पर्क मार्ग (आबादी भाग में सीसी व नाली का कार्य) | 21.81 | 0.54 | 22.35 | 2.24 | 2354.00 | 2 माह (5 वर्ष अनुराग सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 8 | सीतापुर | सेवता | महादेवा सम्पर्क मार्ग | 33.08 | 0.39 | 33.47 | 3.35 | 2354.00 | 2 माह (वर्ष अनुरक्षण सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 9 | सीतापुर | सेवता | चन्द्रसेनी सम्पर्क मार्ग | 27.05 | 0.72 | 27.77 | 2.78 | 2354.00 | 2 माह (वर्ष अनुरक्षण सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 10 | सीतापुर | सेवता | जाकडाणा सम्पर्क मार्ग (आबादी भाग में सीसी व नाली का कार्य) | 16.23 | 0.40 | 16.63 | 1.66 | 2354.00 | 2 माह (5 वर्ष अनुराग सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 11 | सीतापुर | सेवता | मुनुवापुरवा सम्पर्क मार्ग (रपटा मरम्मत का कार्य) | 9.80 | 0.24 | 10.04 | 1.00 | 2354.00 | 2 माह (वर्ष अनुरक्षण सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 12 | सीतापुर | सेवता | सेमरा सम्पर्क मार्ग | 24.06 | 3.35 | 27.41 | 2.74 | 2354.00 | 2 माह (वर्ष अनुरक्षण सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 13 | सीतापुर | सेवता | भगौतीपुर रामपुर मथुरा कलुवापुर मार्ग अ0जि0मार्ग के किमी0 20 में गेडियनपुरवा आबादी भाग में सीसी रोड का निर्माण | 33.12 | 0.36 | 33.48 | 3.35 | 2354.00 | 2 माह (5 वर्ष अनुराग सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 14 | सीतापुर | लहरपुर | रायमरोड से गोडियनपुरवा वाया प्रामरी स्कुल खानपुर सम्पर्क मार्ग | 32.71 | 0.81 | 33.52 | 3.35 | 2354.00 | 2 माह (वर्ष अनुरक्षण सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 15 | सीतापुर | लहरपुर | दुगनिया सम्पर्क मार्ग | 17.63 | 1.15 | 18.78 | 1.88 | 2354.00 | 2 माह (5 वर्ष अनुराग सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 16 | सीतापुर | लहरपुर | कुर्मिनपुरवा सम्पर्क मार्ग | 18.11 | 1.61 | 19.72 | 1.97 | 2354.00 | 2 माह (5 वर्ष अनुराग सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 17 | सीतापुर | लहरपुर | मतुआ सकरन मार्ग किमी0 10 से बरियारी सम्पर्क मार्ग | 19.17 | 1.77 | 20.94 | 2.09 | 2354.00 | 2 माह (वर्ष अनुरक्षण सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 18 | सीतापुर | लहरपुर | मोतीपुर-2 सम्पर्क मार्ग | 29.19 | 2.10 | 31.29 | 3.13 | 2354.00 | 2 माह (वर्ष अनुरक्षण सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 19 | सीतापुर | लहरपुर | मुरावनपुरवा सम्पर्क मार्ग | 15.37 | 0.97 | 16.34 | 1.63 | 2354.00 | 2 माह (5 वर्ष अनुराग सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 20 | सीतापुर | लहरपुर | लहरपुर खैराबाद मार्ग (अ0जि0मार्ग) | 12.80 | 0.00 | 12.80 | 1.28 | 860.00 | 2 माह (5 वर्ष अनुराग सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 21 | सीतापुर | हरगांव | महसी सम्पर्क मार्ग | 21.56 | 1.60 | 23.16 | 2.32 | 2354.00 | 2 माह (वर्ष अनुरक्षण सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 22 | सीतापुर | हरगांव | लहरपुर तम्बौर मार्ग किमी0 10 से रामपुरा (रारूढा) सम्पर्क मार्ग | 23.19 | 1.99 | 25.18 | 2.52 | 2354.00 | 2 माह (वर्ष अनुरक्षण सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 23 | सीतापुर | हरगांव | जागीर सम्पर्क मार्ग | 27.96 | 2.42 | 30.38 | 3.04 | 2354.00 | 2 माह (5 वर्ष अनुराग सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 24 | सीतापुर | हरगांव | सुल्तानपुर शाहपुर सम्पर्क मार्ग | 14.27 | 2.14 | 16.41 | 1.64 | 2354.00 | 2 माह (5 वर्ष अनुराग सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |
| 25 | सीतापुर | हरगांव | जल्लापुर सम्पर्क मार्ग | 20.86 | 0.22 | 21.08 | 2.11 | 2354.00 | 2 माह (वर्ष अनुरक्षण सहित) | ‘‘ | ‘‘ | ‘‘ |

बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
बिड डाक्यूमेंट की धनराशि (निविदा शुल्क) कॉलम-9 के अनुसार केवल नेट-बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन यू0पी0 ई0. टेण्डर पोर्टलखाता में देय होगा। निविदा शुल्क की धनराशि की वापसी नहीं की जायेगी।
बिड डाक्यूमेंट से सम्बन्धित धरोहर धनराशि कॉलम-8 के अनुसार केवल नेट-बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन यू0पी0 ई0. टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा। निविदा आनलाइन दिनांक 12.11.2024 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 22.11.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 22.11.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(एम.के. वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,
सीतापुर

UPID-221954 Dated-08-11-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# कैप्टिव और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन 100 मीट्रिक टन के पार

**नई दिल्ली।** देश के कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खदानों से कोयले का उत्पादन 8 नवंबर, 2024 तक 100.08 मीट्रिक टन (एमटी) पर पहुंच गया। सालाना आधार पर कोयला के उत्पादन में ये 33 फीसदी की वृद्धि है। मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक देश के कुल कोयला उत्पादन में कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला उत्पादन की हिस्सेदारी बढ़ी है।

कोयला मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खदानों से देश का कोयला उत्पादन 100 मीट्रिक टन (एमटी) से अधिक रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण की दिशा में राष्ट्र की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह उपलब्धि बीते वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 100 दिन पहले हासिल किया गया है, जिसे जनवरी 2024 में हासिल किया गया था।

**हिस्सेदारी**

**मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक देश के कुल कोयला उत्पादन में कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला उत्पादन की हिस्सेदारी बढ़ी है।**

मंत्रालय के मुताबिक 1 अप्रैल से लेकर 8 नवंबर, 2024 की अवधि के दौरान कैप्टिव और कमर्शियल कोयला खदानों से उत्पादन 100.08 मीट्रिक टन है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में इसी अवधि के दौरान कुल कोयला उत्पादन 75.05 मीट्रिक टन रहा था, जो



साल-दर-साल 33 फीसदी की वृद्धि है। इसी तरह 1 अप्रैल, से 8 नवंबर, 2024 की अवधि के दौरान कैप्टिव और कमर्शियल कोयला खदानों से कुल प्रेषण 107.81 मीट्रिक टन है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में इसी अवधि के दौरान कुल प्रेषण 80.23 मीट्रिक टन रहा था।

कोयला मंत्रालय के मुताबिक उल्लेखनीय रूप से भारत के कुल कोयला उत्पादन में कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खदानों की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है, जो कोयला क्षेत्र में सुधारों की सफलता को दर्शाता है। यह ऊर्जा संसाधनों में आत्मनिर्भरता की दिशा में राष्ट्र के मार्ग को मजबूत करता है। इसको देखते हुए कोयला मंत्रालय चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों से 170 मीट्रिक टन से अधिक उत्पादन लक्ष्य तक पहुंचने के प्रति आशावादी है।

उल्लेखनीय है कि कोयला मंत्रालय की यह उपलब्धि कोयला के क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है। ऊर्जा स्वतंत्रता और आर्थिक विकास की दिशा में देश की प्रगति में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है, जो केंद्र सरकार के विकसित भारत 2047 लक्ष्यों के साथ पूरी तरह से संरेखित है। कोयला मंत्रालय पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार खनन प्रथाओं को सुनिश्चित करते हुए इस वृद्धि को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखता है।

# समिट इंडिया की अंतरराष्ट्रीय परिषद में प्रमुख नियुक्तियां: शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में बढ़ते कदम

**नई दिल्ली।** समिट इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय परिषद में प्रमुख शिक्षाविदों और मीडिया विशेषज्ञों को शामिल करते हुए अपने संगठन की नेतृत्व टीम को और सुदृढ़ किया है। यह कदम समिट इंडिया की शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय प्रभाव को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।समिट इंडिया ने डॉ. अश्विनी शर्मा को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और कौशल अध्यक्ष, श्री अविरल मिश्रा को मीडिया सलाहकार, और श्री के एल जुनेजा को हिमाचल प्रदेश के संयोजक के रूप में नियुक्त किया है।

संगठन के चेयरमैन श्री श्याम जाजू ने इस नई नेतृत्व टीम का स्वागत करते हुए कहा, ÷हम भारतीय शिक्षा और कौशल विकास को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में प्रतिबद्ध हैं। इन नियुक्तियों से हमें अपने लक्ष्यों को हासिल करने में सहायता मिलेगी।÷ समिट इंडिया ने अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए नई नियुक्तियों की घोषणा की है, जो संगठन को और सशक्त बनाने में मददगार होंगी।

यहां नियुक्तियों की एक संक्षिप्त



जानकारी दी गई है-

1. डॉ. अश्विनी शर्मा को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और कौशल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। डॉ. शर्मा एक अनुभवी शिक्षाविद् हैं और भारत के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के महानिदेशक तथा सिम्बायोसिस विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपने योगदान के लिए जाने जाते हैं। उनके अनुभव और विशेषज्ञता से संगठन को शिक्षा क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल करने में सहायता मिलेगी।

2. श्री अविरल मिश्रा को मीडिया सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है। वे पत्रकारिता और मीडिया के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं और संगठन की संचार और मीडिया गतिविधियों को नई दिशा देंगे। उनके अनुभव से समिट इंडिया की पहुँच और प्रभाव का दायरा और भी व्यापक होगा।

3. श्री के एल जुनेजा को हिमाचल प्रदेश के संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया है। जुनेजा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से गहराई से जुड़े हुए हैं, और उनकी नियुक्ति प्रदेश के विकास को नई दिशा प्रदान करेगी।

इस नियुक्ति के साथ, समिट इंडिया ने 2025 में कई अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों का आयोजन करने की योजना बनाई है, जिसमें शिक्षा नीति को वैश्विक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा। आगामी शिक्षा समिट, जो नई दिल्ली में आयोजित होगा, इसमें लगभग 24-25 देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

# साइकिल प्योर अगरबत्ती ने अयोध्या में 121 फीट ऊंची अगरबत्ती जलाकर इतिहास रचा

**अयोध्या।** सायकल प्योर अगरबत्ती, भारत का प्रमुख घरेलू पूजा ब्रांड, रघुकुल फाउंडेशन के साथ मिलकर अयोध्या के भारतकुंड महोत्सव में एक अद्वितीय 121 फीट की अगरबत्ती के साथ भव्यता, दिव्यता और आकर्षक खुशबू का अनुभव प्रदान किया। सात दिवसीय इस आयोजन का उद्घाटन अयोध्या के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट श्री अशोक कुमार सैनी और कमांडो अधिकारी श्री आशुतोष तिवारी द्वारा अपनी तरह की सबसे बड़ी अगरबत्ती जलाकर किया गया। इस वर्ष की शुरुआत में, अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन के दौरान, साइकिल प्योर ने मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा मनाने के लिए मैसूर में 111 फुट की अगरबत्ती बनाई थी, जिसे प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज की मां सुश्री सरस्वती ने प्रज्वलित किया था। प्रकाश समारोह में सांस्कृतिक



गौरव और आध्यात्मिक महत्व को दर्शाया गया, जिसका उद्देश्य महोत्सव को खुशी, एकता और पारिवारिक सद्भाव का संदेश देना था। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए अयोध्या के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट श्री अशोक कुमार सैनी ने कहा, भरतकुंड महोत्सव के इस विशेष अवसर का हिस्सा बनना सम्मान की बात है, यह एक ऐसा उत्सव है जो हमारी सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिकता का सार दर्शाता है।÷ सायकल प्योर अगरबत्ती और रघुकुल फाउंडेशन द्वारा निर्मित 121 फीट की अगरबत्ती श्रद्धा और एकता का एक शक्तिशाली प्रतीक है। ऐसे महत्वपूर्ण अभियानों का समर्थन करना एक विशेषाधिकार है, और यह संतोषजनक है कि हम अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने में योगदान दे रहे हैं और भारतकुंड महोत्सव की भावना को ऊंचा कर रहे हैं।

121 फीट की अगरबत्ती के प्रज्वलन पर टिप्पणी करते हुए, अर्जुन रंगा, प्रबंध निदेशक, सायकल प्योर अगरबत्ती ने कहा, ÷हमारी आत्मा में आध्यात्मिकता है और हम कलाकार समुदाय को समर्थन देने और लोगों के जीवन में आशा लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह 121 फीट की अगरबत्ती उसी वादे को साकार करती है, अपनी मनमोहक खुशबू के माध्यम से खुशियाँ फैलाती है और शिल्प कौशल का जश्न मनाती है - प्रेरणा और समर्थन की हमारी साझा यात्रा के लिए एक श्रद्धांजलि।

# वित्त मंत्री सीतारमण ने दक्षिणी क्षेत्र के 10 आरआरबी के प्रदर्शन की समीक्षा की

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में दक्षिणी क्षेत्र के 10 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के प्रदर्शन की समीक्षा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में यहां आयोजित इस बैठक में एक प्रस्तुति के दौरान 2022 में नियमित समीक्षा शुरू होने के बाद से अपने वित्तीय प्रदर्शन और प्रौद्योगिकी उन्नयन में सुधार के लिए आरआरबी की सराहना की और ग्रामीण बैंकों से भविष्य में भी इस गति को जारी रखने का आग्रह किया।

सीतारमण ने कर्नाटक के बेंगलुरु में दक्षिणी क्षेत्र के जिन 10 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा की उनमें कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और केंद्र



शासित प्रदेश पुडुचेरी शामिल हैं। आरआरबी के प्रदर्शन की समीक्षा बैठक में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, डीएफएस के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा संबंधित राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, आरबीआई, सिडबी, नबार्ड ऑनलाइन के प्रतिनिधि, हितधारक आरआरबी के एमडी और प्रायोजक बैंकों के एमडी और सीईओ भी शामिल हुए।

# हर्षवर्धन अग्रवाल फिक्की के अध्यक्ष निर्वाचित, 21 नवंबर को संभालेंगे कार्यभार



**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े उद्योग निकाय भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने हर्षवर्धन अग्रवाल को नया अध्यक्ष चुना है। उद्योग निकाय फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की बैठक (एनईसीएम) में हर्षवर्धन अग्रवाल अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। वे 21 नवंबर को 97वीं वार्षिक आम बैठक के समापन पर अपना कार्यभार संभालेंगे। वे वर्तमान में फिक्की के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। उद्योग संगठन ने बताया है कि इमामी लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हर्षवर्धन अग्रवाल को 2024-25 के लिए उद्योग मंडल फिक्की का अध्यक्ष चुना गया है। अग्रवाल 21 नवंबर को राजधानी नई दिल्ली में आयोजित होने वाली फिक्की की 97वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के समापन पर महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक और मौजूदा अध्यक्ष डॉ. अनीश शाह की जगह लेंगे।

उल्लेखनीय है कि हर्षवर्धन अग्रवाल 3.1 अरब अमेरिकी डॉलर के विविध व्यवसाय समूह इमामी के दूसरी पीढ़ी के नेता हैं। उन्हें 2016 में द इकोनॉमिक टाइम्स और स्पेंसर स्टुअर्ट द्वारा प्रतिष्ठित %अंडर 40% सूची में भारत के सबसे हॉट यंग बिजनेस लीडर के रूप में सम्मानित किया गया था। वे अपने व्यापक बहु-कार्यात्मक ज्ञान और अनुभव के साथ अग्रवाल समूह इमामी लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में एफएमसीजी व्यवसाय का नेतृत्व करते हैं। हर्षवर्धन अग्रवाल एक कुशल रणनीतिकार, विविध इमामी समूह के रणनीतिक थिंक-टैंक के एक प्रमुख सदस्य भी हैं, जो संगठन के विकास को आगे बढ़ाते हैं।

# एफसीआई और राज्य एजेंसियों ने पंजाब में 120.67 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य एजेंसियों ने पंजाब में 120.67 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा है। खरीफ विपणन सीजन (केएमएस) 2024-25 में धान की खरीदारी से अब तक पंजाब में 6.58 लाख किसानों को लाभ मिला है, जिसका न्यूनतम समर्थन मूल?य (एमएसपी) 27995 करोड़ रुपये है।

उपभोक्ता खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि 8 नवंबर, 2024 तक पंजाब की मंडियों में कुल 126.67 लाख मीट्रिक टन धान आ चुका है, जिसमें से 120.67 लाख मीट्रिक टन धान राज्य एजेंसियों और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा खरीदा गया है।

मंत्रालय के मुताबिक इस बार ग्रेड 'ए' धान भारत सरकार द्वारा तय 2320 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। चालू केएमएस 2024-25 में अब तक सरकार ने कुल 27995 करोड़ रुपये का धान खरीदा है, जिससे पंजाब में करीब 6.58 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। इसके अलावा, 4839 मिलर्स ने धान की छिलाई के लिए आवेदन किया है, जबकि 4743 मिलर्स को पंजाब राज्य सरकार द्वारा पहले ही काम आवंटित किया जा चुका है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बताया कि पंजाब में खरीफ विपणन सीजन 2024-25 के लिए धान की खरीदारी एक अक्टूबर, 2024 से शुरू हो गई है। पंजाब के किसानों से सुचारु खरीद के लिए पूरे राज्य में 2927 नामित मंडियां और अस्थायी यार्ड चालू हैं। केंद्र सरकार ने चालू खरीफ विपणन सीजन 2024-25 के लिए धान खरीद का अनुमानित लक्ष्य 185 लाख मीट्रिक टन तय किया है, जो 30 नवंबर, 2024 तक जारी रहेगा। मंत्रालय ने कहा कि मंडियों से धान का उठाव जोरों पर है और उठाया गया धान दैनिक आवक की मात्रा से अधिक है। ऐसे में धान की खरीद सुचारु रूप से चल रही है।

# आरबीआई ने साउथ इंडियन बैंक पर 59.20 लाख रुपये का लगाया जुर्माना



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने साउथ इंडियन बैंक पर 59.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने बैंक पर ये जुर्माना 'जमा पर ब्याज दर' और 'बैंकों में ग्राहक सेवा' पर कुछ निर्देशों के अनुपालन में खामी की वजह से लगाया है। आरबीआई ने जारी एक बयान में बताया कि साउथ इंडियन बैंक पर जमा पर ब्याज दर और ग्राहक सेवा से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने के लिए 59.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बैंक नियामक ने जांच में पाया कि बैंक ने कुछ ग्राहकों को बिना उचित सूचना के अकाउंट में न्यूनतम शेष राशि न रखने और कुछ एनआरई बचत खातों पर गलत तरीके से ग्रहणाधिकार अंकित करने के लिए दंडित किया है। रिजर्व बैंक ने बैंक की 31 मार्च, 2023 तक वित्तीय स्थिति के संदर्भ में बैंक के पर्यवेक्षी मूल्यांकन के लिए एक वैधानिक निरीक्षण किया था। आरबीआई के निर्देशों और संबंधित पत्राचार के गैर-अनुपालन के आधार पर साउथ इंडियन बैंक को एक नोटिस भी जारी किया था। केंद्रीय बैंक के नोटिस पर बैंक के जवाब तथा व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान दिए गए मौखिक प्रस्तुतीकरणों पर विचार के बाद आरबीआई ने बैंक के विरुद्ध लगाए आरोप को सत्य पाने के बाद मौद्रिक जुर्माना लगाया है।

# टाटा क्लिक लक्ज़री और बल्गारी की एक्सक्लूसिव साझेदारी ने भारत में लॉन्च किया बल्गारी का पहला अनूठा डिजिटल बुटीक

**नई दिल्ली।** भारत के मशहूर लग्जरी लाइफस्टाइल प्लेटफॉर्म टाटा क्लिक लग्जरी ने मैग्निफिसेंट रोमन हाई ज्वैलर बल्गारी के साथ मिलकर देश में उनका पहला डिजिटल बुटीक लॉन्च करने की घोषणा की है। इस रणनीतिक सहयोग के साथ भारत के ई-कॉमर्स में बल्गारी ने पहला कदम रखा है। अब देश भर के उपभोक्ता अपने घर बैठे बल्गारी के प्रतिष्ठित आभूषण, हैंडबैग और घड़ियों की मनचाही खरीदारी कर सकते हैं। तेज़ी से बदलते वैश्विक बाज़ार और भारतीय उपभोक्ताओं की खरीदारी की आकांक्षाओं के साथ तेज़ी से विकसित हो रहे, लग्ज़री ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पूरे देश में रहने वाले नए ग्राहकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ग्राहकों की बढ़ती संख्या और आकांक्षाओं के अनुरूप अपने हाई-एंड उत्पाद की पहुंच को अधिकतम करने के लिए, बल्गारी ने टाटा क्लिक लग्जरी के साथ हाथ मिलाए हैं। टाटा क्लिक लग्जरी की डिजिटल विशेषज्ञता, पहुंच और भारतीय उपभोक्ताओं के साथ लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को बल्गारी की असाधारण विशेषज्ञता और के साथ जोड़कर एक अग्रणी साझेदारी शुरू की गयी है।

क्क5द्दह्य1 कड़ा ब्रेसलेट और आइकोनिक बल्गारी बल्गारी मंगलसूत्र जैसे भारत से प्रेरित होकर बनाए गए क्रिएशन्स से लेकर सर्पेंटी वाइपर ब्रेसलेट और क्क5द्दह्य1 रिंग्स सहित कई, हर दौर में पसंद किए जाने वाले क्रिएशन्स तक, टाटा क्लिक लग्जरी प्लेटफ़ॉर्म पर बल्गारी डिजिटल बुटीक अपने सबसे मशहूर और खास तौर पर चुने गए उत्पाद प्रस्तुत किए हैं। डिजिटल बुटीक में बल्गारी टाइम-पीस भी होंगे जिनमें प्रसिद्ध सर्पेंटी, प्रतिष्ठित ऑक्टो फिनिसिमो कलेक्शन, साथ ही बहुत ही खूबसूरत ऑक्टो रोमा भी हैं। चमड़े के सामान और एक्सेसरीज़ की विशाल श्रेणी से भी यहां खरीदारी की जा सकती है।

इसके अलावा, एक सहज और बेहतर ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव के लिए, टाटा क्लिक लग्जरी और बल्गारी लग्जरी कंसीयज सेवा प्रदान करेंगे, इसमें उपभोक्ताओं को बल्गारी के प्रशिक्षित जानकार विशेषज्ञों से व्यक्तिगत खरीदारी का अनुभव मिल सकता है।

टाटा क्लिक के सीईओ श्री गोपाल अस्थाना ने साझेदारी के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, टाटा क्लिक लग्जरी में बल्गारी का स्वागत करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। हमें गर्व है कि, बेजोड़ शिल्पकला और बेहतरीन डिज़ाइनों के लिए नवाज़े जाने वाले बल्गारी के ई-कॉमर्स पार्टनर है। हमारे प्लेटफॉर्म पर आभूषण, घड़ी और एक्सेसरीज़ कैटेगरी पर ध्यान दिया गया है और इस लॉन्च के साथ, हम अपने पोर्टफोलियो को और आगे बढ़ा रहे हैं। प्रतिष्ठित लग्ज़री ब्रांड को पूरे भारत के उपभोक्ताओं तक लाना हमारा उद्देश्य है, और हम उपभोक्ताओं को एक बेजोड़ ऑनलाइन लग्जरी शॉपिंग अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

लॉन्च के बारे में बोलते हुए, बल्गारी के सीईओ जीन-क्रिस्टोफ बेबिन ने कहा, ÷हम भारत के अग्रणी लग्जरी लाइफस्टाइल प्लेटफॉर्म टाटा क्लिक लग्जरी के साथ अपनी साझेदारी के ज़रिए भारत में बल्गारी के लिए एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। यह साझेदारी हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके ज़रिए हम हमारे प्रतिष्ठित डिज़ाइन भारत भर में ला रहे हैं और यहां के उपभोक्ताओं के साथ सुंदरता, उत्कृष्टता और उत्तम शिल्प कौशल के लिए गहरा प्यार साझा करने का मौका इससे हमें मिला है। साथ में, हम अपने उपभोक्ताओं को हमारे बुटीक में ऑनलाइन शॉपिंग का अनुभव प्रदान करना चाहते हैं।

# राम चरण की आगामी फिल्म गेम चैंजेर का टीज़र आज लखनऊ रिलीज़ किया गया

**लखनऊ।** राम चरण अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म गेम चेंजर को 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है ऐसे में लोगों की उत्सुकता और बढाती जा रही है। आज 9 नवम्बर को फिल्म का टीज़र लांच किया गया और आप को बता दें कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी फिल्म का टीज़र नफासत के शहर लखनऊ में लॉन्च किया गया है जो ग्लोबल स्टार की प्रसिद्धि को और बढ़ाएगा। हमने अब तक कई पैन इंडिया फिल्म के टीज़र या ट्रेलर अक्सर मुंबई या दिल्ली में किया गया है गेम चेंजर ने हकीकत में गेम चेंज कर दिया है।

इस बहुप्रतीक्षित टीज़र में , उन्हें राम चरण और कियारा आडवाणी सहित अन्य लोगों का सहयोग भी देखने को मिलेगा। रा मचा मचा, जरागंडी गानों ने लोगों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है और अब यह टीज़र निश्चितरूप से फिल्म के प्रति उनकी उत्सुकता को और बढ़ाएगा कि राम चरण इस बार शंकर शनमुगम निर्देशित फिल्म के में उनके लिए क्या लेकर आ रहे हैं ।

गेम चेंजर में राम चरण एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे जो निष्पक्ष चुनाव की वकालत करके भ्रष्ट राजनेताओं से मुकाबला करता है। यह एक्शन-थ्रिलर 10 जनवरी, 2025 को बड़े पर्दे पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म का निर्माण दिल राजू और सिरीश द्वारा किया गया है, कहानी कार्तिक सुब्बाराज की है और लेखन एसयू वेंकटेशन और विवेक द्वारा किया गया है। हर्षित द्वारा सह-निर्मित, सिनेमैटोग्राफी एस. थिरुनावुक्कारासु द्वारा नियंत्रित की जाती है, संगीत एस. थमन द्वारा रचित है, और संवाद साई माधव बुर्रा द्वारा लिखे गए हैं।

लाइन प्रोडक्शन की देखरेख नरसिम्हा राव एन. और एसके जबीर करते हैं, जबकि अविनाश कोल्ला कला निर्देशक हैं। एक्शन कोरियोग्राफी अनबरीव द्वारा की गई है, जिसमें डांस सीक्वेंस प्रभु देवा, गणेश आचार्य, प्रेम रक्षित, बॉस्को मार्टिस, जॉनी और सैंडी द्वारा निर्देशित हैं। गीत रामजोगैया शास्त्री, अनंत श्रीराम और कसारला श्याम द्वारा लिखे गए हैं। फिल्म का निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले किया गया है।

# बजाज फिन्सर्व एएमसी ने बजाज फिन्सर्व कंजम्पशन फंड लॉन्च किया

**बरेली।** बजाज फिन्सर्व एएमसी ने कंजम्प्शन थीम के अंतर्गत एक ओपन एंडेड इक्विटी स्कीम, बजाज फिन्सर्व कंजम्प्शन फंड शुरू करने की घोषणा की है। यह फंड सब्सक्रिप्शन के लिए 8 नवंबर को खुलेगा और इसकी न्यू फंड ऑफर अवधि 22 नवंबर 2024 को समाप्त होगी।

बजाज फिन्सर्व कंजम्प्शन फंड एक टू-टू-लेबल फंड है जो रणनीतिक रूप से उन क्षेत्रों में निवेश करेगा जो उभरते हुए खपत मेगाट्रेंड के साथ बढ़ रहे हैं। ये मेगाट्रेंड्स भारत भर में खपत की आदतों को आकार देने वाले प्रभावशाली मेगाट्रेंड हैं। इन परिवर्तनों की लहर पर सवारी करते इसफंड का उद्देश्य एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कंज्यूमर गुड्स, हेल्थकेयर, रियल्टी, टेलीकॉम, पावर और सर्विसेज जैसे क्षेत्रों में अवसर खोजना है, ये सभी क्षेत्र भारत की खपत वृद्धि की तेजी में योगदान दे रहे हैं।

यह फंड संभावित विकास के अवसरों की पहचान करते हुए उभरते उपभोक्ता उछाल से लाभ उठाने के

**इक्विटी**

**उपभोक्ता व्यवहार और खर्च को आकार देने वाले मेगा ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए खपत थीम पर केंद्रित एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना**

लिए तैयार कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह फंड एक मार्केट-कैप - ऐग्नोस्टिक दृष्टिकोण का पालन करेगा, जो विभिन्न बाजार पूंजीकरणों में निवेश करने के लिए लचीलापन प्रदान करेगा।

लॉन्च पर बोलते हुए, बजाज फिन्सर्व एएमसी के सीईओ, श्री गणेश मोहन कहते हैं, आय के स्तर और शहरीकरण में वृद्धि तथा लोगों के बुनियादी से विवेकाधीन खर्च की तरफ रुझानों के कारण भारत का उपभोग परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल रहा है।

एक थीम के रूप में 'उपभोग'क्षेत्र निवेश के अनुकूल है क्योंकि व्यापक बाजारों की तुलना में इसके बुनियादी सिद्धांत मजबूत हैं। हम निश्चित रूप से मानते हैं कि आने वाले वर्षों में महत्वपूर्ण विस्तार की उम्मीद वाले क्षेत्रों जैसे एफएमसीजी, खाद्य सेवाएँ और त्वरित वाणिज्य, रियल्टी और ऑटो में वृद्धि के साथयह फंड लंबे समय में हमारे निवेशकों के पोर्टफोलियो के लिए एक संपत्ति बन जाएगा।

स बजाज फिन्सर्व एएमसी के एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि2025 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय 3,000 से अधिक होने की उम्मीद के साथ लोगों की क्रय शक्ति में वृद्धि हुई है। अध्ययन से पता चलता है कि देश में खपत से संबंधित क्षेत्र बढ़ रहे हैं और वे लंबी अवधि में तेजी से विकास के लिए तैयार हैं। बढ़ता मध्यम वर्ग, जिसके 2030 तक लगभग 40त्न आबादी तक बढ़ने की संभावना है, इस खपत में उछाल लाएगा। इसके अतिरिक्त, खपत में मेगाट्रेंड से संकेत मिलता है कि ई-कॉमर्स ग्राहक आधार वित्त वर्ष 25 तक 2.7 गुना बढ़ जाएगा, जो उपभोक्तावाद और शहरीकरण की बढ़त को दर्शाता है।

बजाज फिन्सर्व एएमसी के मुख्य निवेश अधिकारी, निमेश चंदन कहते हैं, बदलती जनसांख्यिकी और बढ़ती आय के स्तर देश को अधिक, अच्छी तरह, बेहतर और आसानी से उपभोग करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। एक तरफ जहां बाजार ने पिछले 2 वर्षों में अर्थव्यवस्था के पूंजीगत व्यय पक्ष पर ध्यान केंद्रित किया है, उपभोक्ता क्षेत्र ने अपने स्वयं के ऐतिहासिक मूल्यांकन के साथ - साथ व्यापक बाजारों के प्रीमियम की तुलना में आकर्षक मूल्यांकन किया है। बजाज फिन्सर्व कंजम्प्शन फंड मेगाट्रेंड्स का लाभ उठाने और निवेशकों को विभिन्न क्षेत्रों में इस देश में घरेलू मांग के विकास का अवसर प्रदान करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। हमारा INQUBE दृष्टिकोण और इक्विटी अनुसंधान प्रक्रिया हमें निवेशकों के लिए दीर्घकालिक धन सृजन क्षमता वाली कंपनियों को चुनने और निवेश करने में मार्गदर्शन करेगी।

बजाज फिन्सर्व कंजम्प्शन फंड मुख्य रूप से घरेलू खपत के नेतृत्व वाली मांग से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होने की संभावना वाली कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी से संबंधित उपकरणों में निवेश करके लंबी अवधि में धन सृजन की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त है। इस योजना को निफ्टी इंडिया कंजम्पशन टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) के सामने बेंचमार्क किया जाएगा जो घरेलू खपत का प्रतिनिधित्व करने वाली कंपनियों के विविध पोर्टफोलियो के प्रदर्शन को दर्शाता है। इनमें कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, नॉन - ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर, ऑटो, टेलीकॉम सर्विसेज, फार्मास्यूटिकल्स, होटल, मीडिया और एंटरटेनमेंट आदि शामिल हैं।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर से लापरवाही बर्दाश्त नहीं : आयुक्त

अवधनामा ब्यूरो



समीक्षा बैठक में योजनाओं की जानकारी लेते आयुक्त

- 44 हजार किसानों का नहीं हुआ है केवाईसी, आयुक्त ने तेजी लाने का दिया निर्देश
- मंडलायुक्त ने कृषकों द्वारा पराली न जलाने हेतु जागरूकता पर दिया बल

**कुशीनगर।** कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में शनिवार को विभिन्न विकास कार्यों, लंबित राजस्व वाद, 5 करोड़ से अधिक लागत वाली निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मंडलायुक्त ने जनपद में समस्त योजनाओं को गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ संचालित करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि अधिकारी जनपद के विकास में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें, यदि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी स्तर पर व्यवधान उत्पन्न होता है तो तत्काल उसकी जानकारी संबंधित को दें। जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, तथा किसी भी मामले को लंबित न रखें। मंडलायुक्त ने कृषि विभाग की समीक्षा दौरान जनपद में पराली जलाए जाने की जानकारी लेते हुए उप जिलाधिकारी एवं उप कृषि निदेशक को ग्राम स्तर पर आमजन को जागरूक करने हेतु विभिन्न स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगवाए जाने का निर्देश दिए गए। जनपद में उर्वरक की उपलब्धता के संबंध में जिला कृषि अधिकारी द्वारा एक सप्ताह में उर्वरक की आपूर्ति होने की जानकारी दी गई, परंतु मांग के अनुरूप कम पूर्ति होने की भी जानकारी दी गई जिस पर मंडलायुक्त द्वारा अपने स्तर प्रयास कर मात्रा बढ़ाए जाने का आश्वासन दिया गया। किसान सम्मान निधि अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को समय से दिया जा रहा है, लगभग 44 हजार कृषकों का आधार सत्यापन में लंबित होने की जानकारी दी गई, जिसके संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। धान खरीद की समीक्षा दौरान क्रय केंद्रों की जानकारी ली गई तथा विशेष रूप से बिचौलियों पर ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर धान क्रय मामले में शिकायत मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। धान की कुटाई करने वाले मिलो में विद्युत कनेक्शन की समस्या से अवगत होने पश्चात एक्सियन विद्युत ने बताया कि सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई है तथा एक सप्ताह के अंदर विद्युत कनेक्शन की कार्रवाई पूर्ण कर ली जाएगी। इसी प्रकार मंडलायुक्त ने कहा कि खराब ट्रांसफॉर्मर को निर्धारित समयावधि में बदला जाए। विद्युत बिल सुधार आवेदनों की समीक्षा दौरान लापरवाही बरतने वाले जेइ के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा पार्क, खेल के मैदान, मिनी स्टेडियम,का निर्माण कार्य, ईको टूरिज्म, नई सड़कों का निर्माण, आयुष्मान योजना अंतर्गत गोल्डन कार्ड, अस्पतालों में दवा की उपलब्धता, वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, पारिवारिक लाभ योजना, सामूहिक विवाह योजना, हर घर जल योजना, निपुण भारत योजना, गो वंश संरक्षण केंद्र, पशु टीकाकरण, पीएम स्वनिधि योजना, तहसीलों में लंबित विभिन्न प्रकार के लंबित वादों की स्थिति एवं निस्तारण हेतु सभी उप जिलाधिकारी से पुछताछ की गई। मेडिकल कालेज, रोजगार सेवकों एवं पंचायत सेवकों के चयन किए जाने सहित अन्य सभी विकास कार्यक्रमों से जुड़े कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### पांच करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाएं

05 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं अंतर्गत कृषि महाविद्यालय के निर्माण कार्यों, जिला कारागार निर्माण कार्य, बुद्धा थीम पार्क निर्माण कार्य, अग्निशमन केंद्रों के निर्माण कार्य, कोर्ट रूम निर्माण कार्य सहित ट्रांजिट हॉस्टल, आवासीय तहसील भवन के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा में मंडलायुक्त ने कहा कि समस्त कार्यदायी संस्थाएं समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने समस्त परियोजना को समय से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने मंडलायुक्त को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाएगा। समीक्षा बैठक में सीडीओ गुंजन द्विवेदी, एडीएम वैभव मिश्रा, डीएफओ, समस्त एसडीएम, पी.डी. जगदीश त्रिपाठी, डीसी मनरेगा, एक्सियन पीडब्ल्यूडी, जल निगम, विद्युत सहित विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## किसानों की उन्नति में सहकारी समिति का अहम योगदान : आरपीएन सिंह

### सरकार किसानों को हित में रखकर कर रही काम


शपथ दिलाते राज्यसभा सांसद आरपीएन

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** सहकारी गन्ना विकास समिति कसया के समिति परिसर में शनिवार को नवनिर्वाचित अध्यक्ष सतीश मणि त्रिपाठी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद आरपीएन सिंह सिंह ने किसानों के विकास में गन्ना समिति की भूमिका पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि सहकारी गन्ना विकास समिति का कार्य महत्वपूर्ण है। क्षेत्र के किसानों की आर्थिक उन्नति में गन्ना समिति का अमिट योगदान है। शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक पीएन पाठक ने कहा कि सरकार गन्ना किसानों को लाभान्वित करने के लिए कटिबद्ध है। किसान हित में रखकर काम किया जा रहा है। इस दौरान नवनिर्वाचित चेयरमैन सतीश मणि त्रिपाठी अपने संबोधन में कहा कि भाजपा किसान हित की नीतियां जन-जन तक पहुंचाना तथा किसानों को सही समय पर उचित मूल्य पर खाद, बीज, बिजली व पानी का प्रबंधन करना ही हरित क्रांति को आगे बढ़ाया जा सकता है।

## संगठन चुनाव के निमित्त आयोजित हुई कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता




- लोकतांत्रिक तरीके से होगा संगठन का चुनाव : बालेंदु
- संगठन की मजबूत नींव हैं कार्यकर्ता : शशांक मणि

**देवरिया।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर संगठन पर्व सदस्यता अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि मिर्जापुर के पूर्व जिलाध्यक्ष और संगठन चुनाव के निमित्त बनाए गए देवरिया जिले के जिला चुनाव अधिकारी बालेंदु मणि त्रिपाठी थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला चुनाव अधिकारी ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार संगठन के समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता होते हैं और इन्हीं निष्ठावान कार्यकर्ताओं का चयन अगले 30 नवंबर तक किया जाना है।

उन्होंने कहा कि यह ध्यान रहे कि पार्टी का सक्रिय सदस्य ही बूथ अध्यक्ष नियुक्त हो। जिला प्रभारी संतराज यादव ने जनपद के सभी 28 मंडलों के चुनाव अधिकारियों की घोषणा की और कहा कि आगामी संगठन चुनाव के निमित्त जनपद के सभी 28 मंडलों के चुनाव अधिकारी अपने अपने मंडलों में 15 नवंबर तक मंडल कार्यशाला सम्पन्न कर लें। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि ये बड़े ही हर्ष की बात है कि विश्व में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओं का चयन चुनाव के माध्यम से करती है और इस प्रकार से चयनित कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं। उन्होंने नवनियुक्त मंडल चुनाव अधिकारियों को बधाई भी दी। उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने सदस्यता अभियान का जो लक्ष्य हमे दिया था उसे हमने पूरा कर लिया है और बड़े ही हर्ष की बात है कि लगभग 4 लाख सदस्यों के साथ क्षेत्र के 12 जिलों में देवरिया का सदस्यता अभियान में दूसरा स्थान है। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने किया। इस अवसर पर कुशीनगर के पूर्व विधायक रजनीकांत मणि, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, मारकंडे शाही, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छठेलाल निगम, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट, गंगा सिंह कुशवाहा, अजय कुमार दुबे, राजेश मिश्रा, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि, रमेश सिंह, रविंद्र कौशल, जयनाथ कुशवाहा, डा हेमंत मिश्रा, अरविंद पांडे, अंकुर राय, विनय राय, संजय सिंह सैंथवार, प्रभाकर तिवारी, ऋतु शाही, अर्चना पांडे, आनंद शाही, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक पर मेहरबान कौन आठ साल से बने हैं तरकुलवा में

**तरकुलवा देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जनपद देवरिया के विकासखंड तरकुलवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर केंद्र अधीक्षक आज 8 साल से अपनी कुर्सी पर विराजमान है। आखिर इनके ऊपर क्यों नहीं पड़ती किसी अधिकारी की नजर। आठ साल में आज तक क्यों नहीं हुआ इनका स्थानांतरण। ऐसे ही अधिकारी और अधीक्षक के कारण स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार की भेट चढ़ता जा रहा है और शिकायत सरकार की होती है। तरकुलवा विकासखंड में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जो कि विकास खंड कार्यालय के ठीक बगल में है आज 8 साल पहले से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अमित कुमार अपनी कुर्सी पर इस कदर विराजमान है जैसे मानो रामायण का अंगद। नगर पंचायत तरकुलवा में चल रहे अवैध रूप से पैथोलॉजी एक्स-रे सेंटर इन सब जगहों से ठीक-ठाक कमीशन पाने के कारण इनका तरकुलवा से आज तक स्थानांतरण नहीं हो पाया सूत्र। जबकि सूत्र बताते हैं की ठीक-ठाक कमीशन ऊपर के अधिकारियों को पहुंचाने के कारण वर्तमान में सत्ताधारियों से अच्छा खासा संपर्क होने के कारण सम्मानित डॉक्टर साहब 8 साल से तरकुलवा विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक पद पर तैनात है। जबकि उनके क्रियाकला निचले स्तर के काम करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कर्मियों को प्रत्येक दिन किसी ने किसी कारण को भी शिकार बनाया जाता है जैसा कि सूत्र बताते हैं।




## जिला जज ने दी अग्रिम जमानत रिहा हुए रिटायर्ड फौजी इंदल सिंह समेत तीन व्यक्ति



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिला जज ने रिटायर्ड फौजी इंदल सिंह समेत 3 व्यक्तियों की अग्रिम जमानत को मंजूर कर दिया शनिवार को रिहा कर दिया गया। सनद रहे लापरवाह और विवादित 2019 बैच में दरोगा हिमांशु मलिक बच्चों के विवाद के मामले को नहीं संभाल पाए जिसने बडा रूप ले लिया था। इस मामले में हिमांशु मलिकहुआ उसके दो अन्य साथियों पर थर्ड डिग्री देने के आरोप लगे थे जिसकी जांच सीओ सिटी कर रहे है। हालांकि एक और जांच जो हिमांशु मलिक दरोगा की थी जिसमें उसे पर एक महिला के पेट में लात मारने का आरोप लगा था उसमें को सिटी की जांच में आरोप निराधार साबित हुए थे। जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह समेत सवर्ण संगठन ने बुलंद की थी आवाज रिटायर्ड फौजी व उनके परिवार के साथ पुलिसिया ज्यादती के मामले में जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह ने घटना के बाद से बढ-चढकर मदद परिवार की की थी। रिटायर्ड फौजी की पत्नी की मुलाकात पुलिस अधीक्षक रायबरेली से कराई थी जहां पर कई बिंदुओं पर सहमति बनी थी। जिसके चलते फौजी की स्कॉर्पियो वाहन, बुलेट, मोबाइल फोन 48 घंटे में ही परिवार को सपोर्ट कर दिए गए थे। इसी के साथ बेगुनाह युवाओं के नाम और धाराएं हटाने पर भी बात हुई थी। क्योंकि इस पूरे मामले में कई युवाओं के नाम मुकदमे में लिखे गए थे जो कंपटीशन की तैयारी कर रहे हैं ऐसे में उनके भविष्य पर गहरा संकट है हालांकि अभी तक इस मामले में कुछ नहीं हुआ है। डलमऊ सर्किल की लचर कार्यशैली और अधिकारियों एवं कर्मचारी की गैर जिम्मेदारी और लापरवाह रवैया ने सरकार की जमकर किरकिरी कराई थी।

## एनटीपीसी ऊंचाहार ने एनटीपीसी के 50वें स्थापना दिवस पर भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया

अवधनामा संवाददाता




**ऊँचाहार।** एनटीपीसी ने एनटीपीसी के 50वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया जिसमें बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक जावेद अली ने अपनी मधुर आवाज से सभी का दिल जीत लिया। इस संगीतमय संध्या में एनटीपीसी परिवार के सदस्यों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर शानदार प्रस्तुतियों का आनंद लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी ऊँचाहार के परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबडा व प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती तरुणा छाबडा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

सम्माननीय अतिथि के रूप में उत्तरा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती विजया राव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को विशेष बना दिया।जावेद अली ने अपने सुरीले गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने बॉलीवुड के कई लोकप्रिय गानों की प्रस्तुति दी, जिनमें रोमांटिक और ऊर्जावान गीतों ने समां बांध दिया। दर्शक झूमते नजर आए और कार्यक्रम में चार चांद लग गए। उनके प्रसिद्ध गीतों पर तालियों की गडगडाहट से पूरा स्टेडियम गूंज उठा।

अवसर पर मनदीप सिंह छाबडा ने एनटीपीसी ऊँचाहार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कर्मचारियों की कडी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम कर्मचारियों और उनके परिवारों को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रमों को एनटीपीसी परिवार में सहयोग और सौहार्द को मजबूत करने के लिए आवश्यक बताया। एनटीपीसी ऊँचाहार ने इस आयोजन के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढाने और मनोरंजन के साथ कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच एकता और सामंजस्य को बढावा देने का प्रयास किया। कार्यक्रम की सफलता ने दर्शाया कि एनटीपीसी ऊँचाहार में न केवल कार्य के प्रति समर्पण है, बल्कि मनोरंजन और सामूहिकता का भी विशेष महत्व है।

## बटोही स्वीट समेत 9 संचालक जनता के स्वास्थ्य से कर रहे थे खिलवाड़ हुई कार्यवाही

**रायबरेली।** रायबरेली की जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे बटोही स्वीट्स के संचालक समेत 9 कारोबारी पर मुकदमा दर्ज किया गया अब इन पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। पैसे कमाने की आड में यह कारोबारी आम जनता के स्वास्थ्य से जमकर खिलवाड कर रहे हैं बटोही और राजस्थानी स्वीट्स जैसे विश्वसनीय दुकानदारों का यह हाल है जहां से आम नागरिक आंख बंद करके खाद्य समान खरीदता है लेकिन अब यह भी सेफनहीं है। खाद्य विभाग रायबरेली के द्वारा की गई कार्यवाही चौंकाने वाली है खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नमूनों की जांच प्रयोगशाला में कराई गई तो सभी नमूने फेल आए और खाद्य पदार्थ के नमूने मानक के विपरीत मिले। 11 नवंबर 2023 को बटोही रेस्टोरेंट के पनीर का नमूना भर गया था प्रयोगशाला की जांच में पनीर मानक की विपरीत मिली यही नहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने लालगंज स्थित आनंद बेकरी से टू मच आइसक्रीम का नमूना भरा था यह भी फेल निकला।

# निर्माणाधीन भवनों को नवंबर माह के अंत तक हैंडओवर करें : आयुक्त

### पांच करोड़ से अधिक निर्माण कार्यो का आयुक्त ने की समीक्षा


मेडिकल कालेज का निरीक्षण करते मंडलायुक्त अनिल ढींगरा



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में विभिन्न विकास कार्यों, लंबित राजस्व वाद, 5 करोड़ से अधिक लागत वाली निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंडलायुक्त ने जनपद में समस्त योजनाओं को गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ संचालित करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि अधिकारी गण जनपद के विकास में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें, यदि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी स्तर पर व्यवधान उत्पन्न होता है तो तत्काल उसकी जानकारी संबंधित को दें। जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, तथा किसी भी मामले को लंबित न रखें। 05 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं अंतर्गत कृषि महाविद्यालय के निर्माण कार्यों, जिला कारागार निर्माण कार्य, बुद्धा थीम पार्क निर्माण कार्य, अग्निशमन केंद्रों के निर्माण कार्य, कोर्ट रूम निर्माण कार्य सहित ट्रांजिट हॉस्टल, आवासीय तहसील भवन के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा में मंडलायुक्त ने कहा कि समस्त कार्यदायी संस्थाएं समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने समस्त परियोजना को समय से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने मंडलायुक्त को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाएगा।

अवधनामा ब्यूरो

- मेडिकल कालेज का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण दिए आवश्यक निर्देश

**कुशीनगर।** मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने शनिवार को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय/मेडिकल कालेज के हॉस्पिटल विंग (जिला मुख्यालय स्थित) का निरीक्षण किया गया।

आयुक्त द्वारा दो फ्लोर में बारी बारी से स्थित प्रत्येक कमरों तथा टी एन टी कक्ष, एसएनसीयू कक्ष, यूएसजी कक्ष, रेडियोलॉजी कक्ष, एमआरआई स्कैन एक्स रे कक्ष, एक्स रे कक्ष, कैजुअल्टी कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, माइनर ओ टी, ओपीडी क्षेत्र जनरल सर्जरी ओपीडी आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंडलायुक्त के द्वारा कार्यदाई संस्था को यथाशीघ्र अवशेष निर्माण कार्य को पूर्ण कर हैंडओवर करने एवं अकेडमिक सेक्शन में गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदत्त करने व संबंधित अधिकारियों को यथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यदायी संस्थान ने बताया की शीघ्र ही शेष कार्य पूर्ण हो जाएगा परंतु कमिश्नर ने कहा कि इसे नवंबर माह के अंत तक सभी अवशेष निर्माण कार्य को पूर्ण कर हैंडओवर करें। एकेडमिक क्षेत्र में चलने वाले पढ़ाई एवं दी जाने वाली शिक्षा के बारे में पूछताछ की गई। गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदत्त करने के निर्देश दिए। आईसीयू, मिनी ऑपरेशन रूम, ओपीडी क्षेत्र अन्य जगहों का निरीक्षण किया निर्माण कार्य को प्रति संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, सीडीओ गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वि/रा वैभव मिश्रा, सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया, प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज राकेश शाही, सीएमस एच एस राय के साथ सीएमएस सहित अन्य सभी संबंधित उपस्थित रहे।

## छात्र संघ का दूसरा दिन चला क्रमिक प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिती के मंडल उपाध्यक्ष अभय प्रताप शुक्ल के अगुआई में मेडिकल कालेज देवरिया में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ दुसरे दिन क्रमिक प्रदर्शन हुआ। मंडल उपाध्यक्ष अभय प्रताप शुक्ल ने कहा कि देवरिया मेडिकल में अपरेशन के नाम पर डाक्टर मरीजों से धनुगाहि कर रहे हैं। प्राचार्य का इस पर कोई अंकुश नहीं है। समय पर कोई डाक्टर नही आते हैं मरीज दूर दराज से आते हैं इलाज के लिए और उदासीन होकर। विवस और लाचारी की वजह से प्राइवेट नर्सिंग होम में अपना इलाज कराते हैं। पूर्व अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि मेडीकल कॉलेज के नाम पर यहां कोई सुविधा नहीं है। मोतियाबिंद के अप्रेशन के लिए मरीज महीनो से चक्कर लगाते हैं लेकीन मेडीकल कॉलेज में लेंस भी नही रहता है। शुक्ल ने कहा कि मेडीकल कॉलेज की इलाज व्यवस्था में बदलाव नही किया तो यह प्रदर्शन उग्र रूप धारण करेगी।

## हैण्डबाल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में लखनऊ ने दी बरेली को शिकस्त




अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नगर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में चल रही प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक वर्ग हैण्डबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार को लखनऊ मंडल और बरेली मंडल के मध्य खेला गया जिसमें लखनऊ ने बरेली को शिकस्त देकर प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया। उपक्रीड़ाधिकारी मो मोसर्रफ खॉ ने बताया कि प्रतियोगिता के चतुर्थ दिवस एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि मार्केटिंग मैनेजर राजेश मसाला हिमांशु अग्रहरी उप्र हैण्डबाल संघ कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह सम्स तरबेज सैम्पू हैण्डबाल संघ सचिव वाराणसी तथा सरवन कुमार सूरज जायसवाल व कमल सिंह समाजसेवी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इस दौरान चौथे दिन दो सेमीफाइनल तथा फाइनल मैच टीम-ए तथा टीम-बी के मध्य खेले गये जिसमें प्रथम सेमीफाइनल में लखनऊ मण्डल ने 25-20 से अयोध्या मण्डल द्वितीय सेमीफाइनल में बरेली मण्डल ने 17-16 से वाराणसी मण्डल को पराजित किया। फाइनल में लखनऊ मण्डल ने 27-24 से बरेली मण्डल को हराकर विजेता रही। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अर्न्तराष्ट्रीय प्रशिक्षक परमेन्द्र सिंह तौहीद खान संयुक्त सचिव उप्र हैण्डबाल संघ अमित पाण्डेय उपक्रीड़ाधिकारी मो0 मोसर्रफ खॉ एवं शमीम अहमद ने कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों को स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया तथा उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता राजकीय इण्टर कालेज टीकरमाफी अमेठी डॉ अब्दुल हमीद द्वारा किये जाने के साथ ही प्रतियोगिता के आयोजन में निर्णायक के रूप में प्रेम प्रकाश संदीप राय पंकज यादव रणविजय त्रिपाठी उज्वल जितेन्द्र शर्मा व गोविन्द निषाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी शिकायत

अवधनामा संवाददाता



**मुंशीगंज (अमेठी)।** माह के द्वितीय शनिवार को आज जनपद के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने मुंशीगंज थाने में आयोजित दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली चकमार्ग पर कब्जे सरकारी भूमि पर कब्जे तालाबों पर कब्जे अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। आज थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## विकास खण्ड स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन 12 नवम्बर को

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने बताया कि कृषि सूचना तन्त्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी, NMEO योजनान्तर्गत प्रथम रबी तिलहन मेले एवं पडरौना विकास खण्ड की विकास खण्ड स्तरीय गोष्ठियों का आयोजन संयुक्त रूप से दिनांक 12-11-2024 को प्रातः 11 बजे से राजकीय कृषि बीज भण्डार परिसर पडरौना, कठकुईया रोड पर किया जाना है। इस क्रम में उन्होंने सभी संबंधित को निर्देशित किया है कि उपरोक्त कार्यक्रम में स्वयं प्रतिभाग कर अपने विभाग का स्टाल लगाकर अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की नवीनतम जानकारी कृषकों को प्रदान करना सुनिश्चित करें।

# शहीद सम्मान रथ यात्रा अमर शहीद प्रजापति रामानंद को दिलायेगी सम्मान

**बहराइच आगमन पर रथयात्रा में शामिल हुए सैकड़ों लोग**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अमर शहीद प्रजापति रामानंद संग्रहालय देवरिया में पर्यटन कार्यालय बनाये जाने के विरोध में शहीद सम्मान रथ यात्रा पूर्व भाजपा विधायक बृजेश कुमार प्रजापति के नेतृत्व में अमर शहीद प्रजापति रामचंद विद्यार्थी संग्रहालय के तत्वाधान में आज बहराइच के ग्राम सभा बहादुर चक पहुंची ये यात्रा शहीद को सम्मान दिलाने के लिए पूरे प्रदेश में पांच नवंबर को देवरिया में उसी शहीद के सम्मान स्थल से प्रारंभ होकर पांच दिसंबर को उसी स्थल पर इस यात्रा का समापन होगा इस संबंध में पूर्व भाजपा विधायक ने बताया कि देश की आजादी में अंग्रेजों से लोहा लेते हुए हजारों लोगो ने अपनी अपनी कुर्बानी दी थी उसी कड़ी में देवरिया के अमर शहीद प्रजापति रामचंद्र विद्यार्थी ने चौदह अगस्त 1942 में कचहरी से अंग्रेजों का झंडा उखाड़ कर फेक दिया था और तिरंगा झंडा फहरा देने की वजह से अंग्रेजों द्वारा उनको गोली मार कर शहीद कर दिया गया था।जिसकी वजह से इस शहीद को सम्मान दिए जाने के उद्देश्य से उनके उसी स्थान पर उनका संग्रहालय और पार्क बनाया गया था जिसपर उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटन विभाग का ऑफिस बना रही है जिस पर उन्होंने बताया कि हम लोग पिछले दो महीने से वहां पर अन्य माध्यमों से अपना विरोध दर्ज करते रहे है यह तक कि तीन दिन तक अपनी टीम के साथ विधायक को धरने पर बैठना पड़ा था जिसके दबाव में आकर सरकार को काम रोकना पड़ा था लेकिन अभी तक सरकार द्वारा इस निर्माण कार्य को रोके जाने का कोई लिखित आदेश नहीं दिया गया जिसकी वजह से ये यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है इस यात्रा के माध्यम से दलित शोषित पिछड़े वर्ग के लोगों को जोड़ कर इस शहीद को सम्मान दिलाने के लिए अंतिम सांसों तक लड़ाई लड़ते हुए पूरे प्रदेश से भारी संख्या में लोग पांच दिसंबर को सम्मान स्थल पर पहुंच कर जनसभा करेंगे।इस अवसर पर शहीद सम्मान रथ यात्रा में बृजेश प्रजापति पूर्व विधायक, बाँदा कोरी सुभाष चन्द्र लहरी राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय कोरी समाज भारत दिलीप चौधरी राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय संत गाडगे डॉ.अम्बेडकर मिशन देवा रावत राष्ट्रीय अध्यक्ष, बहुजन आर्मी बाबूलाल बर्मा मण्डल प्रभारी देवी पाटन गोण्डा रामराज मौर्य जिलाध्यक्ष कानपुर नगर ग्रामीण डॉ राम गोपाल प्रजापति जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय प्रजापति महासभा बहराइच राम दास कुलराज प्रेम प्रकाश बुंदेला राकेश भारती भीम आर्मी आदि मौजूद रहे।

## एक वांछित अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में



**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट में एक वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा थाना सिरसागंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 480/2024 धारा 64/333 बीएनएस व = पॉक्सो एक्ट में वाँछित अभियुक्त पंकज पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम नगला हुलासी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को अरांव तिवरिया तिराहे के पास सिरसागंज से गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय जनपद फिरोजाबाद के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सम्मिलित रहे व0उ0नि0 अजेन्द्र सिंह, उ0नि0 अशोक कुमार, हे0का0 824 राजकुमार, हे0का0चा0 अनिल कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में 4 से वसूला जुर्माना



**फिरोजाबाद।** सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतः प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से नगर आयुक्त ऋषि राज निर्देशों के अनुपालन में जौनल सैनेटरी ऑफीसर सन्दीप भार्गव एवं एण्टी एसयूपी टीम लीडर मनोज कुमार के निर्देशन में नगर निगम फिरोजाबाद की स्पेशल टीम एण्टी एस.यू.पी. द्वारा आज 08 नवम्बर 2024 को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, भण्डारण करने पर शिशुपाल पुत्र भगवान सिंह रेलवे पुल रामनगर रोड से 10,000/- रू0, अरविन्द कुमार पुत्र रोशन लाल रामनगर रोड से 5,000/- रू0 नारायन सिंह पुत्र सच्चू राम से 2000/- रू0, कुमरपाल सिंह पुत्र जनक सिंह आसफाबाद से 2000/- रू0 का जुर्माना वसूल कर प्रतिबंधित पॉलीथीन सामग्री को जब्त किया गया। साथ ही राजीव गुप्ता पुत्र सत्यप्रकाश गुप्ता, साहिद पुत्र अब्दुल रहमान, प्रमोद कुमार पुत्र सियाराम एवं मनोज कुमार पुत्र किशन से सफाई उपरान्त गन्दगी करने पर 500-500/- रू0 का जुर्माना वसूल किया गया। इस तरह नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा कुल 21,000 रू0 का जुर्माना वसूल किया गया। इस दौरान एण्टी एसयूपी टीम लीडर मनोज कुमार द्वारा आस-पास के अन्य दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, भण्डारण, एवं विकय न करने की सख्त हिदायत दी। अभियान में प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन अरविन्द भारती, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विपन कुमार एवं पवन् कुमार सहित प्रवर्तन दल की टीम उपस्थित रही।

## छात्राओं को यातायात नियमों के सम्बन्ध में किया जागरूक




**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात रमेश सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात रामनिरंजन द्वारा यातायात माह नवम्बर-2024 जागरूकता अभियान के अन्तर्गत सेम्फोर्ड स्कूल सुलतानपुर में छात्राओं को यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। सिग्नल का पालन~ ट्रैफिक सिग्नल (लाल, पीला, हरा ) का पालन करना आवश्यक है। लाल सिग्नल पर रुकें, पीले पर सतर्क हो जाएं और हरे पर आगे बढ़ें। स्पीड लिमिट~ सड़क पर निर्धारित गति सीमा का पालन करें। यह सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर उन जगहों पर जहां लोग ज्यादा होते हैं या दुर्घटनाओं का खतरा होता है। **सुरक्षा बेल्ट का प्रयोग:** कार में हमेशा सीट बेल्ट पहनें। यह दुर्घटना के दौरान चोटों से बचने के लिए महत्वपूर्ण है।

# जागरूकता रैली को अपर जिला जज ने दिखाई हरी झंडी



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जनपद सुल्तानपुर के विभिन्न स्थान पर विधिक सेवा दिवस मनाया गया।

इसी क्रम में आज 9 नवम्बर को विधिक सेवा दिवस मौके पर आज सदर तहसील के मीटिंग हाल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि अपर जिला जज विजय कुमार गुप्ता ने संबोधित किया।उन्होंने कहा कि मुफ्त कानूनी सहायता के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का टोल फ्री नंबर 15100 डायल करके आप विधिक मदद ले सकते हैं। इसके अलावा भी राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा प्रदेश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा आप कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं ।विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि निर्धन जरूरतमंद व्यक्ति कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए ई-मेल करके, पत्र लिखकर, डीएलएसए के आफिस आकर मदद प्राप्त कर सकते हैं । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाइट देखकर आप उचित मदद ले सकते हैं। मध्यस्थ हरिराम सरोज ने कहा कि आज इंसान एक-दो फ़ीट जमीन के लिए वर्षो लंबी लड़ाई लड़ रहा है । जबकि अक्सर विवादों का समाधान समझौते से निकाला जा सकता है। डिफेंस काउंसिल नागेंद्र सिंह ने कहा कि आज जेल में निरुद्ध असहाय बन्दियों की मदद कर उन्हें रिहा कराया जा रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचनाः–

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-PRG-Gen-27-24-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2024 at 10:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-PRG-Gen-28-24-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2024 at 10:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-PFM-Gen-31-24-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2024 at 10:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-PYGS-Gen-30-24-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2024 at 11:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-PYGS-Gen-29-24-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2024 at 11:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-PFM-Gen-32-24-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2024 at 11:20 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3490/2024


# वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों का प्रयोग कर सकते हैं मतदान

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा करहल के उप निर्वाचन हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परंतु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। श्री सिंह ने बताया कि ऐसे मतदाताओं को पहचान के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको, डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एन.पी.आर. के अंतर्गत आर.जी.आई. द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लि.मि. कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदो, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यू.डी.आई. डी.) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 02.12.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| | निविदा सूचना संख्या | 12502024 दिनांक 08.11.2024 |
| 1. | कार्य का नाम | 1. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृत्य के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल इंजीनियर बनारस के अधीन डीडीयू–बीएमबी सेक्शन के बीएचबी–वीवाईएन ब्लॉक सेक्शन के लिए 758/21–23 पर गांव हृदयपुर के पास बड़े अतिक्रमण को खत्म करने के लिए सीमित ऊंचाई वाले सबवे का प्रावधान का कार्य।<br>2. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृत्य लखनऊ के अधिकार क्षेत्र के तहत एडीईएन–बीएसबी और एडीईएन–जेएनयू के अनुभाग में ट्रिम्बल गेडो वोर्सिस ट्रॉली सिस्टम या समान का उपयोग करके प्री और पोस्ट टैंपिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण और अद्यतन स्केल मेप का विकास का कार्य। |
| 2. | अनुमानित लागत | 1. रु. 5,84,11,704.17 2. रु. 1,47,33,417.60 |
| 3. | धरोहर राशि | 1. रु. 4,42,100.00 2. रु. 2,23,700.00 |
| 4. | कार्य समापन की अवधि | 1. स्वीकृत पत्र की तिथि से 12 माह<br>2. स्वीकृत पत्र की तिथि से 12 माह |
| 5. | निविदा डालने का प्रारंभ | 18.11.2024 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 02.12.2024 15:00 बजे |
| 9. | वेबवसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबन्धी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 3493/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मुसाफिरखाना, जनपद-अमेठी

पंत्राक : 998/पं0रा0वि0-पं0वि0आ0/निविदा-सूचना/2024-25 दिनांक- 25.10.2024

## अल्प कालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो की दिनांक-14.11.2024 को सायं 3.00 बजे तक मोहर बन्द दरें/निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक-13.11.2024 को पूर्वाहन 10.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक निर्धारित शुल्क नकद अथवा खण्ड विकास अधिकारी मुसाफिरखाना के पक्ष में बैंक डांफ्ट द्वारा भुगतान करके विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदादाताओं द्वारा अपनी मुहर बन्द निविदा दिनांक-14.11.2024 को सायं 3.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा जमा की जा सकती हैं। प्राप्त समस्त निविदायें दिनांक-14.11.2024 को विकास खण्ड कार्यालय में सायं- 3.30 बजे निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा के साथ जी0एस0टी0 पंजीकरण तथा 100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर फोटो सहित स्वघोषणा पत्र जो नोटरी द्वारा प्रमाणित हो भी संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र पर किसी प्रकार की कटिंग अथवा उपरिलेखन मान्य न होगा। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी मुसाफिरखाना को होगा। आपूर्ति की जाने वाली सामाग्री की मात्रा बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार करना होगा।

| क्र. स. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (2.00 प्रतिशत) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नारा अढ़नपुर में पक्की सड़क से पूरे दर्शन तक खड़न्जा मरम्मत कार्य। | 8.37 | 18000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 2 | दादरा में खड़न्जा से प्रद्युम मिश्रा के खेत तक खड़न्जा निर्माण कार्य। | 5.69 | 12000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 3 | करपिया में प्राथमिक पाठशाला से राजाराम पाल के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 7.34 | 13000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 4 | अनखरा में सी0सी0 रोड से प्रायमरी पाठशाला तक सी0सी0 मरम्मत कार्य। | 9.95 | 2000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 5 | भनौली में इण्टरलॉकिंग से चक्की तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 3.70 | 8000.00 | 500.00 | |
| 6 | कस्थूनी पश्चिम में कस्थान बाबा के स्थान पर अवशेष बारहदरी निर्माण कार्य। | 9.91 | 20000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 7 | सूरपुर में प्रायमरी पाठशाला के खड़न्जा का अवशेष कार्य। | 5.69 | 12000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 8 | दादरा के पूरे ऊदल में अरविन्द दूबे के खड़न्जा का अवशेष कार्य। | 5.69 | 12000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 9 | नाराअढ़नपुर के पूरे जबर में पक्की सड़क से विक्रमा के घर तक मिट्टी, सोलिंग कार्य। | 9.90 | 20000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 10 | कपूरचन्द्रपुर में जयशंकर तिवारी के घर से ओम प्रकाश सिंह के बाग तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 9.98 | 20000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 11 | कपूरचन्द्रपुर में पक्की सड़क से आदित्य सिंह के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 6.29 | 13000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 12 | पूरे पहलवान के पूरे गौतम में पक्की सड़क से पूरे उमराव तक खड़ण्जा मरम्मत कार्य। | 9.83 | 20000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 13 | विकास खण्ड परिसर के सभाकक्ष के सामने लोहे के गेट की स्थापना कार्य। | 1.90 | 4000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 14 | सादीपुर में भैरवनाथ मन्दिर पर आर0ओ0 स्थापना/निर्माण कार्य। | 8.97 | 18000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 15 | नारा अढ़नपुर के नौगीरे में शिवकुमार के घर से नाला तक नाली निर्माण कार्य। | 4.04 | 9000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 16 | कोछित में दण्डेश्वर मन्दिर के आगे तिराई में पुलिया निर्माण कार्य। | 7.89 | 16000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 17 | अढ़नपुर में सूरज के घर से ऊदल के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 6.02 | 13000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 18 | गाजनपुर में पक्की सड़क से अखिलेश मास्टर के दरवाजे तक नाली निर्माण कार्य। | 2.49 | 5000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 19 | पलिया में इण्टरलॉकिंग से कुंवर प्रदीप सिंह के घर से श्रीवास्तव के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 7.84 | 16000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 20 | गाजनपुर में राकेश के दरवाजे से बूढ़ादाई तक इण्टरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.72 | 20000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 21 | बेसारा पूरब में बद्री तिवारी के घर से मन्दिर तक इण्टर लॉकिंग कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 22 | रसूलाबाद प्राइमरी पाठशाला से रईस के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 23 | गुन्नौर में पक्की सड़क से गुसाई की मठिया तक खड़ण्जा मरम्मत कार्य। | 8.11 | 17000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 24 | नेवादा में थौरी पिचरोड से श्याम बहादुर की ट्यूबेल तक खड़ण्जा निर्माण कार्य। | 9.95 | 20000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 25 | कैटिल कैचर की आपूर्ति का कार्य। | 6.85 | 14000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 26 | पूरे प्रेमशाह में पक्की सड़क से सारदा के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 3.72 | 8000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 27 | दादरा में रामकरन के घर से जनार्दन के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 4.24 | 9000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 28 | निजामुद्दीनपुर में रिक्कू सिंह के दुकान से मछरिया तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 6.14 | 13000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 29 | दादरा में भीम प्रकाश मिश्रा के घर से रंगनाथ मिश्रा के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 2.68 | 6000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 30 | बरना में गोविन्द ओझा के घर से सोनू ओझा के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 6.02 | 13000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 31 | दुवरिया में सुरेन्द्र के घर से नदी तक नाली निर्माण कार्य। | 4.04 | 9000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 32 | दुवरिया में धरमू यादव के घर से राकेश के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 2.49 | 5000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 33 | पूरे प्रेमशाह में राजेन्द्र यादव के मकान से विजयभान के मकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 9.77 | 20000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 34 | पिण्डारा में शंकरजी के मन्दिर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 5.28 | 11000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 35 | दुवरिया में जय प्रकाश सिंह के घर से बहादुर सिंह के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 7.84 | 16000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 36 | पिण्डारा करनाई में पक्की सड़क से रामलखन शुक्ला के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 7.34 | 15000.00 | 1000.00 | 3 माह |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मुसाफिरखाना-अमेठी**

# डीएम ने फ्लाईओवर के बगल रोड की मरम्मत कार्य का लिये जायजा



फ्लाईओवर सर्विस रोड की मरम्मत का कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाये सुनिश्चित, लापरवाही व शिथिलता बरतने पर होगी कार्यवाही : जिलाधिकारी

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने आज फ्लाईओवर के बगल रोड की मरम्मत कार्य का औचक निरीक्षण किये, सड़क की मरम्मत का कार्य जल निगम द्वारा कराया जा रहा है, जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क की मरम्मत का कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, उन्होंने कहा कि सड़क के किनारे पतली पट्टी के गढ्ढों को भर दिया जाये, सड़क की मरम्मत के दौरान इस बात का विशेष ध्यान दिया जाये कि वर्षा का जल सड़क पर रूकने न पाये, वर्षा का जल सड़क पर रूकने से सड़क की गुणवत्ता जल्द ही खराब हो जाती है, इस दौरान जिलाधिकारी ने ओवर ब्रिज के नीचे खाली पड़े स्थान पर दोनों तरफ से बेरिकेटिंग करते हुए सौन्दर्यीकरण के कार्य हेतु प्रस्ताव बनाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, अधिशासी अभियन्ता जल निगम महेन्द्र सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह व सम्बन्धित निर्माण एजेन्सी के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

# 21 मण्डलों में संगठनात्मक चुनावी प्रक्रिया सकुशल सम्पन्न करने को हुई बैठक

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र की संगठन पर्व जिला कार्यशाला बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुयी बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि बाराबंकी जिला के पूर्व जिलाध्यक्ष व जनपद सोनभद्र भाजपा संगठन के जिला चुनाव अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव जी मौजूद रहे। बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व संचालन जिला मंत्री/जिला सक्रिय सदस्यता प्रमुख संतोष शुक्ला ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन पर्व के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक चुनाव होना है जिसमें 15 नवंबर से 30 नवंबर तक बूथ समिति का गठन करना है। जिसमें शक्ति केन्द्रवार चुनाव अधिकारी बनाये गये है जिनके



नेतृत्व में बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों का गठन होना है। और आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से काम करती है। जिसमें सभी जाति धर्म के लोगो को समानरुप से पार्टी में समायोजित किया जाता है अच्छा काम करने वाले कार्यकर्ताओं को उचित स्थान संगठन मे जरुर मिलता है हम सभी चुनाव अधिकारी जो बनाये गये है उनकी यह जिम्मेदारी बनती है कि सामाजिक समीकरणों को ध्यान मे रखते हुए कोई वर्ग विशेष छूटे न सबका समायोजन व भागेदारी संगठन में हो।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि ऐसे सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करता हूं जिनके अथक परिश्रम से जनपद सोनभद्र अब तक लगभग 2 लाख से अधिक सदस्य बनाये गये है जो भाजपा सोनभद्र के इतिहास में रिकार्ड है। और सक्रिय सदस्य भी लगभग 1500 से अधिक अब तक बन चुके है जो जनपद के लिए गौरव का विषय है। हर बूथ पर बूथ अध्यक्ष वही होगा जो अपने बूथ पर कम से कम 50 लोगो को भाजपा का सदस्य बनाया होगा।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने आये हुए सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए बताया कि जनपद के सभी 21 मण्डलों में संगठनात्मक चुनावी प्रक्रिया सकुशल सम्पन्न हो सके जिसके लिए सभी मण्डलों मे मण्डल चुनाव अधिकारी नियुक्त किये गये है जिनके मार्गदर्शन मे मण्डल के सभी बूथों व शक्ति केन्द्र के संयोजकों का चुनाव सम्पन्न करायेंगे। बूथ समिति में बूथ अध्यक्ष के अतिरिक्त 11 सदस्य होंगे बूथ अध्यक्ष समिति के सदस्यों मे से एक सचिव नियुक्त करेंगे। समिति व पन्ना प्रमुख बनाने मे महिला कार्यकर्ताओं का भी भागेदारी अवश्य रहे।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्या, ओमप्रकाश दूबे, अशोक कुमार मौर्या, रमेश पटेल, जिला चुनाव सह अधिकारी चांदप्रकाश जैन, अनिल सिंह गौतम, जिला सक्रिय सदस्यता सह प्रमुख अनिल सिंह, जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, अमरनाथ पटेल, जिला मंत्री विनोद पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह, विशाल पाण्डेय, सरजू बैसवार, अमरेश चेरो, अनूप तिवारी, बृजेश श्रीवास्तव, कैलास बैसवार, विनय श्रीवास्तव, सभी मण्डल अध्यक्ष व महामंत्री, मण्डल सदस्यता प्रमुख सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीजे का फ्रेम गिरने से मासूम बच्ची की मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** पड़ोसी के घर बर्थ डे पार्टी को लेकर लगाया गया डीजे एक मासूम बच्ची की मौत का सबब बन गया। कार्यक्रम निपटने के बाद दरवाजे पर खड़ा डीजे का फ्रेम खेलते समय बच्ची के ऊपर गिर गया। सिर में गंभीर चोटे आने से घायल बच्ची की इलाज के दौरान देर शाम जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतका की मां ने डीजे संचालक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। शहर के मेरापुर निवासी स्वामी प्रसाद निषाद के पड़ोसी योगेश कुमार डीजे संचालक है। उसके बच्चे का कल जन्मदिन था। योगेश ने दरवाजे पर डीजे लगाया हुआ था। कार्यक्रम निपटने के बाद डीजे का फ्रेम बाहर ही लगा रहा। शुक्रवार की शाम को पड़ोसियों के बच्चे डीजे फ्रेम के आसपास ही खेल रहे थे, तभी अचानक फ्रेम स्वामी प्रसाद की तीन वर्षीय पुत्री सुरभि के सिर के ऊपर गिर गया। जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में योगेश ही बच्ची को लेकर जिला



अस्पताल पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने बच्ची की हालत नाजुक देखते हुए उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। पड़ोसियों से सूचना मिलने के बाद बच्ची के परिजन भी अस्पताल भागे, उनके अस्पताल पहुंचते ही योगेश वहां से निकल गया। सुरभि की दादी कुसमा ने बताया कि बच्ची को कानपुर ले जाने के लिए स्वामी प्रसाद पैसों का बंदोबस्त करने निकल गया, जिसमें देरी हो गई और देर शाम बच्ची ने इलाज के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतका की मां उमा ने योगेश के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतका स्वामी प्रसाद के तीन बच्चों में सबसे छोटी थी।

### डीएम एसपी ने थाना समाधान दिवस पर सुनी फरियाद

**सोनभद्र।** महीने के द्वितीय शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन जिले के सभी थानों मे आयोजित किया गया, कोतवाली-राबर्ट्सगंज में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने थाना समाधान दिवस के मौके पर जनता की समस्याओं को बड़े सहज भाव से सुना और मौके पर मौजूद राजस्व विभाग के कर्मचारियों व पुलिस कर्मियों को को निर्देशित करते हुए कहा कि आपस में समन्वय स्थापित कर नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि अतिक्रमण सम्बन्धी समस्याओं को तत्परता के साथ निस्तारण किया जाये।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी संतान सुख और परिवार की सुख शांति

**लोक आस्था के महापर्व छठ का समापनः श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को दिया अर्घ्य, बच्चों और परिवार की सुख-शांति का मांगा आशीर्वाद**

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/अनपरा।** क्षेत्र में लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व, छठ पूजा का भव्य समापन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर किया गया। चार दिन तक चलने वाले इस पवित्र पर्व में व्रती महिलाओं ने श्रद्धा और निष्ठा के साथ निर्जल व्रत रखकर भास्कर भगवान और छठी मैया की उपासना की। चौथे और अंतिम दिन की विशेष पूजा में, हजारों श्रद्धालु घाटों पर उपस्थित होकर भोर होते ही सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करने पहुंचे। इस दौरान पूजा स्थल पर मेले जैसा उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा, जहां भक्ति और उल्लास से पूरा वातावरण गूंज उठा। अनपरा के प्रमुख छठ घाटों में कौवानाला अर्जुन छठ घाट विशेष रूप से चर्चित रहे। कौवानाला घाट पर रात भर देवी जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए दिखे। अर्जुन छठ घाट की समिति ने टेंट, लाइटिंग, म्यूजिक और बड़ी स्क्रीन जैसी व्यवस्थाएं बहुत ही संजीदगी से कीं, जिससे घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। दीपों की रोशनी से सजा हुआ घाट का दृश्य रात में अद्वितीय दिखता था।

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अपर्णा मिश्रा और नगर पंचायत अध्यक्ष श्री विश्राम बैसवार ने सभी घाटों का निरीक्षण किया और सुनिश्चित किया कि व्यवस्था सुचारू



रूप से चले। पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। सुबह पूजा के समापन के बाद सभी घाटों पर प्रसाद का वितरण किया गया। इस महापर्व में सामाजिक और सामुदायिक योगदान भी उल्लेखनीय रहा। विभिन्न समितियों के प्रमुख सदस्य, जैसे प्रदीप राय, आर जे खंडेलवाल, सुरेश शर्मा, रवि जीत सिंह, पंकज मौर्या, आत्माराम यादव, सुदिष्ट मिश्रा, श्री प्रकाश, माघवेंद्र सिंह, प्रमोद शुक्ला बाबा, ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

छठ पर्व की पौराणिक मान्यता के अनुसार, यह पर्व विशेष रूप से संतान सुख, स्वास्थ्य और परिवार की सुख-शांति के लिए किया जाता है। महिलाएं संतान की दीर्घायु और समृद्धि की कामना के लिए कठिन व्रत रखती हैं, जिसमें सूर्योदय और सूर्यास्त के समय अर्घ्य देना मुख्य होता है। इस पर्व में सूर्य देव की उपासना जीवनदायिनी ऊर्जा के स्रोत के रूप में की जाती है, जो सभी प्रकार के दुखों का नाश करती है और सुख-समृद्धि प्रदान करती है। इस वर्ष छठ पर्व ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि भारतीय समाज में आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं की जड़ें कितनी गहरी हैं, और ये त्यौहार सामाजिक एकता, सामूहिक प्रयास और धार्मिक भक्ति का प्रतीक बने रहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा विभाग ने विवादित शिक्षिका को विद्यालय से हटाया

**मौदहा, हमीरपुर।** बीते शुक्रवार को शिक्षिका को हटाने की मांग को लेकर बच्चों के साथ ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए सड़क जाम कर दी थी जिसके बाद विभाग ने विवादित शिक्षिका को वहां से हटाकर कस्बे सम्बद्ध कर दिया है। खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल वर्मा ने एक आदेश जारी कर बताया कि बीते 08 नवंबर को ग्राम सिजनौडा के बच्चों और ग्रामीणों द्वारा मौदहा तहसील के सामने रोड जाम करते हुए प्रा0वि0 सिजनौडा की प्रधानाध्पिका नेहा गुप्ता को विद्यालय से हटाये जाने एवं पुलिस द्वारा दर्ज किया गया मुकदमा वापस लेने के साथ ही शिक्षा विभाग मुर्दाबाद के नारे लगाये गये। जिस पर मुख्य सड़क का यातायात प्रभावित रहा। उसी मामले में उपजिलाधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी से विस्तार से बातचीत की गई, जिसके बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर द्वारा दूरभाष पर दिये गये निर्देश पर प्रा0वि0 सिजनौडा में अध्ययन रत बच्चो की शिक्षण व्यवस्था, ग्रामवासियो का विरोध और विद्यालय में उत्पन्न विवाद को देखते हुए नेहा गुप्ता को अस्थाई रूप से अग्रिम आदेशो तक कस्बे के शिक्षकविहीन विद्यालय प्रा0वि0 पूर्वी तरौस में सम्बद्ध कर दिया गया है।

### विकास विक्की गुप्ता को मीडिया प्रभारी (सांसद)नामित किया गया

**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी विकास विक्की गुप्ता को सांसद जितेंद्र दोहरे ने पार्टी के प्रति कर्मठता, मेहनत एवं लग्नशीलता को देखते हुए अपनी लोकसभा इटावा के मीडिया से समन्धित सभी कार्यो को देखने के लिए विकास विक्की गुप्ता को अपना मीडिया प्रभारी(सांसद)नामित किया है। सांसद इटावा द्वारा विक्की गुप्ता को लोकसभा क्षेत्र इटावा का मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, जिला महासचिव वीरू भदौरिया, सपा जिला उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, उत्तम सिंह प्रजापति, नरेंद्र कुशवाहा, रविन्द्र शुक्ला चच्चु, सिगरेश यादव, अनवार हुसैन, प्रवीन कुशवाहा, डा.संतोष राठौर, शहर अध्यक्ष अब्दुल माबूद अंसारी, सभासद अविनाश कुशवाह, उमेश राजपूत डुल्ले, आशीष पटेल आदि ने विक्की गुप्ता को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



### एस एस पी ने बसरेहर एवं थाना चौबिया का औचक निरीक्षण किया

**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने थाना बसरेहर एवं थाना चौबिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थानाध्यक्ष कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस अधिकारी/कर्मचारी आवास, भोजनालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण के लिए निर्देशित किया।



### नर सेवा नारायण सेवा के एक वर्ष पूर्ण होने पर भव्य भंडारे का आयोजन



**चोपन/सोनभद्र।** नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत हर शनिवार को खिचड़ी वितरण का संकल्प लेते हुए शनिवार दिनांक 9.11.2024 को एक वर्ष पूरा हो गया। इस विशेष अवसर को मनाने के लिए एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जहां सबसे पहले कैलाश मंदिर में विराजमान हनुमान जी का विधि विधान से पूजन अर्चन कर भव्य श्रृंगार किया गया तत्पश्चात भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया गया जिसमें समाज के जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। इस सेवा के पुनित कार्य में समाज के विभिन्न लोगों का सहयोग और आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख लीला देवी गोंड़ तथा विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली उपस्थित रहे। उन्होंने हर शनिवार सेवा कार्य में सहयोग देने वाले मौके पर उपस्थित सहयोगियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस सेवा का उद्देश्य केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में एकता, प्रेम और सहयोग का संदेश फैलाना भी है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इस सेवा कार्य की सराहना की और इसे समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत बताया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह,जुगैल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी , प्रदीप अग्रवाल, अमित सिंह, श्यामाचरण गिरी, दया सिंह, रजनीकांत सिंह, जगमंदर अग्रवाल,अजय गोयल, डॉ रुपेश बाजपेई, पिंटू मिश्रा, राधारमण पाण्डेय,जितू सिंह, रंजीत सिंह , रामनरेश चौधरी, राजेश अग्रहरी, बंटीं सिंह, गुड्डू सिंह गोड़, घनश्याम चौधरी, अश्विनी सिंह, रामदुलारे खरवार, नागेंद्र यादव, शुसील पाण्डेय,अनील शर्मा,गोलू सोनकर, सद्दाम कुरैशी, घनश्याम पाण्डेय, विनित शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नर सेवा नारायण सेवा के संयोजक मनोज चौबे ने सफल कार्यक्रम को लेकर सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी जरुरतमंद को भोजन कराना इससे बड़ा कोई धर्म नहीं है।

# डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस में की जनसुनवाई



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** थाना /समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने संयुक्त रूप से थाना कोतवाली नगर का निरीक्षण कर जनसुनवाई की। इस मौके पर प्राप्त जन शिकायतों / समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश संबंधित को दिए।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शिकायत रजिस्टर का अवलोकन कर गत समाधान दिवस के शिकायतो के निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि किसी एक प्रकरण की बार बार शिकायत नही मिलनी चाहिए इसलिए पहली बार में ही उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाय ताकि किसी को बार बार परेशान न होना पड़े। इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाने के विभिन्न रजिस्टरो का अवलोकन कर उसके संबंध में थाना प्रभारी तथा अन्य संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का 01 सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण कर दिया जाए ,इसमें कोई लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जमीनी विवाद के प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर उसका निस्तारण करे। पैमाइश एवं कब्जा दिलाने संबंधी शिकायतो का उसी दिन मौके पर पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाय। कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी दशा में पेंडेंसी न रखी जाए। कहा कि गंभीर प्रकरणों में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही की जाय।

# प्रान्तीय अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल का व्यापारियों ने किया स्वागत



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** प्रान्तीय अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल के इटावा पहुॅचने पर शनिवार को प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान के आवास पर व्यापारियों ने भव्य स्वागत किया। त्यौहारों पर सैम्पलिंग के नाम पर फूड विभाग व्यापारी उत्पीड़न कर अवैध वसूली की नियत से छापेमारी की कार्यवाही कर रहा है। फूड एक्ट की विसंगतियों पर बोलते हुए कहा की खाने-पीने के सभी सामान खेत से निकलकर आते हैं। खेती में डलने वाली रसायनिक खाद व कीटनाशक के मानक तय नहीं है सिंचाई में इस्तेमाल आने वाले भूगर्भ जल मैं भी भारी केमिकल इंबैलेंस है। सभी खाद पदार्थ फल सब्जी अनाज दाल मसाले आदि कृशि उपज पैदा करते समय खेती में अंधाधुंध कीटनाशक व रासायनिक खादों के इस्तेमाल होने के कारण प्राकृतिक रूप से अनेकों केमिकल अनियमितता होने वाली उपज में उत्पन्न हो चुकी है, जिससे खाद पदार्थो के मानक बदल गए हैं तब कृषि उपज से खाद्य पदार्थ बनाने वाला व्यापारी किस प्रकार दोषी हो सकता है। यह सोचने का विषय है, जब तक खेत में इस्तेमाल की जाने वाली रासायनिक खाद व कीटनाशक के मानक तय ना किए जाएं जब तक व्यापारियों के खाद्य पदार्थों की सेंपलिंग बंद की जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, शहर अध्यक्ष संजय वर्मा, जिला महासचिव रिषी पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, प्रदेश महिला मंत्री गुड्डी बाजपेयी, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अशोक जाटव, मु.इरशाद मेव, उद्योग मंच अध्यक्ष भारतेंद्र नाथ भारद्वाज, बृजेन्द्र यादव, अमित वर्मा महिला शहर अध्यक्ष ममता दुबे, महिला जिला उपाध्यक्ष किरण सोनी, अर्चना अग्रवाल, महासचिव रेनू श्री वास्तव, ज्योति पालीवाल, शहर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, मु दिलशाद, आमिर, युवा महासचिव अजीत कुमार, हबीऊरहमान, महिला संगठन मंत्री दीक्षा बाजपेयी, जैनुलाबदीन, पूजा श्री वास्तव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ब्यूटी पॉर्लर शरीर में चमक के साथ-साथ शरीर के पॉइंटो की मसाज कर अच्छा स्वास्थ बनाता है: श्रद्धा

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** पंजाब नैशनल बैक किसान प्रशिक्षण केन्द्र सैफई पर तीन दिवसीय सौन्दर्य प्रशाधन (व्यूटी पार्लर) के प्रशिक्षण में 40 बेटियाँ श्री तिरूपति बालाजी महाविद्यालय एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं व्यूटीशियन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। प्रशिक्षण पाएनबी के मण्डल प्रमुख नाथूराम बंजारा ने दीप प्रज्वालित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर एलएलएम के एम एम थेन्ली, डीडीएम नावार्ड अरूण कुमार, मेडीकल यूनिवर्सिटी के वित्त अधिकारी जगरोपन राम, आर के कन्नौजिया एवं नवार्ड के धर्मवीर उपस्थित रहे। केन्द्र के निदेशक विपिन यादव की देख-रेख में सौर्दय प्रशाधन का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक चलाया जा रहा है। पीएनबी के मण्डल प्रमुख नाथूराम बंजारा ने व्यूटी पार्लर की प्रशिक्षका श्रीमती श्रद्धा पटेल एवं बच्चों से प्रशिक्षण से सम्बधी जानकारी प्राप्त कर सतुष्टि हुए। जगरोपन राम वित्त अधिकारी मेडिकल यूनिवर्सिटी ने प्रशिक्षका श्रीमती श्रद्धा पटेल के प्रशिक्षण से खुश होकर भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा छात्राओं से कहां कि मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करों ऐसे प्रशिक्षक हमेशा नही मिलते। सौंदर्य प्रसाधन(व्यूटी पॉलर्र) का प्रशिक्षण श्रद्धा पटेल (कॉस्मेटोलॉजी, ट्रायलॉजी एवं इलैक्टोलॉजी)व्यूटी मंत्रा मेकओवर , पक्का तालाब, इटावा द्वारा त्वचा के पाचों प्रकारों की बारीकी से जानकारी देते हुए छात्राओं को प्रथम दिन थ्योरी एवं प्रेक्टिकली प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया तथा यह भी बताया कि सौंदर्य प्रसाधन शरीर में चमक ही नही ब्लकि यह थैरेपी का कार्य करती है जिससे स्वास्थ भी अच्छा होता है क्योंकि चेहरे, कानों तथा शरीर के अन्य हिस्से में पाइंट होते है जिससे पाइंटों की मसाज भी साथ में होती है। सौन्दर्य प्रसाधन(व्यूटी पार्लर) का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संकाय सदस्य राजेश गुप्ता एवं उनकी टीम के अथक प्रयासों से सफल बनाया जा रहा है।

# डीपीएस में बच्चों ने लिया फायर सेफ्टी का विशेष प्रशिक्षण

**(यूपी फायर सर्विस विभाग द्वारा बच्चों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण), सभी बच्चों के सवालों के दिए जवाब**



**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में शनिवार को फायर सेफ्टी विषय के तहत÷सुरक्षा एवं संरक्षा÷विषय के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें बच्चों को फायर सेफ्टी की विशेष जानकारी प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बच्चों को अग्नि शमन से जुड़े विभिन्न उपकरणों के बारे में विस्तार से बताया । उक्त प्रशिक्षण इटावा पुलिस के अग्निशमन विभाग एवम आपात सेवा केंद्र द्वारा प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सनद कुमार पटेल के दिशा निर्देशन मैं लीडिंग फायरमैन रामवीर सिंह एवम उनके सहयोगी सुभाष चंद्र द्वारा प्रदान किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण में सभी बच्चों को अग्नि सुरक्षा की जानकारी प्रदान करने के साथ अग्निकांड के आपात काल में क्या करें क्या न करें और किसी प्रकार की आग किस प्रकार के विशेष उपकरण या वस्तु से बुझेगी के विषय पर विशेष ध्यान देते हुए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण पूर्व विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रशिक्षण देने आए सभी फायर ऑफिसर का तिलक वंदन के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

### सभी बच्चों के सवालों के दिए जवाब

इस प्रशिक्षण में अधिकारियों द्वारा सुरक्षित रूप से कृत्रिम आग जलाकर उसे तत्काल फायर एक्सटिंग्विशन की मदद से फायर सर्विस यूनिट द्वारा आग को बुझाने का सुरक्षित डिमोनस्ट्रेशन दिखाकर समझाया गया। प्रशिक्षण के उपरान्त सभी बच्चों ने फायर ऑफिसर से विभिन्न जिज्ञासा भरे प्रश्न भी पूछे जिनका जवाब प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा दिया गया। इस दौरान फायर विभाग का अग्निशमन वाहन बच्चों के बीच आकर्षण का विशेष केंद्र बना रहा। इस अवसर पर प्रिंसिपल भावना सिंह ने कहा कि, यह विशेष अग्निशमन सुरक्षा प्रशिक्षण हमारे सभी बच्चों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ साथ जीवन में आने वाली हर एक विपरीत परिस्थिति से लड़ने के लिए तैयार भी करेगा। प्रशिक्षण उपरांत उन्होंने प्रभारी फायर ऑफिसर को विद्यालय परिवार की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण के इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# सीएम योगी ने किया आकांक्षा हाट का शुभारंभ





## त्योहार और परंपराएं हमारी विरासत का हिस्सा : योगी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आकांक्षा हाट 2024 का शुभारंभ किया। सीएम योगी ने महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह आयोजन राज्य में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और स्वयं सहायता समूहों को अपनी रचनात्मकता और उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आकांक्षा हाट 2024 उत्तर प्रदेश की आकांक्षा समिति के प्रयासों से आयोजित किया जा रहा है जो प्रदेश के सभी 75 जिलों में सक्रिय है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारे त्यौहार और परम्पराएं हमारी विरासत का हिस्सा हैं।

सीएम योगी ने सभी महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों की सराहना की। उन्होंने कहा, महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आकांक्षा समिति का यह प्रयास सराहनीय है। यह आयोजन न केवल महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करेगा बल्कि स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक होगा।

### आकांक्षा समिति के प्रयासों से महिला स्वावलंबन को मिल रही नई दिशा

आकांक्षा समिति, उत्तर प्रदेश के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों की पत्नी संघ का एक विकासशील अंग है, जो राज्य की महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। राज्य के सभी 75 जिलों में कार्यरत इस समिति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्व-रोजगार और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक अवसर प्रदान करना है। आकांक्षा हाट 2024 के माध्यम से यह समिति महिलाओं को अपने उत्पादों, कौशल, और शिल्प को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान कर रही है, जिससे वे अपने परिवार और समाज को आर्थिक रूप से मजबूत बना सकेंगी।

### संस्कृति और आर्थिक आदान-प्रदान का माध्यम है आकांक्षा हाट 2024

आकांक्षा हाट के माध्यम से जम्मू-कश्मीर सहित देश के विभिन्न राज्यों के उत्पाद भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जिससे सांस्कृतिक और आर्थिक आदान-प्रदान का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे त्योहार और परंपराएं हमारी विरासत का हिस्सा हैं। आकांक्षा हाट जैसे आयोजनों से हमारी संस्कृति और परंपराएं जीवित रहती हैं और नई पीढ़ी को प्रेरित करती हैं। इससे उत्तर प्रदेश की महिला उद्यमियों को न केवल नए कौशल और विचारों को सीखने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें अपने व्यवसाय को व्यापक स्तर पर विस्तार देने में भी सहायता मिलेगी।

### आकांक्षा हाट 2024 से वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने आकांक्षा हाट को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के लिए भी एक महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्व-सहायता समूह ह्ळ्ह्रक्क के माध्यम से स्थानीय उत्पादों की क्वालिटी, पैकेजिंग, और मार्केटिंग में सुधार कर सकते हैं। यह आयोजन न केवल स्थानीय उद्यमों को सशक्त बनाएगा बल्कि ह्ळ्ह्रक्क के तहत उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी पहचान दिलाएगा,। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक बदलावों को हाइलाइट करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि मीडिया को महिला सशक्तिकरण और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले सकारात्मक कार्यों को भी प्रमुखता देनी चाहिए। जब हम सकारात्मक पहलुओं को उजागर करेंगे, तो समाज में बदलाव की लहर तेज होगी और अधिक से अधिक महिलाएं इस दिशा में आगे बढ़ेंगी।

# कृषि मंत्री ने रबी फसल की बुवाई के लिए उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए

अवधनामा ब्यूरो



- कृषि मंत्री ने उर्वरक लेकर आ रही ट्रेनों की सुगम आवाजाही के लिए रेल मंत्री भारत सरकार से की बातचीत
- रबी फसल की बुवाई के मद्देनजर उर्वरक रैक की प्राथमिकता से उपलब्धता सुनिश्चित की जाए
- कम आपूर्ति वाले जिलों की एक सूची तैयार कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर उर्वरक भेजने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं
- वर्तमान में प्रदेश में 2.00 लाख मीट्रिक टन डीएपी और 2.47 लाख मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक किसानों के लिए उपलब्ध

**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रदेश में रबी फसल की बुवाई को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। शनिवार को विधान भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में कृषि मंत्री ने निर्देश दिए कि नवंबर माह के लिए भारत सरकार द्वारा आवंटित फास्फेटिक उर्वरकों की 100 प्रतिशत आपूर्ति की जाए। उर्वरक कंपनियों ने जानकारी दी कि पोर्ट से प्रदेश के लिए भेजी गई उर्वरक रैक को पहुँचने में अधिक समय लग रहा है, जिससे आपूर्ति में देरी हो रही है। पारादीप पोर्ट पर पर्याप्त उर्वरक स्टॉक होने के बावजूद, रेल रेक की अनुपलब्धता के कारण इस स्टॉक को प्रदेश के लिए समय पर भेजना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। इस पर कृषि मंत्री ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से दूरभाष पर वार्ता कर आग्रह किया कि रबी फसल की बुवाई के मद्देनजर उर्वरक रैक की प्राथमिकता से उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त, कृषि मंत्री ने उर्वरक मंत्रालय के सचिव रजत कुमार मिश्रा और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव देवेश चतुर्वेदी से प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों में कांडला पोर्ट से तथा अन्य ऐसे जिलों में, जहाँ किसानों द्वारा तेजी से बुवाई की जा रही है, उर्वरकों की आपूर्ति में प्राथमिकता दिए जाने के संबंध में भी चर्चा की। प्रमुख सचिव सहकारिता को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि इफको, कृभको और अन्य निजी क्षेत्र की कंपनियाँ कम से कम 30 प्रतिशत उर्वरक पैक्स के माध्यम से वितरित करें। सभी जिलों के जिलाधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि वे आवश्यकतानुसार राजस्व विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर किसानों को आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध कराएँ।

## अंजू बॉबी जॉर्ज ने एथलेटिका 2024 के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**लखनऊ।** सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने गुरू गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ में वार्षिक अंतर-स्कूल खेल चैंपियनशिप एथलेटिका 2024 का आयोजन किया। अर्जुन पुरस्कार विजेता और प्रसिद्ध भारतीय एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुईं। सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्रुप ऑफ स्कूल्स के नेटवर्क में 21 स्कूलों के 400 से अधिक छात्रों ने अंडर-12, अंडर-14 और अंडर-17 आयु वर्गों में विभिन्न ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताओं, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और शतरंज में भाग लिया। पूरव ओलंपियन और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2003 (पेरिस) में लंबी कूद के लिए कांस्य पदक विजेता पद्मश्री अंजू बॉबी जॉर्ज ने प्रतिभागियों को शिक्षा में खेल के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि खेल टीम वर्क, नेतृत्व, लचीलापन और दृढ़ता जैसे गुणों का पोषण करते हैं।

## आर.ओ- ए.आर.ओ. की परीक्षा दो दिन में कराने का निर्णय वापस हो

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी पीसीएस और आर.ओ-ए.आर.ओ. की प्रारम्भिक परीक्षा दो दिन में कराने के निर्णय को वापस लेने की प्रतियोगी छात्रों की मांग का कांग्रेस ने समर्थन किया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने परीक्षाएं दो दिन में कराने का निर्णय लिया है, जिसके विरोध में प्रतियोगी छात्र आंदोलन कर इस निर्णय को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से छात्रों की मांग पर एक ही दिन में परीक्षा कराने, नार्मलाइजेशन को खत्म कर शुचितापूर्ण तरीके से छात्रों की शंकाओं का निराकरण कर जल्द से जल्द परीक्षा करा पदों को भरने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि लोक सेवा आयोग जो पेपर लीक होने से नहीं रोक पा रहा था अब अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए नार्मलाइजेशन का सहारा ले रहा है। यूपी पीसीएस और आर.ओ.-ए.आर.ओ. की प्रारम्भिक परीक्षा दो दिन में कराने का आयोग ने फैसला लिा है। इसके बाद रिजल्ट नार्मलाइजेशन (मानकीकरण) के आधार पर घोषित किया जाएगा। श्री राय ने कहा कि लाखों प्रतियोगी छात्र भाजपा सरकार में प्रतियोगी परीक्षाओं में फैले भ्रष्टाचार से अपने भविष्य को लेकर सशंकित हैं। वह आयोग के नार्मलाइजेशन की नीति के खिलाफ आंदोलनरत हैं। आयोग की ओर से पूर्व में कॉपियों के हेर-फेर का मामला सामने आया था, जिसमें न्यायालय के दखल के बाद छात्रों को न्याय मिला था। श्री राय ने कहा कि भाजपा सरकार बेरोजगारों को रोजगार देना ही नहीं चाहती है। हजारों पद खाली पड़े हुए हैं। छात्र प्रयागराज से लेकर लखनऊ तक रोज किसी न किसी भर्ती परीक्षा को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

## कंप्यूटर प्रशिक्षण : युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई दिशा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** वफ़ा अब्बास के नेतृत्व में अम्बर फाउंडेशन ने "Be àßmà¿loyable" कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया, जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों को आगे की राह दिखाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत 1 अगस्त को हुई थी, और अब तक लगभग 750 बच्चों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। वफ़ा अब्बास के दूरदर्शी प्रयासों के चलते इनमें से करीब 25 बच्चे विभिन्न रोजगार से जुड़ चुके हैं। अम्बर फाउंडेशन का यह मुहिम लखनऊ के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनोवैज्ञानिक शाज़िया हसन, समाजसेवी ज़मानत अली, और संस्थान के मालिक आदिल उपस्थित रहे। शाज़िया हसन ने कहा, वफ़ा अब्बास और अम्बर फाउंडेशन के इस पहल से बच्चों को आत्मनिर्भर बनने में महत्वपूर्ण सहायता मिल रही है। ज़मानत अली ने वफ़ा अब्बास की प्रशंसा करते हुए कहा, वफ़ा अब्बास का यह प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक अनोखा कदम है। आदिल ने इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर लखनऊ के युवाओं को रोजगार की ओर अग्रसर करने में गर्व महसूस किया।

वफ़ा अब्बास ने बच्चों के शैक्षिक और कंप्यूटर कौशल विकास पर जोर देते हुए कहा, हमारा उद्देश्य है कि लखनऊ के बच्चे और युवा आत्मनिर्भर बनें और अपने भविष्य को सुरक्षित करें। उन्होंने यह भी बताया कि यह मुहिम धीरे-धीरे लखनऊ के विभिन्न मोहल्लों तक पहुंचाई जाएगी ताकि शहर के सभी युवा इसका लाभ उठा सकें। वफ़ा अब्बास ने इस ओरिएंटेशन के माध्यम से यह संदेश दिया कि अम्बर फाउंडेशन का उद्देश्य केवल रोजगार ही नहीं बल्कि समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाना है।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर वि.वि., आगरा को नैक में ए+ ग्रेड मिलने पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने दी बधाई



**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के मूल्यांकन में ए+ ग्रेड प्राप्त करने पर बधाई दी। उन्होंने इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए एक प्रेरणादायक और सराहनीय प्रयास के रूप में मानते हुए विश्वविद्यालय को उन्नति की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने की शुभकामनाएं दी हैं। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह सफलता न केवल डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि उत्तर प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए प्रेरणादायक भी है। उन्होंने प्रदेश के शैक्षिक संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त हो रही सफलता की सराहना की और इसे शैक्षिक उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### अब्बास रज़ा क़े चलिसवें की मजलिस आज

**लखनऊ।** ठाकुर गंज स्थित मुफ़्ती गंज जाफरिया कॉलोनी पार्क मे आज रविवार को सय्यद अब्बास रज़ा रिज़वी मरहूम की चालिसवें की मजलिस बरपा की जा रही है, मजलिस को मौलाना सैय्यद क़लबे जववाद नक़वी ख़िताब फरमाएगे. मजलिस ठीक बारह 30 पर तिलावते कलामे पाक से शुरू होगी.बताते चले की मुफ़्ती गंज जाफरिया कॉलोनी रसूल पुर हाउस निवासी मरहूम अब्बास रज़ा बेहद नेक और नमाज़ी परहेज़गार व गरीब परवर लोकप्रिय शख्स थे।

### किताब तारीखे सादात जैदपुर का विमोचन सोमवार को

**लखनऊ।** मौलाना आलिम मेहदी रिजवी जैदपुरी की शोध कर लिखी गयी किताब तारीखे सादात जैदपुर का विमोचन सोमवार को होगा। बाराबंकी के जैदपुर स्थित इमामबाड़ा सरकारे हुसैनी पूरबी ओर में होगा। इमदाद इमाम ने बताया कि विमोचन समारोह उलमा, शोअरा सहित स्थानीय नागरिक शामिल होंगे। विमोचन समारोह के बाद मौलाना आलिम मेहदी रिजवी की बहन और मौलाना तस्दीक हुसैन रिजवी इमामे जुमा बाबुल इल्म दिल्ली की पत्नी के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे छमाही आयोजित होगी। मजलिस को मौलाना सईदुल हसन नकवी खिताब करेंगे।

### भाषा विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह 18 को

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के 9वें दीक्षांत समारोह में प्रो. शिशिर सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। भाषा विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. रूचिता सुजॉय चौधरी ने बताया कि सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजिनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी (सीपेट) के डॉयरेक्टर जनरल प्रो. शिशिर सिन्हा ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के 9वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगें। भाषा विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 18 नवंबर को विश्वविद्यालय परिसर में माननीय राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की गरिमामई उपस्थिति में होगा। दीक्षांत समारोह के अवसर पर कुल 149 विद्यार्थियों को पदक प्रदान किया जायेगा। भाषा विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 जिसमें 2891पुरुष छात्र और 1463 महिला छात्र, व अन्तिम वर्ष में कुल 1430 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें कुल 61 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक जिसमें पुरुष छात्र को 22 और महिला को 39, 45 विद्यार्थियों रजत पदक जिसमें पुरुष छात्रों को 14 एवं महिला छात्रों को एवं महिला छात्रों को 31 के साथ ही 43 विद्यार्थियों को कांस्य मेडल जिसमें पुरुष छात्रों को 18 और महिला छात्रों को 25 मेडल के साथ ही कुल 54 पुरुष छात्रों को और 95 छात्राओं को भाषा विश्वविद्यालय परिसर में दीक्षांत समारोह में मेडल प्रदान किये जायेंगे।

## उत्तराखण्ड महोत्सव - प्रथम दिवस भव्य महोत्सव की शानदार शुरूआत

# मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तराखण्ड महोत्सव 2024 का आगाज लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों से आये झोड़ा के 24 दल यानि 500 महिला कलाकारों के द्वारा अपनी परम्परागत वेषभूषा में सुन्दर झोड़ा नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा दीप प्रज्जवलित कर उत्तराखण्ड महोत्सव 2024 का उद्घाटन किया गया। संस्था के अध्यक्ष हरीश चन्द्र पंत एवं महासचिव भरत सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर उत्तराखण्ड के सम्पूर्ण जनमानस की ओर से स्वागत अभिनन्दन किया। ''मैती'' आन्दोलन के प्रणेता पद्मडा0 कल्याण सिंह रावत को पर्यावरण के संरक्षण में अद्वितीय कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा हर वर्ष उत्तराखण्ड महापरिषद द्वारा दिया जाने वाला उत्तराखण्ड गौरव से नवाजा गया। पद्डा0 कल्याण सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण मानव के भविष्य की जरूरत है और उत्तराखण्ड के बुग्याल मानव की जीवन रेखा है, जिनका हमें ईमानदारी से संरक्षण व संवर्धन करना चाहिए। मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों का उत्तराखण्ड महापरिषद के अध्यक्ष हरीशचन्द पंत द्वारा स्वागत किया एवं मुख्यमंत्री के अनुराग के लिए आभार जताया। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में प्रवासी उत्तराखण्डियो को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि अपने गांव घरों से जुडाव बनाये रखें। उत्तराखण्ड को संवारने की भी आप सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। सभी को अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए।

## प्रत्येक परिवार में भगवान बुद्ध का एक अनुयायी होना चाहिए: मौर्य

- भगवान बुद्ध के शांति का मार्ग आज भी दुनिया को प्रेरणा दे रहा: ब्रजेश पाठक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि एक तरफ कई देशों में हिंसा की आग में झुलस रहे हैं। वहीं, हमारे प्रधानमंत्री न केवल शांति का संदेश दे रहे हैं बल्कि उस पर अमल भी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया ने युद्ध दिया और भारत ने बुद्ध दिया। भगवान बुद्ध के उपदेश शांति का मार्ग अपनाने पर जोर देते हैं, उनके उपदेश आज की तनावभरी जिंदगी तथा विश्व शांति के लिए और अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां तथागत के शिष्य होंगे वहां शांति होगी, विपश्यना होगी। उन्होंने कहा, प्रत्येक परिवार में भगवान बुद्ध का एक अनुयायी होना चाहिए। अगर शांति, विकास, रोजगार चाहिए तो बुद्धं शरणं से उत्तम कोई दूसरा मार्ग नहीं है।

मौर्य संस्कृति विभाग उ.प्र. के अधीन अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान और पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 03 दिवसीय इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव के शुभारम्भ के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व में शांति एवं सद्भाव बढ़ाने के लिए पालि साहित्य अत्यधिक उपयोगी है। इसलिए विश्व शांति एवं सद्भाव बढ़ाने में पालि साहित्य का योगदान विषय पर यह सम्मेलन रखा गया है। इसमें देश-विदेश से लगभग 800 से अधिक बौद्ध भिक्षु तथा विद्वान भाग ले रहे हैं। भगवान बुद्ध ने अपना उपदेश पालि भाषा में दिया। इस भाषा की प्राचीनता एवं महत्ता को देखते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पालि भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देकर इसका सम्मान बढ़ाया है। मौर्य ने कहा कि केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार प्रदेश में भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों जैसे सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कौशाम्बी और संकिसा का निरन्तर विकास कर रही है। कौशाम्बी में विपश्यना केन्द्र निर्माण की तैयारी प्रगति के अंतिम चरण में है। इसके अलावा मठ और स्तूपों के विकास के साथ-साथ पर्यटक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध ने तीन बातों पर जोर दिया था, जिसमें इच्छाओं का त्याग, क्रोध पर नियंत्रण तथा ज्ञान का विस्तार शामिल है। उनके उपदेशों पर अमल करते हुए जीवन में उतारने की आवश्यकता है। उ0प्र0 सरकार आम लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप हर कदम पर साथ खड़ी है।

इस अवसर पर उपस्थित प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भगवान बुद्ध ने मानवता, करूणा और प्रेम का जो संदेश दिया है, उसके लिए पालि भाषा को माध्यम बनाया।

## साई सेवकों के लिये बहुत ही सुखद रही लखनऊ की शाम

**लखनऊ।** शाम लखनऊ के साई सेवको के लिये बहुत ही सुखद रही। सभी का जज़्बा जैसे साई को पा लेने जैसा था। जे.सी. गेस्ट हाउस, निराला नगर में साई आश्रम ट्रस्ट लखनऊ द्वारा एक साई संध्या आयोजित करवाई गई। बाबा की भजनों से सेवा साई की मीरा, मीनू सचदेवा द्वारा सांय 6 बजे से प्रारंभ की गई। साई राम चले आओ..... साई मेरी रक्षा करना... .तुम हमारे हो हम तुमारे है साई ....आपकी कृपा से सब काम..... साई बाबा त्रिपुरारी...आदि भजनो से साई सेवको ने मानसिक रूप से शिरडी का एहसास किया। मीनू सचदेवा के साथ भजन मंडली के अन्य सदस्यों और जय शंकर वर्मा (बूटी काका) का सम्मान पटका पहना कर किया। परिवार के सदस्यों इंद्रेश सिंह, शिवराम त्रिपाठी, राजेश पटेल, अतुल मिश्रा, दानवीर दीपक, डॉ हिमांशु श्रीवास्तव, हरीश सनवाल, डॉ ऋतु जयसवाल, उमेश यादव, जितेंद्र श्रीवास्तव आदि ने बाबा को अपनी सेवा दीं। सुंदर दरबार नितिन गुप्ता ने सजाया।

## उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए किया जा रहा ठोस प्रयास

- जर्जर पोल व लाइन, मकानों को छूकर गुजर रहे बिजली के खुले तारों जैसी परिस्थितियों को तत्काल सही करें
- बिजली चोरी के खिलाफ के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई : ए.के. शर्मा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सभी विद्युत कार्मिकों को अपने क्षेत्र के जर्जर व झुके पोल, ढीली व जर्जर लाइनों तथा आवासीय मकान को छूकर जाने वाली बिजली के खुले तारों की विषम परिस्थितियों को तत्काल सही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली की ऐसी व्यवस्था से विद्युत दुर्घटनाएं होती हैं, जिसमें अधिकांशतः जनहानि, पशुहानि से लेकर आग लगने तक की दुर्घटनाए हो जाती हैं। विद्युत दुर्घटनाए कोई प्राकृतिक आपदा नहीं है, यह हमारी व्यवस्था की गड़बड़ियों की वजह से हो रही है, जिसे तत्काल सुधारा जाना चाहिए। इसके लिए अधिकारी नियमित रूप से अपने क्षेत्रों में जाकर विद्युत व्यवस्था की सघन मॉनिटरिंग करें। सभी डिस्कॉम बिजली चोरी के खिलाफ सघन अभियान चलाए। विद्युत चोरी रोकने के लिए बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाए। जिन क्षेत्रों में ऑर्गेनाइज्ड चोरी हो रही है, वहां पर सबसे पहले विद्युत चोरी रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। ऐसे में किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशान न किया जाए, जिन क्षेत्रों से बिजली चोरी की शिकायतें प्राप्त होती हैं, उसे चिन्हित कर चोरी रोकने हेतु प्रयास किए जाए। अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे क्षेत्र हैं, जहां 60 प्रतिशत से ज्यादा लाइन हानियां हैं, इसको कम करने के लिए ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करके विद्युत चोरी रोकने हेतु सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक स्वयं प्रयास करें और विजिलेंस व विभागीय स्तर से भी प्रयास तेज़ किए जाय। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा शनिवार को शक्ति भवन में विद्युत कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग न तो अपने राजस्व हानि की भरपाई कर पा रहा और न ही निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली ही कर पा रहा। उन्होंने विद्युत बकाएदारों से बिजली बिल वसूलने के लिए ठोस रणनीति बनाकर कार्य करने को कहा। विद्युत कनेक्शन देने में निर्धारित मानकों का सही से अनुपालन हो। लाइन और पोल की शिफ्टिंग में भी उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान रखा जाए।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए सौ करोड़ की वित्तीय मंजूरी

**लखनऊ।** प्रदेश के किसानों को कृषि क्षेत्र में जोखिम से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में नेशनल क्रॉप इन्श्योरेन्स प्रोग्राम (प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना) के अन्तर्गत धनराशि रु. 10619.00 लाख (रु. एक अरब छः करोड उन्नीस लाख) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस संबंध में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य कृषि में टिकाऊ उत्पादन को बढ़ावा देना है। किसानों को अप्रत्याशित घटनाओं के कारण फसल हानि/क्षति से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना। उनकी आय को स्थिर करना ताकि वे खेती में लगे रहें। किसानों को नवीन एवं आधुनिक कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना। कृषि क्षेत्र को ऋण प्रवाह सुनिश्चित करना, जिससे खाद्य सुरक्षा, फसल विविधीकरण और कृषि क्षेत्र की वृद्धि एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के साथ-साथ किसानों को उत्पादन जोखिमों से बचाने में भी मदद मिलेगी।

## लखनऊ महानगर संगठन चुनाव कार्यशाला में मंडल चुनाव अधिकारी घोषित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** महानगर संगठन चुनाव कार्यशाला का आयोजन डालीगंज के मानस मंदिर में किया गया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए लखनऊ महानगर चुनाव अधिकारी राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक 6 वर्ष में प्राथमिक और सक्रिय सदस्यों का नवीनीकरण करती हैं।सक्रिय सदस्यता नवीनीकरण के साथ ही संगठन पुनर्गठन का कार्य भी किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी में शामिल हम सब परिवार के रूप में कार्य करते हैं। सभी लोग मिलजुल कर संगठन की मजबूत संरचना के लिए बूथ, मंडल और जिला समिति का गठन करेंगे। संगठन चुनाव को विधिवत रूप से कराए जाने के लिए आज लखनऊ महानगर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। भारतीय जनता पार्टी में छोटे से छोटा कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि बनता है और देश का राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रधानमंत्री भी बनता है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी संगठन एक परिवार के रूप में कार्य करती है और जिस कारण से भारतीय जनता पार्टी केंद्र और राज्यों में सरकार बनाने में सफल हुई है। सम्बोधन के उपरांत नवीन जैन ने मंडल चुनाव अधिकारियों की घोषणा की।

नीरज सिंह ने कहा कि लखनऊ महानगर ने सदस्यता अभियान में इतिहास रचा है और 5,65000 से अधिक सदस्यों को जोड़कर लखनऊ में ही नहीं पूरा देश में सर्वाधिक सदस्यता करी है। सक्रिय व्यवस्था में भी 5032 की सूची प्रकाशित हो चुकी है। जिसमें लगभग 1500 सदस्य और जुड़ेंगे जिनके फॉर्म का सत्यापन चल रहा है और यह विश्वास है कि सक्रिय सदस्यता में भी लखनऊ महानगर प्रथम स्थान पर रहेगा।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बूथ रजिस्टर बनने पर जोर दिया। भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व 2024 के अर्न्तगत बूथ समितियों का गठन पारदर्शी, लोकतांत्रिक स्थितियों के अनुरूप 15 से 30 नवंबर के बीच तय अवधि में निर्वाचन अथवा सहमति के आधार पर किया जाना है। बूथ समिति में बूथ अध्यक्ष सहित कुल 12 सदस्य होंगे।

क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने कार्यशाला के समापन संबोधन में सभी का धन्यवाद व्यक्त किया।